चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-80, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य 16

मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हूं 2

रामनवमी

अयोध्या में राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया। रामलला के गर्भगृह को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया है। बुधवार को 12 बजे राम जन्म मनाया जाएगा। 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का मस्तकाभिषेक करेंगी। फोटो : प्रशांत शेखर

यूपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में 1016 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, इनमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल

सिविल सेवा परीक्षा में लखनऊ के आदित्य रहे टॉपर, अनिमेष द्वितीय

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से मंगलवार को सिविल सर्विस परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया गया। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिमेष प्रधान द्वितीय और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 1016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है।

यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। वहीं पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। टॉपर आदित्य ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' को चुना था। उन्होंने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ही स्नातक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) किया है। वहीं, राउरकेला स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी का वैकल्पिक विषय मानव विज्ञान था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

आदित्य पहले आईपीएस और अब आईएएस

लखनऊ। सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टाप कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। पिछले वर्ष उनका चयन आइपीएस के लिए हुआ था और वर्तमान में वे हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ की अलीगंज शाखा में हुई। वर्ष 2014 में इंटर में इन्हें 98.4 फीसदी अंक मिले थे। मां आभा श्रीवास्तव बताती हैं कि 12 वीं पास करने के बाद आदित्य का चयन आईआईटी कानपुर के लिए हो गया। वर्ष 2019 में कानपुर से बीटेक किया। सीएजी में ऑडिट ऑफिसर पिता अजय श्रीवास्तव बताते हैं कि आदित्य ने पिछले वर्ष दूसरे प्रयास में 226 रैंक प्राप्त की थी। पहले प्रयास में आदित्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में असफल रहे थे। पिता अजय ने यह भी बताया कि बीटेक करने के बाद आदित्य ने बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में कुछ दिनों तक सेवाएं भी दी थी। आदित्य श्रीवास्तव अपनी सफलता का श्रेय पिता और मामा को देते हैं। उनके मामा विनोद कुमार मसूरी स्थित आईएएस ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर रह चुके हैं। अजय श्रीवास्तव बताते हैं आदित्य ने फोन करके अपने टाप करने की जानकारी दी। का फोन आया। उसने परीक्षा में टॉपर होने की जानकारी दी। यह सुनकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। आदित्य की बहन भी दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है।

शीर्ष 25 में 10 महिलाएं

शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।

एक नजर

झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में गंडबल से बटवारा जा रही नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। नाव में स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोग सवार थे। वहीं हादसे का कारण नदी पार करने में मदद करने वाली रस्सी के टूट को बताया जा रहा है।

हेमंत सोरेन मामले में एक और गिरफ्तारी

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में ईडी ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अफशार अली के रूप में हुई है और ईडी ने कोर्ट से अनुमति के बाद उसे हिरासत में लिया है। यह इस मामले में चौथी गिरफ्तारी है।

एक सप्ताह में सार्वजनिक रूप से माफी मांगे रामदेव-बालकृष्ण : सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट ने कहा- आपका काम अच्छा लेकिन एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफ़ी मांगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को बातचीत के लिए आगे बुलाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय की है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी। कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने कोर्ट के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उच्चतम न्यायालय ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर कोर्ट ने अप्रसन्नता जताई थी। कोर्ट ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट जाते बाबा रामदेव। ● एजेंसी

भ्रामक विज्ञापन मामला

- रामदेव और बालकृष्ण ने व्यक्तिगत रूप से बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी

छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई, 29 नक्सलियों को मार गिराया

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के घटनास्थल से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। सुंदरराज ने बताया, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।



घटनास्थल पर खड़ा सुरक्षाबल का जवान।

असम राइफल्स और उग्रवादियों में मुठभेड़, एक जवान घायल

तिनसुकिया/गुवाहटी। असम के तिनसुकिया जिले में मंगलवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। तिनसुकिया के एसपी गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, आज सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास मार्गेरिटा के नामदांग में जवानों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई थी।

डॉक्टर से परामर्श के केजरीवाल के अनुरोध पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्त शर्करा स्तर घटने-बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली के सीएम ने किया आवेदन

दिल्ली की अदालत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अनुरोध वाले आवेदन पर मंगलवार को ईडी से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष दायर आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनका रक्त शर्करा स्तर घट-बढ़ रहा है और वह अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहते हैं। न्यायाधीश ने ईडी को 18 अप्रैल तक उसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उस दिन इस पर सुनवाई कर सकती है। याचिका के विरोध में ईडी के वकील ने दलील दी कि जेल में रोगियों के लिए सुविधाएं हैं तथा उनका चिकित्सा परीक्षण हो सकता है।

'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल से एक संदेश जारी कर कहा है मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं। सिंह ने जेल में केजरीवाल से किए जा रहे व्यवहार पर भाजपा) की आलोचना की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रतिशोध और दुर्भावना के चलते उन्हें तोड़ना चाहती है, लेकिन वह इन सबसे और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे।

शशांक और विश्वदीप को भाजपा ने दिया टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देवरिया से सांसद रमापति राम त्रिपाठी और फिरोजाबाद से चंद्रसेन जादौन का टिकट काटा

अमृत विचार : भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा की दो और उप्र. की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को दिया है। फिरोजाबाद से मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी ने ओपी श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। वहीं, गैंसड़ी विस. उप चुनाव के लिए से पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू, ददरौल से विधायक रहे मानवेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे अरविंद सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दुद्धी सीट पर श्रवण गोंडगों को टिकट दिया है। उप चुनाव के लिए लखनऊ में 20 मई, ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई और दुद्धी में एक जून को वोटिंग होगी।

कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है।

भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.8 %

वाशिंगटन, एजेंसी

- दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने घरेलू मांग बढ़ने और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

इसी अवधि में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ ने ''विश्व आर्थिक परिदृश्य'' के नवीनतम संस्करण में कहा, भारत में वृद्धि दर वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू मांग में निरंतर मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी से इस तेजी को बल मिलता है। मुद्राकोष ने यह रिपोर्ट आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बसंत बैठकों से पहले जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 5.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 5.2 प्रतिशत और 2025 में 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान की तुलना में थोड़ा बेहतर है। आईएमएफ ने अपनी जनवरी रिपोर्ट में 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके साथ ही मुद्राकोष ने चीन में वृद्धि दर 2023 के 5.2 प्रतिशत की तुलना में सुस्त पड़कर इस साल 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

इस सुस्ती के लिए महामारी के बाद खपत बढ़ने और राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे कारकों का असर कम होने और रियल एस्टेट में सुस्ती को जिम्मेदार बताया है। वैश्विक वृद्धि वर्ष 2024 और 2025 में भी पुरानी रफ्तार से जारी रहने का अनुमान है। वर्ष 2023 में अनुमानित वैश्विक वृद्धि 3.2% रही है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गॉरींशेस ने कहा, निराशाजनक अनुमानों के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था सशक्त बनी हुई है।

भाजपा, सपा और बसपा के सभी प्रत्याशी करोड़पति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से 42 उम्मीदवार यानि 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं । खास बात है कि भाजपा हो या सपा,बसपा का हर प्रत्याशी करोड़पति है। यही नहीं, छोटे दलों भी करोड़पति को ही प्रत्याशी बना रहें हैं। इस मामले में कांग्रेस पीछे है, इनके चार में से तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) ने दूसरे चरण में अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में मथुरा से भाजपा के टिकट पर हेमामालिनी चुनाव लड़ रही हैं, जिनकी संपत्ति करीब 278 करोड़ रुपये है। इसी तरह से बीजेपी के ही अलीगढ़ सीट के सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ है। मेरठ लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत की संपत्ति पांच करोड रुपये के आसपास हैं। उन्होंने बताया कि, दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.05 करोड़ है। पार्टियों की बात की जाये तो बसपा के आठ प्रत्याशियों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है। सपा के चार प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। इसके अलावा जय हिंद नेशनल पार्टी के दो प्रत्याशी मैदान में हैं, दोनो ही करोड़पति हैं। इसी प्रकार समाज विकास क्रांति पार्टी का इकलौता प्रत्याशी है वह करोड़पति है।

निर्दलीय भी अपराधी: संपत्ति की जानकारी देते हुए एडीआर के संजय सिंह कहा कि आपराधिक मामलों में निर्दलीय प्रत्याशी भी पीछे नही हैं। अलीगढ़ से निर्दल प्रत्याशी पं.केशवदेव गौतम पर पांच मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर सपा के बागपत सीट के उम्मीदवार अमरपाल हैं, नौ आपराधिक मामले है, वही दो आपराधिक मामलों के साथ मेरठ के प्रत्याशी हाजी अफज़ल तीसरे नंबर पर हैं।

निरक्षर प्रत्याशी मैदान में

यूपी इलेक्शन वॉच के संजय सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वर्तमान में भी साक्षर एवं निरक्षर लोग अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। दुसरे चरण में 33 प्रत्याशियों ने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं से 12वीं के बीच में घोषित की है। जबकि 52 उम्मीदवार स्नातक व परास्नातक घोषित हैं। वहीं, दो प्रत्याशियों ने खुद को डिप्लोमा धारक हैं। इसके अलावा दो ने खुद को साक्षर और दो ने खुद को निरक्षर घोषित किया है।

अपराधों में 21 लिप्त

संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इन 91 प्रत्याशियों में 21 ने अर्थात 23 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इन आठ सीटों पर सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं और चारों पर अपराध के मामले लंबित हैं। वहीं बसपा के आठ में से तीन (38 प्रतिशत), बीजेपी के सात में से दो, कांग्रेस के चार में दो अर्थात 50 फीसदी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने प्रत्याशी तीन उतारें हैं। इनमें से दो पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। इनमें से गंभीर मामलों की बात करें तो बसपा के 25 प्रतिशत उम्मीदवारों पर, बीजेपी के 29 प्रतिशत, सपा व कांग्रेस के 50-50 प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने 33 प्रतिशत प्रत्याशियों पर दर्ज हैं।

ऑरेंज कैप		
खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
सुनील नरेन (कोलकाता)	06	276

पर्पल कैप		
खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

आईपीएल-2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल 2024 में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन पहले स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग दूसरे, लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन तीसरे स्थान तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15 छक्कों के साथ 5वें स्थान पर हैं।

24

हेनरिक क्लासेन

रियान पराग
20

19

निकोलस पूरन
18

दिनेश कार्तिक

18

अभिषेक शर्मा

खेल डायरी

यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गयी

प्राचीन ओलंपिया (यूनान)। पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गयी। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गये। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिये रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक 'बैकअप' लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल' के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था।

सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

स्टुटगार्ट (जर्मनी)। पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमश: पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।

दीपिका सोरेंग को हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

डी गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं।

पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

लंदन। इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को भी टीम में शामिल किया गया है।

कोलकाता ने राजस्थान को दिया 224 रनों का लक्ष्य

सुनील नरेन ने 109 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेली, राजस्थान के आवेश और कुलदीप ने दो-दो विकेट झटके

सुनील नरेन

कोलकाता, एजेंसी

सुनील नरेन 109 रनों की तूफानी शतकीय पारी की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया हैं। मंगलवार को ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नरेन ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसेल 13 रन बनाकर आउट हुये। सुनील नरेन ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नरेन ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह नौ गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

कोलकाता नाइट राइडर्स :

सॉल्ट कॉट एण्ड बोल्ड आवेश	10
सुनील नरेन बोल्ड बोल्ट	109
अंगकृष का अश्विन बो के सेन	30
श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल	11
रसेल का जुरेल बो आवेश	13
रिंकू सिंह नाबाद	20
वेंकटेश का जुरेल बो के सेन	08
रमनदीप सिंह नाबाद	01

अतिरिक्त : 21 रन

कुल 20 ओवर में छह विकेट पर 223 रन

गेंदबाजी :

ट्रेंट बोल्ट	4-0-31-1
आवेश खान	4-0-35-2
कुलदीप सेन	4-0-46-2
युजवेंद्र चहल	4-0-54-1
रवि अश्विन	4-0-49-0

अंगकृष रघुवंशी

ऑस्ट्रेलिया से निपटने को बेहतर पासिंग की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी।

स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था : पोंटिंग

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है।'' आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।''

गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

अहमदाबाद, एजेंसी

- मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है। शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा।

आम्रपाली दुबे स्टारर कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स - अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी के बीच की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है।फिल्म में महानायक कुणाल सिंह सिंह की दमदार उपस्थिति भी है। निर्माता निशांत उज्जवल ने कहा कि फिल्म कभी खुशी कभी गम इंसानी रिश्तों की धूप छांव की कहानी है। ट्रेलर में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है, लेकिन जब दर्शक इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो दंग रह जायेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए एक बार फिर से आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी लकी चार्म साबित होंगी, जिन्हें दर्शक फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 2 के बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे। इनकी जोड़ी जब भी आती है, फिल्म का हिट होना तय माना जाता है, और वैसे भी यदि देखा जाए तो दोनों गजब की अदाकारा हैं, जिन्होंने चिंटू के साथ मिलकर फिल्म के ग्राफ को और भी बढ़ा दिया है। अब फिल्म को जल्द ही रिलीज करेंगे।

खेसारी की रंग दे बसंती 7 जून को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' 07 जून को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि सेंसर बोर्ड के प्रॉब्लम के बाद अब यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपने ओरिजिनल नाम के साथ ही 07 जून को पैन इंडिया सिनेमाघरों में होगी।इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, फिल्म मल्टीप्लेक्स में भी दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि अभी देशभर के मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म के ट्रेलर चल रहे हैं, जो पहली बार हुआ है, जब बॉलीवुड फिल्मों के बीच में ट्रेलर चल रहा है। यह फिल्म 250 से ज्यादा स्क्रीन पर पैन इंडिया रिलीज होने वाली है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ. कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है।

मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं अभिनेत्री आलिया भट्ट

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एसपी ने ड्यूटी के दिए टिप्स, चुनाव के लिए फोर्स रवाना

ब्रीफिंग में एसपी ने चुनाव आयोग के निर्देशों की दी जानकारी, हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

पुलिस लाइन में ब्रीफिंग में मौजूद पुलिसकर्मी।

पुलिसकर्मियों को टिप्स देते एसपी गणेश प्रसाद साहा व एएसपी नैपाल सिंह।

अमृत विचार: लोकसभा के पहले चरण का मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुलिस फोर्स बिजनौर और बुलंदशहर रवाना हो गया। फोर्स के रवाना होने से पहले एसपी गणेश प्रसाद साहा ने ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्हें ड्यूटी के टिप्स दिए। साथ ही चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को बताया।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल और दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लखीमपुर खीरी जिले से भी भारी पुलिस बल लगाया गया है। प्रथम चरण में बिजनौर के लिए 31 निरीक्षक, उपनिरीक्षक और 398 मुख्य आरक्षी आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई हैं, जबकि दूसरे चरण के बुलंदशहर में होने वाले मतदान में 21 इंस्पेक्टर, दरोगा और 444 मुख्य आरक्षी व आरक्षी मतदान सकुशल संपन्न कराएंगे। मंगलवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रथम व द्वितीय चरण में क्रमशः बिजनौर व बुलंदशहर में होने वाले मतदान संपन्न कराने में लगाए गए पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्हें ड्यूटी की बारीकियां बताई और जरूरी टिप्स दिए। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अनुशासन में रहकर अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और लगन के साथ करें। किसी के प्रलोभन आदि में न आएं, जिससे निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इसलिए अधिक से अधिक तरल व पौष्टिक आहार लें। ब्रीफिंग के दौरान ड्यूटी हेतु रवाना होने वाले सभी पुलिस कर्मियों को फल व पानी की बॉटल वितरित की गई। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर पुलिसकर्मियों को लाने व ले जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से रवाना किया। एसपी ने बताया कि दोनों चरणों में लगाए गए पुलिस बल का प्रभारी राजपत्रित अधिकारी गोला सीओ अजेंद्र यादव को बनाया गया है। ब्रीफिंग के दौरान एएसपी (पश्चिमी) नैपाल सिंह, सीओ सिटी रमेश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना ईसानगर क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस छानबीन कर रही है। थाना ईसानगर के गांव गणेशपुर निवासी ज्ञानू पांडेय (30) ने सोमवार की रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो उसका शव लटका देखा। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। रोने-चिल्लाने की आवाज पर तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिवार वाले घटना की वजह नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ विरोध करने पर मां को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

- चार लोगों के खिलाफ मझगई थाने में मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: थाना मझगई क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसे चार लोगों ने युवती को दबोच लिया। उससे अश्लील हरकत करने लगे। युवती की मां ने विरोध किया तो उसे भी धमकाया। शोर शराबा होने पर जब आसपास के लोग आए तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना मझगई क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ घर थी। घर के अन्य सदस्य काम करने गए थे। शाम करीब 06:30 बजे गांव के चन्द्रशेखर उर्फ सुधाकर, शुभम, रविकांत और ओमप्रकाश घर में घुस आये। गाली गलौज करते हुए पुत्री को दबोच लिया। आरोप है कि चंदशेखर उर्फ सुधाकर व शुभम उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकते करने लगे। उन्होंने जब विरोध किया तो ओमप्रकाश व रविकांत ने उसे घर के बाहर रोक लिया और हाथापाई करने की कोशिश करने लगे। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित महिला अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शरारती तत्वों ने तोड़ी आंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा, किया हंगामा

एसपी, सीओ सिटी मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों को समझा बुझाकर कराया शांत

घटनास्थल पर निरीक्षण करती पुलिस।

आंबेडकर प्रतिमा के टूटे पड़े अंग

घटना को लेकर ग्रामीण से पूछताछ करते एसपी गणेश प्रसाद साहा।

> प्रतिमा को फिर से सही करवाकर लगवा दिया गया है। अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> –रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

संवाददाता, फरधान

अमृत विचार: थाना फरधान की ग्राम पंचायत परसेहरा बुजुर्ग में सोमवार की रात शरारती तत्वों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जब यह कहा कि रिपोर्ट दर्ज न कराएं। वह दोनों प्रतिमाओं को बनवाकर खुद लगवा देगी। इस बात पर ग्रामीण भड़क गए और हंगामा करने लगे। सूचना पाकर एसपी और सीओ सिटी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह से मामला शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना ग्राम पंचायत परसेहरा बुजुर्ग गांव की है। गांव के बाहर अंबेडकर पार्क बना हुआ है, जिसमें काफी समय पहले से बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा लगी हुई है। सोमवार की रात शरारती तत्वों ने दोनों प्रतिमाएं कई जगह से तोड़ दी। सुबह जब ग्रामीण पार्क की तरफ गए तो उनकी नजर प्रतिमाओं के टूटे पड़े हाथ और पैर पर पड़ी। इसके अलावा भी कई जगह से प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। यह देख ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया। खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष कौशल किशोर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज करने की बात पर अड़ गए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस उन पर दबाव बना रही थी कि वह लोग रिपोर्ट दर्ज न कराएं। पुलिस खुद प्रतिमाओं को नए सिरे से बनवाकर लगवाएगी और शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। पुलिस की इस बात पर ग्रामीण भड़क गए और पुलिस के सुझाव को सिरे से नकार दिया। पुलिस के रवैये से नाराज कुछ लोगों ने इसकी शिकायत एसपी से की। सूचना पाकर एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की। एसपी ने ग्रामीणों को रिपोर्ट दर्ज कराने और घटना को कर माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग माने। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रतिमा को सही करा दिया गया है।

कार की टक्कर से घायल युवक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : सोमवार की देर रात नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से घायल बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। नगर से सटे ग्राम लाल्हापुर निवासी गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की देर रात उनका पुत्र राजेंद्र (30), गांव निवासी रामनिवास (35) भगौनापुर से बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे। लखीमपुर रोड हाईवे पर कुनौठिया के पास पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें राजेंद्र और रामनिवास सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे। गोला सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, रास्ते में ही रामनिवास की मौत हो गई। राजेंद्र का जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। घायल युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घर में घुसकर चुराए नकदी-जेवर

- खिड़की का दरवाजा तोड़कर घर में हुए दाखिल
- तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

संवाददाता, फरधान

कमरे में खुला बक्सा और बिखरा पड़ा सामान।

अमृत विचार: थाना फरधान क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर में सोमवार की रात चोरों ने खिड़की का दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुस गए। बक्सों व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी-जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना के बाद गांव में चोरों की दहशत है।

गांव जगन्नाथपुर निवासी राजपाल सिंह रोज की तरह सोमवार की रात भी अपने घर में सो रहे थे। रात किसी समय चोरों ने खिड़की का दरवाजा तोड़ दिया और घर के अंदर दाखिल हो गए। कमरों में रखी अलमारी, बक्सा आदि का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी, जेवर समेत करीब तीन लाख रुपये का माल बटोर लिया और भाग निकले। राजपाल सिंह के मुताबिक सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे और कमरे में गए तो देखा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी आदि के ताले टूटे पड़े थे। यह देख सभी के होश उड़ गए। चोरी की जानकारी होते ही गांव समेत क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षाफल वितरण कर मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में पुरस्कृत विद्यार्थी और अतिथि।

अमृत विचार: आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में हुए परीक्षाफल वितरण समारोह में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चन कर किया। मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य है। उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं देकर कहा कि भविष्य में यही बच्चे देश के उत्थान के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। संचालन प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया। विद्यालय की परीक्षा में प्राइमरी वर्ग में प्राची श्रीवास्तव, समीरा, रिद्धि शुक्ला, सोनू शाह, आन्या वर्मा, गुल्लपसा बानो, जूनियर वर्ग में सृष्टि, अनुष्का गौड़, सानिया अंसारी, इशिका सिंह प्रथम रहने के कारण मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि न्यू चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष आलोक तिवारी, ग्लोबल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, समाजसेवी सुनील वर्मा, राजीव गुप्ता, फैयाज अली, आकाश, चंदा, अनुष्का, शगुन, साहिबा परवीन, शिबा बानो, दरक्षा परवीन आदि मौजूद रहे।

नए भवन के लिए भूमि पूजन

गोला गोकर्णनाथ। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल से पूजन कर पंडित आनंद तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार से कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करती हैं कि विद्यालय अपने निजी भवन में शीघ्र पहुंचे। ताकि बच्चे सुचारू रूप से अध्ययन कर शिक्षा के जरिए सर्वांगीण विकास कर सकें।

सड़क पार कर रहे बच्चे पर पलटा ई- रिक्शा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में नौरंगाबाद रोड पर तेज रफ्तार ई-रिक्शा सड़क पार कर रहे एक छह साल के बच्चे के ऊपर पलट गया, जिससे उसकी नीचे दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके से भाग रहे चालक को कुछ दूर आगे जाकर पकड़ लिया और पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव सलेमपुर निवासी रंजीत ने बताया कि उनका पुत्र निहाल (6) मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे घर से सड़क की दूसरी तरफ स्थित दुकान पर घरेलू सामान लेने गया था। वापस आते समय वह सड़क पार कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बच्चे के ऊपर पलट गया, जिससे निहाल की नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसे कुछ दूर दौड़ाने के बाद पकड़ लिया और पिटाई की। घटना की सूचना पाकर परिजन और जेल गेट चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा पुलिस ने कब्जे में लिया हैऑ। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी परिवार वालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पंपिंग सेट में साड़ी फंसने से वृद्ध महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना खमरिया क्षेत्र के महेवा गांव में खेत में लगे पंपिंग सेट पर पानी पीने गई वृद्ध महिला की साड़ी का पल्लू पंपिंग सेट की व्हील में फंस गया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना खमरिया के गांव महेवा निवासी श्यामपति (62) के परिवार के लोग गन्ने के खेत की पंपिंग सेट लगाकर सिंचाई कर रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब आठ बडे श्यामपति खेत पर पहुंची। उन्हें प्यास लगी तो वह पानी पीने लगीं। इस दौरान उनकी साड़ी का पल्लू पंपिंग सेट में फंस गई। परिवार के लोग जब तक मौके पर पहुंचे और पंपिंग सेट को बंद करते। तब तक श्यामपति की मौत हो चुकी थी। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शार्ट सर्किट से आग, कमरे का सामान जला

संवाददाता, निघासन

कमरे में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी।

अमृत विचार: थाना निघासन क्षेत्र की पुलिस चौकी व कस्बा झंडी राज में मंगलवार को शार्ट सर्किट से कमरे के अंदर आग भड़क उठी। इससे उसमें रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।

कस्बा झण्डी राज निवासी कन्हैयालाल पटेल ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। वह लोग बाहर बैठे हुए थे। अचानक बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे घर में अफरा-तफरा मच गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचे। आग ने विकराल रूप ले लिया था। सूचना दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने आग बुझाई। मकान मालिक ने बताया कि आग से नगदी के साथ ही टीवी, फ्रिज, कपड़ा, बर्तन जेवरात आदि सामान जलकर नष्ट हो गया।

दूसरी ओर, तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनपुर के मजरा लोनिपुरवा में सोमवार की रात मच्छरों को भगाने के लिए लगाए गए अलाव से आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक भैंस, दो बकरी झुलस गई, जिसमें एक बकरी की मौत हो गई है। लोनिपुरवा गांव निवासी महेंद्र पाल ने अपनी पशुशाला में मच्छरों को भगाने के लिए धुआं किया था, जिससे पास लगी फूस की टटिया में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से एक भैंस, दो बकरी झुलस गई, जिससे एक बकरी की मौत हो गई। इस आग से उनके घर में रखा घरेलू सामान भी जल गया है। जानवरों को बचाने के प्रयास में उसकी मां फूलकली (65) के हाथ झुलस गये। आग की लपटें देख गांव के लोग आ गए, जिन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल शैलेन्द्र सिंह ने मौके का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को आग लगने की जानकारी दे दी है।

सार-संक्षेप

कर अधिवक्ता संघ के राजेंद्र अध्यक्ष, अतुल महामंत्री बने

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र यादव और महामंत्री अतुल कुमार मिश्रा।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : वाणिज्य कर कार्यालय शाहपुरा कोठी पर लखीमपुर खीरी कर अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का मंगलवार को चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए अधिवक्ता राजेंद्र यादव को अध्यक्ष और अतुल कुमार मिश्र को को महामंत्री चुना गया। अधिवक्ता साथियों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजेंद्र यादव और महामंत्री पद पर अतुल कुमार मिश्रा का चुनाव किया। इसके अलावा प्रमोद वर्मा उपाध्यक्ष, संदीप मिश्रा कोषाध्यक्ष और सुरेंद्र सक्सेना को उपमंत्री चुना गया।

जयपुरिया स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

स्थापना दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल का छठा स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें 350 मेधावियों को पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की। प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पेश की। छात्र मेधांश ने एकल गान और छात्रा हर्षिता चौहान ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने सामूहिक नृत्य और गान प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। स्कूल प्रबंधक आशीष गुप्ता ने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि हमें विद्यालय के हर सदस्य का प्यार मिल रहा है। हमारा प्रयास रहेगा कि शिक्षा जगत में कुछ अलग और अच्छा करने का। प्रियंका गुप्ता ने कहा बच्चों को पुरस्कृत करने से लेकर प्रेरित करना एक विशिष्ट अनुभव है। बच्चे शिक्षा के साथ अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर बच्चा एक विशिष्ट प्रतिभा से संपन्न है। उसकी प्रतिभा को पहचानकर उचित अवसर उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य और उद्देश्य है। गौतम पांडेय, सरफराज अहमद सहित छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

चोरी की बाइक बरामद, दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार

संवाददाता, संपूर्णानगर/महंगापुर, अमृत विचार : थाना संपूर्णानगर पुलिस ने बाइक चोरी कर नेपाल बिक्री करने ले जा रहे दो नेपाली युवकों को भारत-नेपाल सीमा पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान भेजा है। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि मंगलवार को चौकी प्रभारी खजुरिया संजीव कुमार तोमर फोर्स के साथ गस्त पर थे। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित इंद्रानगर बैरियर के पास घेराबंदी की और बाइक लेकर नेपाल जाने के लिए इंद्रानगर मझरा के पास पहुंचे आशीष राव निवासी पुनर्वास 10 कंचनपुर, और अनिकेत राना निवासी कंचनपुर विकास बस्ती औडा 10 पछकड़िया थाना टाउन जिला कंचनपुर (नेपाल) को गिरफ्तार कर लिया।

परेशानी पांच दिन प्रभावित होगा आवागमन, हर रूट पर बढ़ेगी परेशानी

मतदान के लिए अधिग्रहीत किए जाएंगे 2500 से अधिक वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के दौरान जिले के हर रूट पर लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ेगी। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार का कहना है कि करीब ढाई हजार से अधिक वाहनों को अधिग्रहीत किया जाएगा। जिले में 13 मई को मतदान है, जिसके लिए चार दिन पहले 10 मई से ही वाहनों को अधिग्रहीत कर लिया जाएगा ताकि चुनाव में भेजे जाने वाले वाहनों का रूट चार्ट तैयार किया जा सके।

जिले में खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान है। मतदान के लिए ढाई हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन लगाए जाने हैं। परिवहन विभाग ने एक महीना पहले ही वाहनों के अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी कर दिया था। अधिग्रहीत किए जाने वाले वाहनों में मैजिक, पिकअप, बसें, डीसीओ और भारी वाहन सहित करीब 2370 वाहन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ रिजर्व वाहन भी रहेंगे। सभी वाहन मालिकों को 10 मई दोपहर दो बजे के बाद निर्धारित स्थान पर वाहन भेज दिया जाए। अधिग्रहीत किए जाने वाले वाहन पोलिंग पार्टियों और पुलिस फोर्स, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट आदि के लिए लगाए गए हैं।

फूलबेहड़ और गूम का रूट किया निर्धारित

लखीमपुर-तिकुनिया बस ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष ने फूलबेहड़ और गूम तक बसों के न जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बसों को रूट और समय का निर्धारण करते हुए फूलबेहड़ और गूम तक बसों को संचालन अनिवार्य किया है। यदि यह बसें यहां नहीं जाएंगी तो उन्होंने तिकुनियां जाने का नंबर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखीमपुर से गूम और फूलबेहड़ के लिए हर दिन सुबह आठ बजे, दोपहर 12 बजे और शाम चार बजे बस रवाना होगी। लखीमपुर से फूलबेहड़ का किराया बीस रुपये, जबकि गूम का तीस रुपये निर्धारित किया है।

ट्रांसपोर्ट यूनियन ने फिर भेजा चुनाव आयोग को पत्र

लखीमपुर खीरी। डिस्ट्रिक्ट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने कहा है कि चुनाव ड्यूटी के बाद बसों का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे करोड़ों का बकाया है। इससे बस मालिकों को काफी घाटा हो चुका है, इसलिए इस बार बस ऑपरेटर्स लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में बसें नहीं भेज पाएंगे। उन्होंने इस आशय का पत्र मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजकर अवगत कराया है। कहा है कि विगत वर्षों में चुनाव ड्यूटी में लगी बसों का बकाया काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिल सका है। इस पर उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को भी ज्ञापन देकर कराया बकाया भुगतान की समस्या से अवगत कराया था। जिले से लेकर प्रदेश के अफसरों तक से बकाया दिलाने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इससे अब अंतिम निर्णय लिया गया है कि इस बार चुनाव ड्यूटी में कोई भी अपनी बस नहीं भेजेगा।

ये वाहन अधिग्रहीत होंगे

बसें	830
भारी वाहन	350
हल्के वाहन	880
डीसीएम	160
पिकअप	150
कुल वाहन	2370

> जिले में दो लोकसभा क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए 10 मई की दोपहर बाद से करीब ढाई हजार से अधिक वाहनों को अधिग्रहीत करने का नोटिस भेजा गया है। इसमें सभी रूटों के वाहनों को शामिल किया गया है। इस बार वाहनों के किराए में 40 फीसदी की वृद्धि की गई है। जो भी वाहन स्वामी इस नोटिस का पालन नहीं करेगा, उसके यहां पुलिस भेजकर वाहन को अधिग्रहीत कराया जाएगा। साथ ही वाहन स्वामी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –आलोक कुमार, एआरटीओ।

दुर्गाष्टमी का व्रत रखकर भक्तों ने मां महागौरी का किया पूजन

नवरात्र : मंदिरों से लेकर घरों में विधि विधान से हुए हवन पूजन, कन्याओं को दही जलेबी खिलाकर घर की उन्नति का मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: नवरात्र की अष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी पूजन हुआ। इसके लिए जिले भर के देवी मंदिरों में अलसुबह से लेकर शाम तक भक्तों का हुजूम उमड़ता रहा। आठवें दिन अधिकतर भक्तों ने घर से लेकर मंदिरों में हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराकर घर परिवार के लिए मंगलकामना की। ऐसे में पूरे दिन देवी मंदिरों में माता के जयकारों से लेकर घंटे घड़ियालों की ध्वनि गूंजती रही।

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन दुर्गाष्टमी पर माता महागौरी का घर से लेकर मंदिरों में पूजन हुआ। भक्तों ने अंतिम दिन का उपवास रखकर हवन और यज्ञ किया। मां के भक्तों ने मंदिरों से लेकर घरों में कन्याओं को भोज कराया। देवी मंदिरों में अष्टमी का पूजन करने के लिए सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। विधि विधान से माता के आठवें स्वरूप का पूजन कर घर परिवार के लिए श्रृद्धालुओं ने मंगलकामना की। संकटा देवी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक हवनू पूजन से लेकर कन्याओं को भोज कराने का सिलसिला चलता रहा। संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि देवी दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी ही उपासना होती है। इनका वर्ण गौर है,इसलिए इन्हें महागौरी कहा जाता है। इनके गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है। मान्यतानुसार कठिन तपस्या से ही मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। तभी से इन्हें उज्जवला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया।

संकटा देवी मंदिर में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप का पूजन करते भक्त।

कन्याओं को भोज कराती युवती। अमृत विचार

आठवें दिन महागौरी स्वरूप की हुई पूजा

संवाददाता पलिया कलां। अमृत विचार : नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी स्वरूप की नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों ने पूजा- आराधना की। मंदिरों एवं घरों पर नौव्रती भक्तों ने पूजन- हवन भी किया। नगर के पांडे बाबा स्थान पर बने देवी मंदिर के पुजारी गणेश शंकर पांडे ने बताया कि मंगलवार की सुबह मंदिर खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने देवी प्रतिमा के दर्शन किए। विधिवत पूजा -अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया एवं आरती की। मोहल्ला काकूपुरियान चौराहे के निकट स्थित प्रसिद्ध श्रीकुल आश्रम में स्थित देवी मंदिर के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि महागौरी की पूजा करने के बाद बुधवार को दुर्गा सप्तशती के सिद्धमंत्रों से हवन करने, गुरुवार को कन्या भोज व ब्राह्मण भोज के बाद भंडारा होगा।

नवरात्र पर हुई रूप सज्जा प्रतियोगिता, विजेता पुरस्कृत

लखीमपुर खीरी। नवरात्र एवं रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को सरस्वती शिशु वाटिका में रुपसज्जा प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारंभ मां दुर्गा की आरती कर हुआ। मुख्य अतिथि शिशु मंदिर की पुरातन छात्रा वंदना सिंह एवं विशिष्ट अतिथि स्वाती गुप्ता रुप सज्जा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने छात्रों को श्रीरामनवमी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रूप सज्जा प्रतियोगिता में 45 छात्राएं माता का स्वरूप और 10 छात्र श्रीराम का स्वरूप रखकर आए। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जबकि अन्य को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षिकाओं और छात्रों की माताओं ने डांडिया किया। संचालिका हीरा सिंह, पूनम सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शिशु वाटिका में हुई रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

रामनवमी पर होगा भंडारा

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर की खुटार रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर में रामनवमी पर 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे भोग और आरती के बाद सुभाष किराना स्टोर और गर्ग ऑटो द्वारा भंडारा कर प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक दौलतराम अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, संजय गर्ग, अजय गर्ग, पंकज गर्ग, अतुल अग्रवाल ने लोगों से प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है।

डॉ. हेडगेवार स्कूल में हुआ कन्या भोज कार्यक्रम। अमृत विचार

नवरात्र पर विद्या भारती के स्कूलों में हुआ कन्या भोज

लखीमपुर खीरी। सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के साथ श्रीराम नवमी मनाई गई। छात्राओं ने श्रीरामनवमी पर भजन व भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी देकर उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्र सेविका समिति की नगर कार्यवाहिका विनीता त्रिपाठी, इतिहास संकलन समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित, नगर उत्सव प्रमुख रुपाली शुक्ला एवं प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने छात्राओं को रामनवमी की शुभकामनायें देकर अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आचरण को धारण कर जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। संचालन संध्या पांडेय ने किया। उधर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में दुर्गाष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र छात्राओं को नवरात्र और श्रीराम नवमी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराकर उपहार दिए गए।

सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में कन्याओं को चुनरी ओढ़ाती प्रधानाचार्य।

प्रपत्रों में हेरफेर कर दूसरी बार परीक्षा देने वाले पकड़े गए छात्र और छात्राएं

जवाहर नवोदय विद्यालय: वर्ष 2023 की परीक्षा में भी शामिल हुए थे ये सभी छात्र-छात्राएं

▸▸ प्रधानाचार्य ने प्रवेश निरस्त कर डीएम से लेकर लखनऊ मुख्यालय भेजी सूचना

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: जवाहर नवोदय विद्यालय की चयनित सूची में शामिल आठ छात्र छात्राएं ऐसे चिहिंत हुए हैं, जो अवैध रूप से प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे। प्रधानाचार्य ने चिन्हित छात्र छात्राओं का प्रवेश निरस्त कर इसकी सूचना डीएम सहित उपायुक्त जवाहर नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ को भेज दी है।

कस्बा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह में प्रवेश के लिए पिछले साल परीक्षा हुई थी। विद्यालय की 80 सीटों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में कक्षा पांच में अध्ययनरत 4289 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जबकि पंजीकरण 8705 ने कराया था। इसके लिए 16 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। दो अप्रैल को घोषित रिजल्ट की पहली सूची में 53 छात्र और 27 छात्राएं चयनति हुई। इसमें बेहजम ब्लॉक के 11, मितौली के 10, पलिया के आठ, निघासन व कुंभी ब्लाक के सात-सात, पसगवां के छह, लखीमपुर के पांच, फूलबेहड़ के पांच, बांकेगंज के पांच, बिजुआ के चार, धौरहरा के चार, नकहा के तीन, रमियाबेहड़ व मोहम्मदी के दो- दो और ईसानगर ब्लॉक का एक छात्र शामिल है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों की चेकिंग में आठ छात्र अवैध रूप से प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर चयनित सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे। दूसरी और तीसरी बार प्रवेश परीक्षा में शामिल होने पर इन सभी का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय।

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हुई जांच में बेहजम, मितौली, पसगवां, ईसानगर आदि ब्लॉक के कुल आठ छात्र छात्राएं ऐसे मिले हैं, जिन्होंने दूसरी बार प्रवेश परीक्षा दी है। इन बच्चों के कागजातों के साथ छेड़छाड़ कर दोबारा परीक्षा दिलाई गई है। इस तरह रिपीटर बच्चों का प्रवेश किसी भी हालत में नहीं लिया जाएगा। जांच अभी चल रही है। इस तरह के अन्य बच्चे मिलने पर उन्हें भी प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा।

-संजीव कुमार सक्सेना, प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली

कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहि...

▸▸ छोटी काशी के सांस्कृतिक मंच पर पहले दिन हुआ सुंदरकांड पाठ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार : छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के उद्घाटन के बाद रात के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पहले दिन सुंदरकांड पाठ हुआ, जिसमें श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों का संगीतमयी पाठ किया गया। सोमवार शाम जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू, सभासदों उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन के बाद अतिथियों ने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। नगर निवासी बृजेश तिवारी एवं पार्टी के द्वारा संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ में कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहि होय तात तुम पाहीं का गायन करते हुए बृजेश कुमार तिवारी, सरोज मिश्रा, महेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, मिथलेश कुमार तिवारी ने रामचरित मानस की चौपाइयां पढ़ीं। आर्गन पर अनिल झा, ढोलक पर रिजवान, पैड पर सफीक ने साथ दिया। सुंदरकांड पाठ सुनकर श्रोता भक्तिरस से सराबोर हो गए। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया। भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सीओ अजेंद्र यादव, सभासद नानकचंद वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र बाल्मीकि, सुशील, आशीष, आनंद, हरिओम, मोहित, नसरीन, रियाजुद्दीन, दानिश, सूफियान, शाहिद, इजरान, राजेश, अनिल, हर्ष अवस्थी, सौरभ, शोभित, राजेश,नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

छोटी काशी के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात आठ बजे से।

भंडारा बनाते समय फटा गैस सिलेंडर, घर जलकर स्वाहा

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : गांव फरसहिया निवासी आदर्श भार्गव के घर अखंड पाठ आयोजित हुआ था। उसके समापन के बाद मंगलवार को भंडारे का आयोजन था। प्रसाद तैयार करते समय अचानक सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। पूरा घर आग की चपेट में आ गया। घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। घर में रखा हजारों रुपया, कीमती सामान आदि जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं, अनुराग यादव पुत्र इंद्रजीत सिंह यादव निवासी डी-882 विश्व बैंक बर्रा, कानपुर नगर यूपी-208027। मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर अवनी यादव से अनाया यादव रखा है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AVADESH से बदलकर AVADHESH RAJBHAR रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। AVADHESH RAJBHAR S/O RAMDHARI निवासी माया देवी, भरपुरवा पिपराइच, गोरखपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित उम्र करीब 28 वर्ष तथा बहू कामिनी पत्नी अमित उम्र 25 वर्ष को गलत चाल चलन के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-नरेश पुत्र सिरदार वाल्मीकि, निवासी- मोहल्ला- सैय्यद वाड़ा, शाहाबाद जिला हरदोई**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं राममिलन पुत्र जागेश्वर निवासी खेड़ासिलाजीत तहसील सरीला जनपद हमीरपुर, उ0प्र0। मैंने वर्ष 2010 में हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 1682161 से उत्तीर्ण की थी। मेरे अंक पत्र में पिता का नाम JAGESHWAR PRASAD अंकित है। JAGESHWAR PRASAD व JAGESHWAR दोनों नाम मेरे पिता के हैं। जो किसी अन्य के नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मुनव्वर व बहू नाजिया बानो को उनके गलत आचरण व व्यवहार से त्रस्त होकर, अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब दोनों का मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **शफीकुन्निशा पत्नी इस्लाम अली निवासिनी-भांव, जिला- रायबरेली।**

सूचना

मैं SHAHABUDDIN पुत्र JALALUDDIN निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHABUDDIN से बदलकर SHAHABUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे SHAHABUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनोज यादव पुत्र दूधनाथ यादव ग्राम घघवा जगदीश जंगली पट्टी कुशीनगर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तिवारी अंजली सतीश चन्द्र से बदलकर अंजली त्रिपाठी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अंजली त्रिपाठी पुत्री सतीश चन्द्र तिवारी ग्राम दहरौली बुजुर्ग, पोस्ट पिपरा कछार, जिला देवरिया।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **स्निग्धा अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी, नि0-बावन बुजुर्ग बल्ला, तह0- महराजगंज, रायबरेली,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम कु0 स्निग्धा अंकित है। जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक में स्निग्धा अवस्थी अंकित हैं। अतः मुझे स्निग्धा अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र राजेश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह व पुत्र-वधू रेशू देवी के आचरण चाल-चलन, व्यवहार एंव कर्ज देनदारी से परेशान होकर उक्त दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर उनको अपनी चल- अचल सम्पत्ति से सदैव के लिए बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी अच्छे, बुरे कार्यो व लेन-देन आदि से शपथी व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **सत्यपाल सिंह पुत्र स्व0 मिहीलाल नि0 ग्राम तेन्दुआ परगना व थाना व ब्लाक मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

सूचना

मैं JALALUDDIN पुत्र RAJJAK निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD JALALUDDIN से बदलकर JALALUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे JALALUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

सूचना

मेरे पांच पुत्र हैं। क्रमशः हुसैन खान, हसन खान, हामिद खान,हाशिम खान, उस्मान खान। जिसमें चार पुत्र हुसैन खान, हामिद खान,हाशिम खान,उस्मान खान मेरी देखरेख सेवा टहल करते हैं। जबकि पुत्र हसन खान का चाल चलन ठीक नहीं है। उसके खिलाफ थाने में आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। वह आये दिन मुझे, मेरी पत्नी व अन्य बच्चों को मारता पीटता रहता है। आपराधिक कार्य करने व परिवार को फंसाने की धमकी देता है। इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हसन खान को आज 16.04.2024 से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगों का हसन खान से कोई वास्ता नहीं रहेगा। हसन खान किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जुनैद खान पुत्र शब्बीर खान, निवासी- पिण्डरा, प.त. व थाना- पट्टी, जिला - प्रतापगढ़, उ.प्र.।**

सार-संक्षेप

संसारपुर में रैली निकालते कॉलेज के विद्यार्थी। अमृत विचार

विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार : कस्बा संसारपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोबरन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियां ने कस्बे में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। सोबरन इंटर कॉलेज परिसर में ब्रांड एंबेसडर रामपाल निषाद, चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक करने के अभियान में सभी व्यक्तियों से अपना वोट बनवाने का आह्वान किया। विद्यालय के छात्रों ने हाथों में मतदान संबंधी विभिन्न स्लोगन लिखे नारे लेकर लोगों को जागरूक किया। जागरूकता रैली में हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव, अनुज गुज्जर, प्रधानाचार्य गिरजा शंकर वर्मा, भुवनेश प्रताप वर्मा, वेदप्रकाश पटेल, यज्ञदत्त त्रिवेदी, संगीत कुमार त्रिवेदी, रणवीर सिंह, मोहित मिश्रा, नितिन कुमार शर्मा, संदीप कुमार मौर्य, गीता वर्मा, अर्चना वर्मा, विनीता वर्मा, प्रतिभा वाजपेई, देव प्रकाश वर्मा, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद की अध्यक्ष रूचि व सचिव बने प्रबोध

भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एक मैरिज लॉन में हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पेश कर सभी का मनमोह लिया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने अध्यक्ष रचि रितुराज सहित सचिव प्रबोध शुक्ला, संयोजिका शालिनी मिश्र, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान, सह सचिव डॉ. निमेष शुक्ल, राजकुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी दिव्येश मिश्रा, शिवम सिंह बघेल, डॉ. अंजनी मिश्रा, डॉ. सुप्रिया मिश्रा, विपुल सेठ को शपथ दिलाई। समारोह में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने भी परिषद की सदस्यता लेकर समाज सेवा का संकल्प लिया। विभाग प्रचारक अभिषेक ने कहा कि हमें राष्ट्र में सेवा करते हुए लोगों को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ाना है। सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अरविंद सिंह संजय, यज्ञ दत्त मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्र, मनोज मिश्रा, पुष्पा सिंह, दिव्या सिंह, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, अभिजात मिश्रा, डॉ. पारूल त्रिवेदी, प्रांतीय अधिकारी मानवेंद्र सिंह, राजकुमार त्रिवेदी, शिवाकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. नमिता श्रीवास्तव ने किया।

सबको धन-धान्य से पूर्ण करते भगवान जगन्नाथ

संवाददाता, बिझौली, अमृत विचार : चैत्र माह के पहले सोमवार को भगवान जगन्नाथ का नवान्न से पूजन किया। भगवान जगन्नाथ कृष्ण का ही एक रूप है। उनके साथ ही बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा का पूजन किया गया। टेसू के फूल चढ़ाकर अमिया जौ की बाली और गुड़ का भोग लगाया। महिलाओं ने जगन्नाथ जी का चित्र और उनकी बेंत की छड़ी को सहेज कर रख लिया। गुड़धनिया और पूड़ी से भोग लगाया जायेगा। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की साधना करने वालों के जीवन में सदैव समृद्धि रहती है। गेहूं की सात बालियां, कच्चे आम, गुड़धनिया, गुझिया, खीर, दही, हलवा पुरी का प्रसाद चढ़ाया। सीमा सिंह, आशा, नीरज श्रीवास्तव, अनुप्रिया, डाली सिंह, रेखा सिंह, रागिनी सिंह, अंजली, सोनिया आदि मौजूद रहीं।

अनुपस्थित 142 कार्मिकों पर हो सकती है कार्रवाई

सीडीओ ने दिया अंतिम मौका, कहा- बुधवार को लें प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धर्मसभा इंटर कॉलेज में कार्मिकों का दूसरे दिन का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। दूसरे दिन करीब 142 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। सीडीओ ने उन्हें अंतिम मौका देते ही कड़ी चेतावनी जारी की है। कहा है कि अनुपस्थित सभी कर्मचारी बुधवार को दूसरी शिफ्ट में प्रशिक्षण लें अन्यथा उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए डीएस कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 2001 से 3000 तक और द्वितीय पाली में कोड संख्या 3001 से 4000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रथम पाली में 63 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रथम दिन अनुपस्थित रहे 10 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ कॉलेज के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीडीओ ने पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने की विस्तार से जानकारी दी। मतदान प्रारम्भ होने पर पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया भी समझाई। निरीक्षण के दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी विपिन चौधरी, राजेंद्र श्रीवास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई मौजूद रहे।

धर्मसभा इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण स्थल पर कार्मिकों को निर्देशित करते सीडीओ।

नामांकन कल से, 29 अप्रैल तक नाम वापसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ)/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर कलक्ट्रेट में मंगलवार से बैरिकेडिंग का काम शुरू हो गया है। उन्होंने नामांकन कक्ष देखे। जिले में चुनाव चौथे चरण में है। इसके लिए 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल होंगे। 18 अप्रैल को निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी होगी। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। मतदान 13 मई को और मतगणना चार जून को होगी।

चैती मेला शुरू, रेहड़ी दुकानदारों ने कर लिया फुटपाथ पर कब्जा

▸▸ लगने लगी जाम, मेलार्थियों और राहगीरों को हो रही परेशानी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: छोटी काशी का ऐतिहासिक चैती मेला सोमवार से शुरू हो गया है, लेकिन अलीगंज रोड स्थित मेला मैदान के प्रमुख गेटों के सामने रेहड़ी वालों की दुकानें लगने से राहगीरों, मेलार्थियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

नगर में बिजली, पानी, सफाई के साथ ही चौड़ी सड़कें और पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए फुटपाथ जरूरी होता है। लेकिन नगर की सड़कों पर अतिक्रमण हो जाने से फुटपाथ गायब हो गया है। फुटपाथ पर जगह-जगह वाहन मैकेनिक, फास्ट फूड, गारमेंट्स के ढेर, जूते-चप्पल, ठेले, ई रिक्शों, फलों की रेहड़ी लगाने वालों ने कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा है। नगर की अलीगंज रोड महत्वपूर्ण रोड मानी जाती है, इस रोड की दोनों साइडें अतिक्रमण की चपेट में है। वर्तमान में चैती मेला शुरू होने से सामान खरीदने वाले लोगों को सड़क पर वाहन खड़े कर खरीददारी करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस कारण वहां पर जाम लगा रहता है। वहीं ट्रैफिक पुलिसकर्मी वाहन चालकों को जाने के लिए बोलते हैं, लेकिन फुटपाथ पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते।

अलीगंज रोड पर फुटपाथ तक लगी रेहड़ी दुकान। अमृत विचार

नगर के अशोक चौराहे से अलीगंज जाने वाली रोड पर रेहड़ी लगने से जाम की समस्या संज्ञान में है। इसे दिखवा रहा हूं। शीघ्र ही फुटपाथ खाली कराया जाएगा।

-अजेंद्र सिंह सीओ गोला गोकर्णनाथ।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला को लेकर प्रशासन गंभीर है। अगर कहीं फुटपाथ पर दुकानें लग रहीं हैं तो वह हटाई जायेगीं। फुटपाथ पर किसी को कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

-रत्नाकर मिश्रा एसडीएम/अधिशासी अधिकारी गोला गोकर्णनाथ, खीरी।

कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र का हुआ समापन

संवाददाता, बग्घून, अमृत विचार : बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 सोमवार सुबह तीन बजे के बाद सायरन बजाकर विधि-विधान के साथ समापन किया गया। चीनी मिल ने 157 दिनों में एक करोड़ 56 लाख 15 हजार क्विंटल गन्ना पेरा है। चीनी मिल के इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के 157 दिनो में चीनी मिल द्वारा एक करोड़ 56 लाख 15 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई कर कीर्तिमान स्थापित किया है। बताया कि चीनी मिल हमेशा की तरह गन्ना मूल्य भुगतान में इस वर्ष भी अग्रणी रही है। उन्होंने किसानों से गन्ने की बुवाई, पेड़ी प्रबंधन के साथ आगामी पेराई सत्र के लिए अधिकाधिक बुवाई करने की अपील की। उन्होंने चीनी मिल के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा किसानो के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। गन्ना महाप्रबंधक संदीप कुमार सिंह, एचआर सर्वेश कुमार मिश्रा, प्रशांत चौधरी, हरीश सुयाल, पंकज शाही, पुष्पेन्द्र सिंह, जगपाल सिंह, लोकेश राणा सहित चीनी मिल के तमाम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

आग की लपटों से जूझे लोग, फसलें-गृहस्थी राख

सोहरामऊ, फतेहपुर चौरासी और दही थाना क्षेत्र में हुईं आग की घटनाएं, हल्का लेखपालों ने नुकसान का किया आकलन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के सोहरामऊ, फतेहपुर चौरासी व दही थानाक्षेत्र में लगी आग में चार घरों की गृहस्थी के साथ किसानों के खेतों में खड़ी कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग से जलते घर व खेत देख अन्नदाता बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंचे लेखपालों ने नुकसान का आकलन कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

नवाबगंज। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव देवरा निवासी विजय पाल के घर में मंगलवार शाम करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। इससे पहले गांव के लोग कुछ समझ पाते आग ने पड़ोसी विजय बहादुर, मैकू व रज्जन के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। लपटें उठती देख गांव के अमन ने इसकी सूचना फायर-ब्रिगेड को दी। दमकल आने में देर होने पर लोगों ने आग बुझाने के लिये आस-पास के घरों से पानी लाकर डालना शुरू किया और आग पर काबू पाया। आग लगने के दौरान घरों के लोग गेहूं काटने गये थे। जब तक आग पर काबू पाया गया सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। पीड़ितों ने बताया कि घरों में खाने व पहनने के लिये कुछ नहीं बचा। सूचना पर लेखपाल तेजनरायन मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट अधिकारियों को देने की बात कही है।

फतेहपुर चौरासी। विकास खंड फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव जाजामऊ एहतमली के मजरा भुलभुलिया खेड़ा निवासी कलक्टर सिंह पुत्र श्यामलाल के खेत में मंगलवार दोपहर पकी खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने पंपिग सेट व अन्य निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक खेत में खड़ी दो बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुचे लेखपाल दीपक गौड़ ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

दही थानाक्षेत्र के गजौली गांव में मंगलवार शाम संदिग्ध हालात में आग लग गई। जिससे गांव के प्रमोद, रोहित दिवाकर, कन्हई, देवकी नंदन व बाबूलाल की करीब सात बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित फत्तेपुर दलित बस्ती में लगी आग की चपेट में आने से विधवा कुषमा व इंद्रपाल के घरों में रखा गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग देख जब तक लोग उसे बुझाते तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। मंगलवार शाम छह बजे के लगभग फत्तेपुर गांव की दलित बस्ती के विधवा सुषमा व इंद्रपाल के घरों में अचानक आग लग गई। घर से लपटें निकलती देख आसपास के लोग वहां पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने घरों में रखा गृहस्थी का सामान, साइकिल आदि जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित सुषमा व सरिता पत्नी रजनीश कुमार ने बताया कि वह चंडीगढ़ में पति व सास-ससुर के साथ मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। अचानक घर में आग लगने से वहां रखा अनाज, कपड़े व बर्तन आदि जलकर नष्ट हो गया। एसडीएम नवीन चन्द ने बताया कि सूचना मिलने पर राजस्व कर्मचारी को भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

आग लगने से घरों से निकलता धुआं। अमृत विचार

खेत पर खड़ी फसल जलने के बाद मायूस खड़े किसान। अमृत विचार

इंजन की चिंगारी से कटी पड़ी गेहूं की फसल जली

औरास। थानाक्षेत्र के उटरा डकौली गांव निवासी भगवान दीन पुत्र मंगली के खेत में गेहूं की फसल कटी पड़ी थी। तभी पास में चल रहे इंजन की चिंगारी पड़ने से कटी पड़ी गेंहू की फसल धू-धूकर जलने लगी। आस पास के लोग दौड़े और निजी संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक 10 बिसुवा खेत की फ़सल जलकर राख हो गई थी। गनीमत रही कि पास के खेतों तक आग नहीं पहुंच सकी नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। सूचना के बाद भी राजस्व विभाग का कोई अधिकारी वहां नहीं पहुंच सका जिससे नुकसान की भरपाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों तक जा सके।

पॉवर लिफ्टर रामबरन का गांव लौटने पर स्वागत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। मुंबई में आयोजित हुई आल इंडिया यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में ब्लाक क्षेत्र माधवखेड़ा गांव के वेट लिफ्टर ने 1.55 क्विंटल वजन उठाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने को लेकर वापस गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका स्वागत कर हौसला बढ़ाया।

गांव निवासी रामबरन बीते कई सालों से पावर लिफ्टिंग खेल का अभ्यास करता आ रहा था। निकटवर्ती लखनऊ व कानपुर महानगरों सहित अन्य स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर वह स्वयं को साबित करता आ रहा था। हाल में ही मुम्बई में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होकर उन्होंने 155 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता से सफलता प्राप्त कर लौटने पर गांव व आसपास के ग्रामीणों में उसका हौसला बढ़ाने की होड़ लगी है। वह सफल एथलीट को बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। रामबरन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करना ऐसे ही हौसला बढ़ाने वालों की शुभकामनाओं का परिणाम है। आगे भी जिले का नाम रोशन करने का प्रयास जारी रहेगा।

यूनाइटेड पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रामबरन ने जीता पुरस्कार। अमृत विचार

चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस फोर्स रवाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिये होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए जिले से भी फोर्स मांगा गया था। गाजियाबाद व मुजफ्फर नगर में चुनाव ड्यूटी के लिए लगे पुलिस कर्मियों की मंगलवार को रवानगी हुई। रवाना होने वाले पुलिस कर्मियों को एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने ब्रीफ किया और अपने तैनाती स्थलों पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने का पाठ पढ़ाया।

मंगलवार को पुलिस अधिकारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले पुलिस कर्मियों को चुनाव आयोग व स्थानीय अफसरों के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के साथ मतपेटियों को स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने तक बरती जाने वाली सावधानियां बताई गईं। जिले के 268 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी गाजियाबाद व मुजफ्फर नगर जिले में प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए लगाई गई है। इनमें 18 दरोगा/हेड कांस्टेबल, 248 आरक्षियों समेत 266 पुलिसकर्मी शामिल है। मंगलवार को उन्हें ब्रीफ करने के बाद एएसपी ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। सीओ सिटी सोनम सिंह व सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला भी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों की बसों को रवाना करते एएसपी व सीओ सिटी। अमृत विचार

सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल, एक रेफर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में तीन युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों में एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव सिरौली निवासी सिराजुद्दीन (30) पुत्र अहमद मंगलवार सुबह अपनी रिस्तेदारी गया था। दोपहर को वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तकिया-गौरिया कलां मार्ग स्थित पहली खेड़ा नहर पुल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, एक अन्य हादसे में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोशा कुतुब निवासी मुकेश (19) पुत्र होरी लाल व नीरज (20) पुत्र मूलचंद्र गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

तीन युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि सोमवार देरशाम वह देवरानी के साथ शौच के लिए गई थी। तभी पिलखना रसीदपुर गांव निवासी हिमांशु प्रजापति, विपिन व एक अज्ञात युवक छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित तीन के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, अधेड़ की मौत

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार आटो के अनियंत्रित होकर पलटने से मोहब्बत शाह दरगाह की देख रेख करने वाला अधेड़ गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे बीघापुर के 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। तकिया की मशहूर मोहब्बत शाह बाबा दरगाह के गद्दी नशीन गुलाम हुसैन का छोटा भाई नासिर हुसैन (52) सोमवार को उन्नाव कचहरी आया था। जहां से घर लौटते समय वह बस से लालकुआं तिराहा पहुंचा और वहां से आटो पकड़ कर अपने घर तकिया जा रहा था। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव -लालगंज हाईवे स्थित एक होटल के सामने सड़क पर मौरंग पड़ी होने से आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें घायल हुए नासिर को पास के 100 बेड अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वह तीन भाईयों में छोटा था और दरगाह का काम देखता था। उसकी मौत से पत्नी बीबन, चार बेटे व तीन बेटियां रो-रोकर बेहाल रहीं।

नासिर हुसैन।

एसडीएम को सीएचसी में मिलीं खामियां, दुरुस्त करने के निर्देश

पुरवा उन्नाव। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एसडीएम रनवीर सिंह ने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें एक स्टाफ नर्स अनुपस्थित मिली। वहीं, सीएचसी परिसर के बाहर गंदगी मिलने से एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए सीएचसी प्रभारी को सफाई कराने के निर्देश दिए। उपस्थिति पंजिका जांचने पर वीरेंद्र बिहारी श्रीवास्तव स्वास्थ्य पर्यवेक्षक व सिम्पी स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाये गये। जानकारी पर पता चला कि वीरेंद्र बिहारी कैंसर रोग से पीड़ित हैं और वे चिकित्सीय अवकाश पर हैं। जबकि सिम्पी बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं। पैथॉलाजी, एक्सरे व फार्मेसी काउंटर संचालित मिले। वहीं, सीएचसी के अंदर साफ-सफाई संतोषजनक मिली। जबकि, अस्पताल परिसर बाहर कुछ स्थान पर गंदगी मिलने पर सीएचसी प्रभारी डा. दिनेश कुमार को सफाई के लिये निर्देशित किया गया। एसडीएम ने अप्रैल माह में चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी ली। परिसर में लगी स्ट्रीट लाइट खराब मिलने और सीएचसी के मुख्य द्वार पर स्वास्थ्य केंद्र का बोर्ड न मिलने पर सीएचसी प्रभारी को उसे लगवाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी के अलावा डा. तपन गुप्ता, डा. आदर्श सचान, डा. रजनी अवस्थी व डा. यूके सिंह आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण करते एसडीएम।

घरेलू कलह के चलते युवती ने निगला जहरीला पदार्थ

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव धन्ना पुरवा निवासी लल्लू सिंह की 19 वर्षीय बेटी निधि ने घरेलू कलह के चलते मंगलवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के चलते उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दबंगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़, पुलिस को तहरीर

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ में मंगलवार सुबह आधा दर्जन से अधिक लोग एक व्यक्ति के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और उसकी गृहस्थी तहस-नहस कर दी। पीड़ित ने किसी तरह खुद को कमरे में बंद कर जान बचाई। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मऊ गांव निवासी शोएब पुत्र रफीदाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे मऊ रेलवे क्रॉसिंग के पास गांव के सुजाउद्दीन आदि उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर वे लोग उसे मारने दौड़े। डर के कारण वह जान बचाकर घर में घुस गया। इस पर नौ लोग लाठी-डंडे व अवैध असलहे लेकर आए और उसके मकान का दरवाजा तोड़ दिया और जान से मारने की नियत से उसके घर में घुस गए। दबंगों ने गालीगलौज करने के साथ उसके घर में रखी गृहस्थी कि सामान तोड़-फोड़ डाला। उसने परिजनों सहित कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाई। दबंगों ने पड़ोसी राजू के घर का दरवाजा भी तोड़कर गालीगलौज की और जानमाल की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के अनुसार घटना की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुजाउद्दीन, इलमुद्दीन, अताउल्ला, अफजल, साहिबे आलम, जूनैद, बदरूद्दीन, शेखू व अंजर के विरुद्ध बलवा, घर में घुसकर गालीगलौज करने, जानमाल की धमकी देने व तोड़-फोड़ करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

करंट की चपेट में आकर झुलसा प्राइवेट लाइनमैन

औरास। थानाक्षेत्र के महरौदा गांव निवासी विमल प्राइवेट लाइनमैन है। गांव के ही एक व्यक्ति के ट्यूबवेल के लिए लगे ट्रांसफार्मर में मंगलवार को कोई खराबी आ गई थी। वह उसे ठीक कर रहा था। इस दौरान करंट का झटका लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस पर उसे मियागंज सीएचसी लाया गया। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

उन्नाव। मंगलवार रात करीब आठ बजे मोतीनगर व कल्याणी मोहल्लों के बीच बंद रेलवे क्रासिंग पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे जीआरपी जवानों ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन रात करीब साढ़े 9 बजे तक शव की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि ट्रैक पर मिले युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है। वह पैंट-शर्ट पहने है। युवक की पहचान कराई जा रही है।

रेलवे ट्रैक किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग किनारे पेड़ से युवक का शव लटका देख राहगीरों में सनसनी फैल गई। युवक की बहन की 21 अप्रैल को बारात आनी है। भाई की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कर्रवाई का भरोसा दिलाया है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के मजरा शहजाद खेड़ा निवासी पुत्तीलाल एक पैर से दिव्यांग है। उसका 20 वर्षीय बेटा विशाल ट्रक चालक था। वह शराब का भी लती था। 15 अप्रैल को सुबह वह घर से निकला लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका पता नहीं चला। मंगलवार सुबह गांव के बाहर रेलवे ट्रैक किनारे लगे पेड़ में फंदे से उसका शव ग्रामीण ने लटका देखा। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत युवक की बहन कमला की शादी उन्नाव के खत्री खेड़ा गांव में तय है। इसी 21 अप्रैल को उसकी बारात आनी है। परिजन उसकी तैयारी में जुटे थे। घर के बड़े बेटे की मौत की खबर के बाद से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वहीं परिजन हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने की बात कह रहे हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह स्पष्ट होगी।

विशाल।

त्रिशिका को दिया गया प्रमाणपत्र।

खाते से उड़ाई रकम पुलिस ने वापस कराई

उन्नाव। एक नामी आनलाइन कंपनी की फर्जी वेबसाइट बनाकर पीड़िता के खाते से साइबर ठगों द्वारा उड़ाए गए 15,999 रुपये पुलिस ने वापस कराए हैं। बता दें कि सदर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला आदर्श नगर निवासी त्रिशिका यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया था कि फ्लिपकार्ट वेबसाइट के माध्यम से उससे ओटीपी पूछकर उसके खाते से ठगों ने 15,999 रुपए की नगदी उड़ा दी। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता के खाते में ठगी कर उड़ाई गई धनराशि वापस कराई गई।

रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ईओ व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इसमें अधिकारियों के अलावा कस्बा वासियों व छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया।

नगर पंचायत औरास के अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार व नायब तहसीलदार पुष्पा यादव की मौजूदगी में आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत कार्यालय से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। इसमें कस्बा वासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित किया गया। जिसमें कर्मचारियों व राष्ट्रीय इंटर कॉलेज व सरस्वती ज्ञान मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

रैली कार्यालय से प्रारंभ होकर ब्लॉक रोड होते हुए कबरोई रोड व नगर भ्रमण कर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में समय निकालकर मतदान करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया गया। वहीं ईओ ने लोगों से अपील की कि मतदान करने में किसी के बहकावे में न आकर बिना किसी लालच व दबाव के निर्भीक होकर मतदान करें। रैली में मुख्य रूप से लेखपाल प्रशांत मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर रामप्रकाश अवस्थी, टैक्स कलेक्टर नरेंद्र मिश्रा, मधुसूदन, जय सिंह, शरद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

उपलब्धि

पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा, माता-पिता और गुरुजनों को दिया श्रेय

यूपीएससी में 113वीं रैंक पाकर ऋषेंद्र ने बढ़ाया जिले का मान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सेंट लारेंस स्कूल से पास की थी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा
- ऋषेंद्र के पिता स्वास्थ्य महकमे में चीफ फार्मासिस्ट और मां गृहणी हैं

अमृत विचार। शहर के पीडी नगर निवासी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डा. राजीव सिंह के बेटे ऋषेंद्र ने यूपीएससी की परीक्षा में 113वीं रैंक हासिल करते हुए जिले को गौरवांवित किया है। उन्होंने शहर के सेंट लारेंस स्कूल से इंटर कर फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से गणित विषय में बीएससी आनर्स की परीक्षा पास की। पहले ही प्रयास में मिली इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता व गुरुजनों को देते हैं।

शहर के पीडी नगर में संचालित सेंट लारेंस स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेधावी विद्यार्थी ने उच्च शिक्षा के लिए देश की राजधानी दिल्ली का रुख किया। जहां दिल्ली विश्व विद्यालय के रामजस कालेज में दाखिला लेकर उन्होंने बीएससी आनर्स की परीक्षा पास की। जिले की बीघापुर तहसील के टेढ़ा गांव निवासी राजीव सिंह उन्नाव में स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट पर कार्यरत रहे हैं। इन दिनों वह कानपुर के उर्सला हास्पिटल में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। बेटे को मिली सफलता की जानकारी मिलते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

जानकारी मिलते ही पड़ोस में रहने वाले परिवारों के अलावा सेंट लारेंस कालेज का स्टाफ व उनके साथ पढ़ने वालों ने भी घर पहुंचकर बधाई दी। ऋषेंद्र ने बताया कि इंटर पास करते ही उसने यह परीक्षा पास करने का निश्चय किया था। माता-पिता ने भी भरोसा कर उसे यूपीएससी पास करने का सपना पूरा करने के लिए उसे दिल्ली भेजा। ऋषेंद्र ने कहा कि इस सफलता का सबसे अधिक श्रेय उनके माता-पिता को जाता है। वे उसे लगातार सुविधा व संसाधन देते रहे। जिससे उसने हाईस्कूल की परीक्षा 94 और इंटरमीडिएट 95 फीसदी अंकों से पास कर वह खुद को साबित कर सके। उन्होंने बताया कि मां संगीता सिंह गृहणी हैं। वहीं छोटी बहन इशता सेंट लारेंस स्कूल में इंटरमीडिएट की छात्रा है।

परिवार के साथ ऋषेंद्र। अमृत विचार

पैतृक गांव टेढ़ा में भी खिलाई गई मिठाई

टेढ़ा के लाल को मिली इस सफलता की खबर ने ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ा दी। गांव के युवाओं के साथ उसके चाचा, ताऊ व बाबा भी सीना तानकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते रहे। ग्रामीणों का कहना था कि ऋषेंद्र को मिली सफलता भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणाप्रद है। यह उपलब्धि मिलने के बाद वह टेढ़ा को भी समृद्धशाली बनाएंगे। गांव स्थित मंदिर पहुंचकर लोगों ने प्रसाद चढ़ाया और ग्रामीणों में बंटवाया।

पिता बोले, मां चंडिका देवी की है कृपा

उर्सला हास्पिटल के चीफ फार्मासिस्ट डा. राजीव सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर बेटे ने कड़ी मेहनत व लगन से परीक्षा की तैयारी की। वह इस सफलता के लिए बक्सर स्थित मां चंडिका देवी माता का आभार जताते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में रहते हुए मातारानी के दर्शन किए बिना वे वापस नहीं आते हैं, इसलिए अब वह जल्दी ही किसी दिन गांव के साथ चंडिका माता मंदिर पहुंच दर्शन-पूजन करेंगे।

इन लोगों ने दी बधाई

ऋषेंद्र के शहर स्थित आवास पहुंचकर बधाई देने वालों में सदर विधायक पंकज गुप्ता, समाजसेवी विमल द्विवेदी, यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डा. प्रेम सिंह सेंगर, शिवेंद्र सिंह, मुनेशर, उदय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री ब्रजेश पांडेय, जिला प्रवक्ता मदन पांडेय, शाहरुख, पियूष सिंह, भूपेंद्र, राकेश सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अमित सिंह, राम कुमार प्रधान, मनोज कुमार, पूर्व प्रधान राजू, सनोज, शांति कुमार, कृष्णा, तरंग, सार्थक, अमन, एलबी यादव, धर्मेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

रजिस्ट्रेशन न लाइसेंस, धड़ल्ले से सड़क पर फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा

बिना नंबर वाले वाहनों की भरमार, लोग बोले- नींद से कब जागेगा परिवहन विभाग

संवाददाता, सफीपुर (उन्नाव)

अमृत विचार। क्षेत्र में करीब एक सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा में दर्जनों बिना पंजीयन के फर्राटा भर रहे हैं। हालात यह हैं कि पार्किंग स्थल न होने से बिना स्टैंड के ही सार्वजनिक जगह पर ई-रिक्शा का रेला रहता है। जबकि, इस समय अतिक्रमण अभियान न चलने से सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी हुई है। वहीं, हर तरफ ई-रिक्शा चालकों के सड़क पर कब्जा जमाने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है।

बता दें कि कस्बे में दर्जनों ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे हैं। इन पर ओवर लोडिंग होने के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं। यातायात में इनसे जाम की भी समस्या बढ़ गई है। बिना लाइसेंस ई-रिक्शों के नाबालिग चालक सड़कों पर यमदूत बनकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं।

सार्वजनिक जगह पर वाहन खड़े कर वे सवारियां भरते हैं। जिससे जाम की स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है। इससे हादसों की भी आशंका बढ़ गई है। ई-रिक्शा विक्रेता भी बिना पंजीयन के कारोबार कर रहे हैं। नगर निवासी अनुराग सिंह कहते हैं कि गैर पंजीकृत व बिना नंबर के ई-रिक्शा मुसीबत का कारण बन रहे हैं। ई-रिक्शा चालक कहीं से भी सवारियों से लेकर सामान भरकर निकल पड़ते हैं। जो बड़े हादसे को दावत देते हैं।

चौराहे पर खड़े मानक विहीन ई-रिक्शा। अमृत विचार

क्षमता से अधिक सवारियां भरते

क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर फर्राटा भरने वाले अधिकतर ई-रिक्शा जहां बिना नंबर के हैं। वहीं, उन्हें चलाने वाले भी अनट्रेंड हैं। चालक किसी भी गाली में कभी भी सवारियां लेकर फर्राटा भरते नजर आते हैं। जिससे वे अपनी जान तो जोखिम में डालते ही हैं वहीं सवारियों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

घर से चोरों ने नकदी और जेवर किया पार

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर मोहल्ले मोहल्ल में सोमवार रात अज्ञात चोर एक घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गये। जहां चोरों ने कमरे और बक्से का ताला तोड़कर नकदी और जेवर समेत हजारों का माल पार कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दी है।

इंद्रा नगर निवासी सुमन ने बताया कि वह सोमवार को अपने मायके गई थी। इस दौरान उसके घर में कोई नहीं था। सूना घर पाकर अज्ञात चोर मेनगेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गये। जहां चोरों ने छह हजार की नगदी के अलावा चांदी की पायल, सोने के टप्स समेत हजारों कीमत का जेवर चोर चोरी कर ले गये। मंगलवार सुबह वह वापस घर पहुंची। जहां मेनगेट का ताला टूटा और कमरे का बिखरा सामान देख उसके होश उड़ गये। उसने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने जांच कर जल्द ही चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।

स्पॉर्किंग से गैस गोदाम के पास भड़की आग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार शाम सहजनी स्थित देवारा खुर्द के पास ऊपर से निकली 33 केवीए लाइन के तार टकराने से स्पार्किंग हो गई। जिससे उसकी चिंगारी नीचे खड़ी झाड़ पतावर में जा गिरी। तेज हवाएं चलने के कारण धू धू कर झाड़ियां जलने लगी। आग की लपटें देख गैस गोदाम में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर झाड़ियों की आग बुझाई।

राजधानी मार्ग स्थित शिव शक्ति गैस सर्विस सेंटर भारतगैस का सहजनी में गैस गोदाम हैं। जहां भारी मात्रा में सिलेंडर रखे हुये थे। मंगलवार शाम करीब चार बजे देवारा खुर्द गांव के पास 33 केवीए लाइन टकरा गई। जिससे उसकी चिंगारी झाड़ियों में जा गिरी और सूखी झाड़ियां होने के कारण आग लग गई। तेज हवाएं चलने के कारण आ की लपटें गेंहू की खेतों की ओर जाने लगी। यह देख किसानों में हड़कंप मच गया और बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया। जिसके बाद गैस गोदाम की ओर आग की लपटें जाती देख फायर कर्मियों को सूचना दी गई। फायर कर्मियों ने मशक्कत कर किसी तरह बुझाई। लगभग एक घंटा बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगर आग पर काबू न पाया जाना तो गोदाम में रखे गैस सिलेंडरों से बड़ा हादसा हो जाता।

देवारा खुर्द के पास खेतों पर खड़ी झाड़ियों में जलती आग। अमृत विचार

सड़क पर दुकानें लगाने वालों को दी गई सख्त चेतावनी

शुक्लागंज। शुक्लागंज के फोरलेन के अलावा प्रमुख मार्गों और बाजारों के दोनों तरफ ठेला, खुंचा लगाने वालें दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। जिससे जाम लग रहा है। पालिका प्रशासन ने मंगलवार को अभियान चलाकर दुकानदारों को अतिक्रमण दोबारा न करने की चेतावनी दी है।

फोरलेन, पोनी रोड के अलावा अन्य स्थानों पर ठेला खुंचा लगाने वाले दुकानदार आधी सड़क तक अपने ठेला खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम लग रहा है। जाम की स्थिति को देखते हुये मंगलवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका कर्मी सड़क पर उतरे। पहले दुकानदारों का सामान समेटवाया। जहां फोरलेन पर दुकान लगाने के लिये एक रेखा खींच कर स्थान चिन्हित किया। इसके साथ ही दुकानदारों को चिन्हित स्थान के बाहर दुकानें लगाने पर चालान काटने की भी चेतावनी दी है।

'मतदाता जब पहुंचें बूथ, लोकतंत्र को करें मजबूत'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- श्याम कुमारी सेठ बाल निकुंज नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

अमृत विचार। शहर स्थित श्याम कुमारी सेठ बाल निकुंज नेहरू बालिका इंटर कालेज में स्काउट एवं गाइड द्वारा तैयार सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन कर मुख्य अतिथि लोकसभा चुनाव के कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने जागरूकता रैली को झंडी दिखा रवाना किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परिवार के सभी लोगों को मतदान करने को जागरूक बनाने की नसीहत दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। इसके तहत जिले में संचालित स्कूल-कालेजों में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को माता-पिता सहित परिवार व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। स्काउट एवं गाइड्स टीम ने मंगलवार को श्याम कुमारी सेठ बालिका विद्यालय में सेल्फी प्वाइंट तैयार कराया। जिसका सीडीओ ने उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा मतदान में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम के पोस्टर व माडल देखकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी मतदाता 25 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। इस दौरान निकाली गई रैली पुलिस आफिस तिराहा से वापस आकर कलक्ट्रेट भवन पर समाप्त हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो', 'वोट डालने जाना है, उन्नाव को सशक्त बनाना है' आदि नारे लगाकर जागरूकता बढ़ाई। सीडीओ ने विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा कनौजिया व स्टाफ को बधाई दीं। इस दौरान परमात्मा शरण, दिलीप भदौरिया, रवि कुमार, राणा ऋषेंद्र सिंह जिला सचिव, सोनू सिंह जिला गाइड कैप्टन, अक्षत कुमार, पूनम, कुसुमकला, शकुंतला सिंह भारती, नंदिता शुक्ला, इकरा, सुशील शुक्ला, मोनी, कांति रहीं।

नाथूखेड़ा बूथ का निरीक्षण करतीं एसडीएम व सीओ सिटी। अमृत विचार

एसडीएम ने पोलिंग बूथों की देखी हकीकत

शुक्लागंज उन्नाव। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये मंगलवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम और सीओ सिटी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिन बूथों में एसडीएम को कमियां मिली। उन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिये। लोकसभा चुनाव को देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र में बनाये गये मतदान केन्द्रों में कोई कमियां न रहे। इसके लिये मंगलवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम प्रज्ञा पांडे, सीओ सिटी सोनम सिंह नगर पहुंची। जहां कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति के साथ मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली के नाथू खेड़ा प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। इसके साथ ही पोनी रोड स्थित महादेव बूथ का भी जायजा लिया। जहां भी खामियां मिली हैं, उन्हें चुनाव से पहले दूर कर लिया जाए।

नफरत की खेती करने वालों को सत्ता से हटाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने नगर पंचायत मियांगंज, कुरसठ व सफीपुर की गलियों तक पहुंचकर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नफरत की खेती करती है। इसलिए सभी मतदाताओं को एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटा देना चाहिए। गठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा हमेशा से धार्मिक आधार पर वोट का ध्रवीकरण कराने का प्रयास करती रही है। पिछले 10 वर्षों से सत्ता में रहकर भाजपाई लोगों के बीच नफरत की दीवार और अधिक ऊंची करते आए हैं, जिससे दुनिया में अनेकता में एकता वाली भारत की पहचान पर ग्रहण लग रहा है। पूर्व मंत्री सुधीर रावत ने कहा कि मुफ़्त दवाई, पढ़ाई और सिंचाई नारे के साथ सपा ने समाजवाद को साकार करने के लिए राजनीतिक यात्रा शुरू की थी, जो प्रत्येक भारतवासी को आत्मनिर्भर बनाएगी।

लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

सार-संक्षेप

पोनी रोड से चोरी हुई बाइक अहमद नगर में मिली

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर निवासी एक युवक को पोनी रोड में दुकान है। जहां चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। जिसके बाद चोरी गई बाइक अहमद नगर मोहल्ले में लावारिश हालत में खड़ी मिली। आनंद नगर निवासी पुत्तनलाल की पोनी रोड में परचून की दुकान है। सोमवार रात चोरों ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार कर दी। जिसकी जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। वहीं मंगलवार सुबह पुलिस को अहमद नगर में लावारिश बाइक मिलने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने चोरी गई बाइक को बरामद किया है।

छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता से उसके ससुरालीजन पांच लाख रुपये और कार की मांग की। न देने पर उसे प्रताड़ित किया। जिस पर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। मनोहर नगर निवासी जाबिर की बेटी बुसरा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 19 मार्च 2023 को उसकी शादी मोहल्ले के रहने वाले वकार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उससे दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग करने लगे। जिस पर उसने देने से मना कर दिया। इस पर उसे मारा पीटा और प्रताड़ित करते हुये घर से निकाल दिया। पुलिस ने बुसरा की तहरीर पर पति के अलावा ससुर इरफान, सास नीलम, जेठ रेहान, जेठानी फातिमा और देवर फैजान के खिलाफ देहज प्रताड़ना समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

जंगली सुअर के हमले से किसान गंभीर घायल

शुक्लागंज उन्नाव। सोमवार रात बैराज मार्ग स्थित खेतों की रखवाली कर रहे एक किसान पर जंगली सुबह से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास खेतों में मौजूद किसानों को आता देख सुअर भाग गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिये एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शंकरपुर सरायं निवासी परशुराम खेती किसानी का काम करता है। सोमवार रात वह बैराज मार्ग स्थित खेतों की रखवाली कर रहा था। तभी जंगली सुअर ने उसे पर हमला बोल दिया। जिससे वह शोर मचाते हुये भागने लगा। शोर सुन आस पास खेतों में मौजूद किसान दौड़े और लाठी डंडा लेकर सुबह को भगाया। जिसके बाद घायल किसान के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिन उसे इलाज के लिये कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसके दाहिने पैर का काफी हिस्सा सुअर से काट लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

भाई-बहन पर कुत्तों ने बोला हमला, जेवर भरा बैग ले भागे

बिछिया। दही थानाक्षेत्र के सोनिक के पास रात में बाइक से जा रहे भाई-बहन पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें वे बाइक से गिर गए। इस दौरान एक कुत्ता उनका बैग लेकर भाग गया। जिसमें करीब एक लाख कीमत के जेवर थे | गनीमत रही कि उसी दौरान गस्त कर रहे सिपाही मौके पर पहुंच गए और कुत्तों के हमले से उन्हें बचाया। इसके बाद गांव के चौकीदार व ग्रामीणो को साथ लेकर बैग की तलाश शुरू की तो बैग खेत में मिल गया। जिसमें जेवर सुरक्षित पड़े थे।

जेबकतरों ने उड़ाई 50 हजार की नकदी

सफीपुर उन्नाव। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत ई-रिक्शा में सवारी बनकर बैठे जेबकतरों ने बेटी की शादी के लिए बैंक से रुपए निकालकर लौट रहे पिता को निशाना बनाते हुए 50 हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुए कर्रवाई की मांग की है। गोलेमऊ गांव निवासी जीवनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की 23 अप्रैल को बारात आनी है। इसकी तैयारी के लिए वह जिला सहकारी बैंक की सफीपुर शाखा से रुपए निकालने आये थे। बैंक से 50 हजार रुपए निकालकर बाहर आकर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में मास्क लगाए दो युवक बीमारी का बहाना बनाकर रिक्शे में बैठे और आगे चलकर मयारी पुलिया के पास अपने खेत आने की बात कहकर उतर गए। पीड़ित ने उनके उतरने के बाद मऊमंसूर गांव के पास अपनी जेब देखी तो वह कटी थी और रुपए गायब थे। यह देख उसके होश उड़ गए। कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

एसडीएम ने पकड़ा अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माखी थाना से कुछ दूर जारी अवैध खनन पर वहां से निकलते समय एसडीएम की नजर पड़ गई। इस पर उन्होंने माखी पुलिस बुलाकर दो जेसीबी व एक डंपर को सीज कराकर थाने में खड़ा करा दिया।

माखी थानाक्षेत्र के रऊकरना-रसूलाबाद मार्ग पर माखी थाने से कुछ दूर सड़क के पास कई दिनों से अवैध खनन किया जा रहा था। लेकिन पुलिस कर्मियों की इस पर नजर नहीं पड़ी। सोमवार देरशाम एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता किसी काम से वहां से निकले तो मिट्टी खनन पर उनकी नजर पड़ गई। इस पर उन्होंने पुलिस बुलाकर जांच कराई तो चालक कोई अनुमति नहीं दिखा पाए। इसके बाद उनके निर्देश पर दो जेसीबी व एक डंपर को पुलिस ने पकड़ा और उन्हें सीज कर थाने में खड़ा कराया। इस दौरान चालक मौके से भाग निकले। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर तीनों वाहनों को सीजकर जांच की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि किसी ईंट-भट्ठे पर मिट्टी खनन कर ले जाने की बात सामने आई है। इस पर दो जेसीबी व एक डंपर को पकड़ा गया है। तीनों वाहनों को सीज कर कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए।

विद्यालय की भूमि पर खनन की शिकायत

बिछिया। सदर तहसील क्षेत्र के घूरखेत गांव निवासी सुरेश कुमार ने बीएसए को शिकायती पत्र देकर परिषदीय विद्यालय के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध खनन कराने जाने का आरोप लगाया है। पत्र में जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया है कि क्षेत्र से गुजरने वाले निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के लिए मिट्टी खनन कराने वालों ने खाता संख्या-1869 की मिट्टी खोद दी है। बताया कि संबंधित भूमि नंबर को विद्यालय के लिए आरक्षित दिखाया गया है।

विद्यालय के लिये आरक्षित भूमि पर किया गया खनन।

मंत्रोच्चारण के बीच हुई मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता,हसनगंज

- जंगलेश्वर मंदिर परिसर से निकाली गई शोभायात्रा

अमृत विचार। क्षेत्र के शेखूपुर तरेहा गांव स्थित जंगलेश्वर मंदिर परिसर में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठित कराईं। इससे पहले विधिविधान से पूजन कर मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में शामिल क्षेत्रीय युवा डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर नाचते-गाते रहे। यात्रा नगर पंचायत न्योतनी क्षेत्र के ईश्वरीय माता मंदिर से नगर पंचायत मोहान के शीतला माता मंदिर, नेवलगंज के संकटी माता मंदिर, महाराजगंज स्थित शिव मंदिर व शेखूपुर शेरावाली माता मंदिर होते हुए जंगलेश्वर मंदिर पहुंची। जहां आचार्य देवेंद्र प्रसाद पाठक, प्रभाकर प्रसाद पाठक व होरीलाल पाठक ने विधिविधान से मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। प्राण-प्रतिष्ठा संपंन होते ही आयोजन स्थल पर विशाल भंडारा शुरू हुआ। जिसमें नगर पंचायत मोहान के अध्यक्ष समरजीत यादव, नगर पंचायत न्योतनी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कनौजिया, राम धीरज यादव, सोनू सिंह, मोनू सिंह, संदीप निगम व हरि प्रकाश सिंह रहे।

पूर्व लेखपाल की डीएम से शिकायत

शुक्लागंज । मझरापीपर खेड़ा गैर एहतमाली ग्राम सभा में रहने वाले एक किसान ने पूर्व सर्वे लेखपाल पर जमीन और नकदी मांगने का आरोप लगाया है। मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर किसान ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। पीपर खेड़ा निवासी मुन्नीलाल ने उन्नाव जिलाधिकारी को पत्र देते हुये बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसकी ग्राम सभा में पुस्तैनी जमीन है। आरोप है कि एक सर्वे लेखपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उससे तीन बीघा जमीन और 50 लाख की नकदी मांगी। धमकी देते हुये कहा कि जमीन के रिकॉर्ड गायब करवा देंगे और फर्जी मुकदमा लगाकर जेल भिजवा देंगे।

नवरात्र | मंदिरों में भक्तों ने मातारानी को समर्पित किया नारियल, मेले में खरीदारी करने के लिए दर्शनार्थियों की लगी रही कतार

अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया देवी महागौरी का पूजन-अर्चन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। नवरात्र की अष्टमी पर न सिर्फ मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही, बल्कि सुबह से ही घरों से भी देवी के पूजन-अर्चन के स्वर सुनाई देते रहे। पूरे नवरात्र व्रत रखने वालों के अलावा पहले के साथ अष्टमी व्रत रहने वाले अधिकांश श्रद्धालु अधिक से अधिक समय मातारानी की पूजा-अर्चना करते हुए बिताते रहे। आचार्य अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि अष्टमी पर माता महागौरी के दर्शन और पूजन-अर्चन का विधान है।

नवरात्र के चलते शहर सहित जिले के देवी मंदिरों में लगातार भक्तों का पहुंचना जारी था। मंगलवार को अष्टमी पर पूरे नवरात्र न रखने वाले श्रद्धालुओं ने भी सुबह उठकर व्रत का संकल्प लिया। भक्तों ने घरों में सजे मातारानी के दरबार व कलश आदि का विधिवत पूजन-अर्चन किया। साथ ही मंदिरों में पहुंचकर माता महागौरी की अराधना का क्रम जारी रखा। नवरात्र के अन्य दिनों की अपेक्षा अष्टमी पर देवी मंदिरों में अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। देवी भक्तों ने शहर स्थित मां कल्याणी, दुर्गा मंदिर, पूर्णा देवी धाम व शीतला माता मंदिर पहुंच मां के दर्शन व पूजन-अर्चन कर प्रसाद चढ़ाया। अष्टमी पर महिलाओं ने सुबह मंदिरों में जहां अठौरियां चढ़ाईं। वहीं बड़ी संख्या में भक्तगण नारियल भी फुड़वाते रहे। साथ ही मंदिर पहुंचने वाले खासकर महिलाएं व युवतियां यहां लगे नवरात्र मेले में खरीददारी भी की। शाम होते ही सभी देवी मंदिरों में महिलाओं ने भजन-कीर्तन सुनाने का सिलसिला शुरू कर दिया। इस दौरान कई महिला भक्त भक्तिभाव से भरकर देवी मूर्तियों के सामने जीभर नृत्य भी करती रहीं।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, अष्टमी के चलते देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं में माता महागौरी स्वरूप के पूजन की होड़ देखाई दी। भक्तगण चुनरी सहित अन्य सामग्री अर्पित कर मां भगवती का पूजन-वंदन करते रहे। उधर, सोमवार की रात क्षेत्र के ग्राम चहलहा स्थित माता मलेहटी देवी परिसर में धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ। मंगलवार को श्रद्धालु भक्तों की सबसे अधिक भीड़ लखनऊ रोड रेलवे क्रासिंग स्थित मां बाला देवी मंदिर पर दिखाई दी। वहीं नगर के पश्चिम अहिरन पुरवा मार्ग स्थित शीतला देवी मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रहीं। शुक्लाना मोहल्ला स्थित त्रिपुर सुंदरी मां राजराजेश्वरी मंदिर, नौनिहालगंज बाजार स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर, मोहल्ला चौधराना के संकटा देवी मंदिर व खत्रियाना मोहल्ला स्थित संतोषी माता मंदिर में भी भीड़ रही।

बिछिया में कन्या भोज कराया गया।

मंदिर में मातारानी के दर्शन के लिए लगी कतार। अमृत विचार

भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

शहर स्थित श्री मां कल्याणी देवी मंदिर नवरात्र की अष्टमी पर परंपरा के मुताबिक भंडारा आयोजित हुआ। यहां सुबह जल्दी ही कारसेवकों सहित बुलाए गए हलवाइयों के साथ पहुंचने वालों ने भंडारा की तैयारियां शुरू कीं। दोपहर 12 बजे के बाद मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पहले कन्याओं की पंगत बैठकर भोग लगवाया। इसके बाद अन्य श्रद्धालु भी पंगत में शामिल होकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते रहे। भंडारा की आयोजन व्यवस्था नीरज तिवारी व सर्वेंद्र सिंह चौहान ने संभाली, जबकि मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा, विनोद कुमार शुक्ला, गोपाल तिवारी, विजय कुमार तिवारी अन्य तमाम लोग मौजद रहे।

घरों व मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना, दी गई पूर्णाहुति

शुक्लागंज। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन की पूजा अर्चना मंदिरों व घरों में की गई। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गामंदिर में पूर्णाहुति की गई। जिसके बाद माता की महाआरती का आयोजन हुआ। मंगलवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

पोनी रोड पर निकला गया जवारा जुलूस। अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ निकाला जवारा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार को प्रेम नगर स्थित काली मंदिर से भक्तों ने जवारा निकाला। जहां मौजूद भक्त गाजे बाजे में झूमते हुये राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचे।

मंगलवार को प्रेम नगर स्थित काली मंदिर में आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद मौजूद महिला पुरुषों ने सिर पर जवारा रखकर निकले। जवारा बोने की मन्नतें पूरी होने परंपरा होती है। मां जब मुरादें पूरी कर देती हैं तब श्रद्धालु जवारां आदि बोते हैं। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ पोनी रोड स्थित प्रेम नगर काली मंदिर से दुर्गा मंदिर में जवारा लेकर पहुंचे। मंदिर में सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर जवारा चढ़ाया।

एक नजर

ब्लू की टीम ने 30 ओवरों में बनाए 169 रन

हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में मंगलवार को स्थानीय आरआर इण्टर कालेज परिसर में एचडीसीए रेड व ब्लू के बीच यू-14 ट्रायल मैच खेला गया। टास जीतकर ब्लू ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। ब्लू ने पहले बैटिंग करते हुए 30 ओवरों मे 169 रन बनाए। जवाब में रेड ने 79 रन ही बना पाए। मैच में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा व अतुल मिश्र एव अम्पायर की भूमिका में पंकज तिवारी व संदीप गुप्ता एवं स्कोरर कुलदीप यादव उपस्थित हुए। अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी लखनऊ मे होने वाले अन्तरजनपदीय मैच में जनपद की टीम से खेलेंगे।

अनियंत्रित होकर खाईं में घुसी बाइक, सवार गंभीर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। कन्नौज मार्ग जलालपुर गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में घुस गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार मोहसिन 28 वर्ष पुत्र सहीक खान निवासी ग्राम चूलियापुर थाना बिलग्राम जो अपने गांव से बिलग्राम किसी काम से आ रहा था, तभी जलालपुर गांव के निकट बाइक अनियंत्रित होकर खाई में घुस गई, जिससे बाइक सवार मोसीन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने इलाज के बाद घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

गर्रा नदी में उतराता देखा गया युवक का शव

हरदोई, अमृत विचार। देहरादून में मज़दूरी करने वाले युवक का शव गर्रा नदी में उतराता मिला। साण्डी थाने के रसूलपुर ऐमा निवासी 30 वर्षीय रजनीश पुत्र शिवकुमार देहरादून में मज़दूरी करता था। करीब 12 साल पहले उसकी शादी हुई थी,लेकिन उसकी पत्नी शादी के बाद से दोबारा उसके घर नहीं आई। रजनीश ने रविवार को अपने पिता शिवकुमार को फोन पर बताया कि वह देहरादून से आया है लेकिन रुकेगा नहीं,लौट जाएगा। उसके बाद रजनीश का कोई फोन नहीं आया। सोमवार की शाम को गर्रा नदी के छितरामऊ पुल के नीचे एक युवक का शव पानी में उतराता हुआ देखा गया। शव की शिनाख्त रजनीश के रूप में की गई।

13 मई को आलस्य और काम छोड़ अवश्य करें मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रैली को किया रवाना, एसपी ने कहा- निर्भीक होकर डालने जाएं वोट

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के तहत गांधी भवन सभागार में अन्नदाता बने मतदाता थीम के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग 13 मई दिन सोमवार को बिना आलस्य किये वोट डालने अवश्य जाएं। देशभक्त नागरिक की यही पहचान, जिसकी बाईं ऊँगली में स्याही का निशान। इस बार बूथों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। बच्चों के खेलने की सुविधा होगी एवं शौचालय व पेयजल की अच्छी व्यवस्था रहेगी व महिलाओं, युवाओं व दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनने से इन सभी का आत्मविश्वास बढ़ेगा और दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु से अधिक वाले मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की व्यवस्था की गयी है तथा कंट्रोल रूम नंबर 1950 चौबीस घंटे सक्रिय कर दिये गये है। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि चौथे चरण में होने वाले चुनाव के लिए सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है और सभी लोग निर्भीक होकर अपना वोट डालने जाये और बूथों पर 200 मीटर की परिधि में अपने निजी वाहन से परिवार के साथ मतदान करने जा सकते है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के सन्देश को जन जन तक पहुंचाएँ और सभी लोग 13 मई को अपने परिवार के साथ बूथ पर जाकर मतदान अवश्य जाएं। गांधी भवन से किसानों द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गयी जिसे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एआर कोआपरेटिव अखिलेश सिंह व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

मतदाता रैली को रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, सीडीओ सौम्या गुरुनानी व एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी।

आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित हो : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों व आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा है। मतदाता पहचान पर्ची व वोटर गाइड के वितरण की सभी तैयारियां कर ली गयी हैं। मतदाता पहचान पर्ची प्रत्येक मतदाता को दी जाएगी तथा वोटर गाइड प्रत्येक परिवार को एक दी जाएगी। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सूचनाएं हार्ड व सॉफ्ट कॉपी में ससमय राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वाहन चेकिंग के समय व्यवहार में शालीनता रखें

हरदोई, अमृत विचार। रसखान प्रेक्षागृह में एसएसटी टीमों के प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी टीमों से संवाद किया। निर्देश दिये कि वाहन चेकिंग के दौरान व्यवहार में शालीनता बनाये रखें और चेकिंग की वीडियो रिकार्डिंग कराई जाए। महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाये। 50 हजार से रूपए से अधिक धनराशि के लिए दस्तावेज भी देखें जाएं। कहा कि सीमा से अधिक शराब व ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग की जाये ।18 अप्रैल से 13 मई तक पूरी तरह से मुस्तैद रहें। वाहन में जीपीएस लगा होगा। किसी भी अनियमितता व लापरवाही के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें और चुनाव को शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। रिलीवर आने पर ही स्थान को छोड़ें। इस मौके पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी, एसडीएम विजय सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नामांकन के दौरान बदला रहेगा यातायात

हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद सभागार में में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नामांकन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बैरीकेटिंग की उचित व्यवस्था कर ली जाये और नामांकन के दौरान सोल्जर बोर्ड चौराहे से सर्किट हाउस तक नो व्हीकल जोन बनाया जाये। कहा कि नामांकन के दौरान निर्धारित संख्या से अधिक लोगों का नामांकन कक्ष में प्रवेश नहीं होगा और कक्ष में सोफे आदि की उचित व्यवस्था की जायेगी एवं कंप्यूटर कलेक्ट्रेट परिसर में टेन्टेज आदि की उचित व्यवस्था की जाएगी और परिसर को अच्छी तरह से सजाया जाये तथा भीड़ की स्थिति में चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। बिना अनुमति कोई जुलूस आदि न निकलने दिया जाये। एक जुलूस में 10 गाड़ियों से अधिक गाड़ियों को एक साथ न चलने दिया जाये। मीडिया व अन्य लोगों के लिए जीआईसी में पार्किंग की व्यवस्था की जाये। नामांकन स्थल पर मेडिकल टीम तैनात की जाये।

मतदाता जागरूकता के लिए लगीं होर्डिंग्स

हरदोई, अमृत विचार। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पुलिस ने जागरूकता से संबंधित होर्डिंग्स जिले में जगह-जगह लगवानी शुरू कर दी हैं। होर्डिंग में डीएम, एसपी, एडिशनल एसपी, सीओ और थानाध्यक्ष ने मतदाताओं से 13 मई को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। रविवार को कोतवाल लोनार आलोक मणि त्रिपाठी ने बावन, जगदीशपुर, लोनार, न्यूरादेव, नकटौरा आदि चौराहों पर यह होर्डिंग्स लगवाकर लोगों को जागरूक किया है। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि भय मुक्त वातावरण में मतदान कराया जाएगा।

नामांकन कल से, तैयारियां पूरी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हरदोई

अमृत विचार। हरदोई और मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है जो 29 अप्रैल तक चलेगी। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। प्रत्याशी के समर्थक नामांकन स्थल से 200 मीटर पहले रोक दिए जाएंगे। जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है सबकी डयूटी लगा दी गई है। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार को सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 4 सीओ और 7 थानाध्यक्ष के अलावा बहुत से इस्पेक्टर और सब इस्पेक्टर को डयूटी पर लगाया गया है। 4 बैरियर और 4 बैरिकेटिंग पर करीब 200 पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

हरदोई और मिश्रिख लोकसभा सीट पर चौथे चरण में लोकसभा चुनाव होने हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी गुरुवार सुबह 11 बजे इसकी अधिसूचना जारी करेंगे। इसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जो 29 अप्रैल तक चलेगी। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे से गुजरकर आवेदक नामांकन कक्ष तक पहुंचेंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में हरदोई सीट के आवेदकों का नामांकन न्यायालय जिलाधिकारी कक्ष में होगा। जिसके रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह हैं। मिश्रिख सीट के लिए नामांकन न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कक्ष में होगा। रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ सौम्या गुरुरानी होगी। नामांकन प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगी। परिसर में बैरिकेडिंग का कार्य मंगलवार को ही पूरा हो गया था। 200 मीटर दूरी पर बैरियर लगाए गए हैं। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने मुताबिक 250 पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। 125 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी प्रवेश द्वार से दो सौ मीटर पहले बनाए गए चारो बैरियर पर रहेगी।

नामांकन प्रक्रिया के लिए बैरीकेडिंग लगाते कर्मचारी। अमृत विचार

नामांकन स्थल से 200 मीटर दूर रहेंगे प्रत्याशियों के समर्थक

एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि पर्चा लेने और नामांकन करने के लिए एक बार में आवेदक के अतिरिक्त चार लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। समर्थक नामांकन स्थल से 200 मीटर पहले रोक दिए जाएंगे। जबरन प्रवेश पर कार्रवाई होगी। चुनावी जनसभा, रैली, जुलूस के लिए नामित मजिस्ट्रेट से अनुमति अनिवार्य है। नामांकन कक्ष जाने के दौरान असलहा, लाठी, डंडा, ईंट-पत्थर आदि साथ रखना प्रतिबंधित है।

चार सीओ रहेंगे मुस्तैद

नामांकन में सीओ सिटी अंकित मिश्रा, सीओ बघौली विनोद कुमार दुबे, सीओ शाहबाद अनुज मिश्रा, सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह, शहर कोतवाल संजय पाण्डेय, कोतवाल लोनार आलोक मणि त्रिपाठी, मल्लावां कोतवाल निर्भय सिंह, मझिला थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण त्रिपाठी, कोतवाल कछौना राकेश यादव, कोतवाल हरपालपुर आनंद नारायण त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष रामसुखारी, रिट सेल प्रभारी विनोद कुमार समेत दर्जनों इस्पेक्टर और 40 से ज्यादा सबइंस्पेक्टर समेत 250 पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था जीआईसी में की गई है।

मनमानी पर पुलिसकर्मियों को फटकार

हरदोई

अमृत विचार। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस लाइन से पुलिस जवानों को बस से चुनाव ड्यूटी के लिए शामली के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक पुलिस लाइन से अपने ऑफिस के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के पास एक कार दिखाई दी, जिस पर पुलिस के दो जवान बैठे हुए थे।

पुलिस अधीक्षक ने कार रुकवाई तो पता चला कि उस पर सवार दोनों पुलिस जवानों की शामली में चुनाव ड्यूटी लगी है। दोनों बस में सवार हुए थे, लेकिन रास्ते मे उतरकर अपनी निजी कार से शामली जा रहे थे। इस पर एसपी का पारा चढ़ गया,पहले तो उन्होंने दोनों को खूब फटकारा और उनकी कार सीज़ व दोनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई किए जाने का आदेश दिया। इसे लेकर पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

निजी कार से चुनाव ड्यूटी पर जा रहे पुलिस जवानों को फटकारते एसपी।

पैसे के विवाद में कथा वाचक से की मारपीट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पैसे को लेकर हुए विवाद में आयोजकों ने कथा वाचक की पिटाई कर दी। सीएचसी में मेडिकल परीक्षण के लिए आए कथावाचक आचार्य संतोष कुमार ने बताया कि वह कोतवाली देहात के आशा नगर के रहने वाले हैं और भागवत कथा करते हैं। थाना पचदेवरा के ग्राम बिलसर हेलन निवासी सुरेंद्र सिंह ने भागवत कथा के लिए उन्हें बुलाया था। उन्हें 11 हजार रुपए दक्षिणा देना आयोजक ने स्वीकार किया था। कथा के सातवें दिन उन्होंने आयोजक से रुपए मांगे तो आयोजकों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

डॉक्टर की बेटी ने आईएएस बन जिले का नाम किया रोशन

हरदोई

अमृत विचार। जनपद के निर्मला नर्सिंग होम के संस्थापक/ संचालक डॉ आरपी गुप्ता एवं डॉ अंजू गुप्ता की सुपुत्री इशिता गुप्ता ने यूपीएससी की परीक्षा में 154 वीं रैंक हासिल कर जनपद एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। शहर के सेंट जेवियर स्कूल में दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद 12वीं व ग्रेजुएशन दिल्ली यूनिवर्सिटी से करके इशिता ने यह कामयाबी हासिल की। इशिता का कहना है कि 12 से 14 घंटा रेगुलर स्टडी करके उन्होंने या मुकाम हासिल की है। अपनी इस सफलता के लिए इशिता अपने माता-पिता बा टीचर्स को साधुवाद दे रही है। बेटी की इस कामयाबी पर चिकित्सक माता-पिता बेहद खुश है। इशिता आईएएस बनाकर जिले का गौरव बढ़ांएगी।

मां के साथ इशिता गुप्ता।

सार-संक्षेप

टीएलएम प्रदर्शनी में सीखते लोग। अमृत विचार

शिक्षकों के टीएलएम से बच्चों को मिलेगी मदद

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों के नौनिहालों के पठन-पाठन में शिक्षकों का टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) सीखने की ललक पैदा करेगा। शिक्षा जगत में ऐसे उदाहरणों व उत्पादों को जिनकी मदद से बच्चों को विषय सीखने में आसानी हो या उनमें सीखने की ललक पैदा हो, उन्हें शिक्षण अधिगम सामग्री यानी टीएलएम कहते हैं। उक्त विचार सिविलियन विद्यालय पडरवा में खंड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह ने व्यक्त किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अधिगम सामग्री तो शून्य निवेश से भी जुटाई जाती है। इनमें पुराने रंगीन कागजों का प्रयोग, पत्थर के टुकड़े, रिफिल, पुराने पेन, तीलियां, बीज, पुराने कपड़े आदि शामिल हैं। इनकी मदद से भी छोटा बड़ा, समूह बनाना, चित्र बनाना व तह लगाना आदि सिखाया जा सकता है। शिक्षक मुशीर अंसारी ने कहा कि सुनने में भले ही अटपटा लगे पर बच्चों को गणित ऐसे भले ही न समझ आए पर कंचों व गेंदों को गिनकर गिनती सिखाई जाए तो उनको जल्द समझ में आ जाती है। बताया कि गणित किट में चांदा, पटरी, पेंसिल, रबर, कटर, ठोस आकृतियां, गिनतारा, डिस्क आदि टीएलएम हैं। घड़ी, मानक पैमाना, तापमापी, कमानीदार तुला आदि मॉडल पर्यावरण अध्ययन को समझाने के लिए बच्चों के काम आ सकती हैं। इनमें विभिन्न देशों के झंडे, राष्ट्रीय प्रतीकों के मॉडल भी शामिल हैं। शि बैठक में मुशीर अंसारी, अभिषेक शुक्ला, मनीष मिश्रा, निर्मित शुक्ला, प्रमोद सिंह चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पारिवारिक विवाद में युवती को किया लहूलुहान

बेनीगंज, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने लोहे की राड से युवती पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा निवासी रिंकी पत्नी शिवपूजन शुक्ला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि सोनू पुत्र रंगलाल तिवारी, उमेश पुत्र सूर्यप्रकाश तिवारी, मोनू पुत्र सोनू तिवारी व राज पुत्र उमेश तिवारी आदि ने पुरानी पारिवारिक खुन्नस व लड़ाई के चलते दबंगई दिखाते हुए मेरे दरवाजे पर आकर गालीगलौज कर लोहे की राड से मारने पीटने लगे। जिससें हमारे सिर मे गंभीर चोटें आई हैं। इससे पहले भी हुए विवाद में उचित कार्यवाही न होने के कारण ही आएदिन मारपीट करते रहते हैं। वहीं मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई हैं निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

प्रयास के बाद भी कोटेदारों की नहीं थम रही घटतौली

कछौना, हरदोई। राशन कार्ड उपभोक्ताओं को उनके यूनिट के अनुसार पूरा राशन मिले इसके लिए शासन द्वारा आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कांटे व उससे लिंक मशीन द्वारा वितरण जारी हो गया है। घटतौली को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है, लेकिन अभी भी उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्डों की सभी यूनिट तक अलग-अलग तौलकर पोटली बनाकर कोटेदारों द्वारा घटतौली की जा रही है। इसके लिए कोटेदारों ने पोटली बना रखी है, राशन तौलते वक्त यूनिट के अनुसार दिए जाने वाले राशन के साथ उस पोटली को भी कांटे पर रखकर मशीन में वजन को बराबर दिखा दिया जाता है, लेकिन वजन की गई उस पोटली किसी को दी नहीं जाती है। उस पोटली से केवल मशीन माइनस की जाती है। यूनिट के हिसाब से नये लिंक कांटे पर रखकर अंगूठा लगवा लिया जाता है। फिर पुराने कांटे से राशन तौलकर दिया जा रहा है। कहीं-कहीं राशन उपभोक्ता द्वारा लाई गई बोरी के बजाय बाल्टी में भरकर तौला जा रहा है जिससे उनके राशन में कटौती(घटतौली) की जा रही है। ब्लॉक के अधिकांश (90 फीसदी) कोटेदारों द्वारा घटतौली को लेकर तरह-तरह के तरीके अपनाये जा रहे हैं।

पुलिस ने छापेमारी कर शराब पकड़ी

हरदोई। टड़ियावां पुलिस ने कच्ची शराब की निकासी कर बेचने वालों में थाना क्षेत्र के ग्राम ढफरापुर मजरा साखिन के ओमपाल सिंह, कस्बा व चौकी गोपामऊ के टंडोर तिराहा की प्रीति, ग्राम मामपुर के राजकुमार उर्फ भूरा व ग्राम टेनी के विमलेश पाल और उसी गांव के रहने वाले छुट्टन सिंह को पुलिस टीम ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

लोकसभा चुनाव : नगर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में बढ़ रही रार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई सहित नगर के पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में आपसी रार चुनाव में विपरीत असर डाल सकती है। नगर के अधिकांश पदाधिकारी और कार्यकर्ता अंदर से एक विशेष व्यक्ति की राजनीति से काफी खफा दिख रहे हैं। यही वजह है कि अधिकांश नगरीय कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों में जाने से परहेज करने लगे हैं। मंत्री के आने पर पार्टी कार्यक्रम में यह कार्यकर्ता तो पहुंच जाते हैं, लेकिन मंत्री की गैरमौजूदगी में होने वाले किसी भी कार्यक्रम में यह कार्यकर्ता नजर नहीं आते। नगरीय कार्यकर्ताओं के बीच यह रार तकरीबन दो माह से शुरू हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव से लेकर अब तक नगर कमेटी के मुखिया का पद रिक्त चल रहा था इस पद पर काबिज होने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच रस्साकसी का दौर चला। अंततः नगर अध्यक्ष चुनाव के बाद रस्साकसी का पटाक्षेप हो गया। बस कार्यकर्ताओं के बीच यहीं से रार शुरू हो गई। पार्टी के प्रति समर्पित और निष्ठावान नगरीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का क्रम शुरू हो गया। अधिकांश कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया बदले की भावना से उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है। इसीलिए कार्यकर्ताओं ने मंत्री की गैर मौजूदगी में होने वाले नगर कमेटी के कार्यक्रमों में जाना बंद कर दिया है। खफा नगरीय कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दूरी बना ली है।

मुख्य चौराहे पर लग रहा जाम

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मुख्य चौराहे पर आए दिन लगता है। सड़क किनारे बसें, ई-रिक्शा और ऑटो खड़े होने से लंबा जाम लग जाता है। कई घंटे पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलता है, यह सिलसिला काफी दिनों से चला रहा है, जबकि पालिका द्वारा स्थाई किए गए बस स्टॉप पर कोई भी बस चालक इसका पालन नहीं करता है।

समस्या सीट के लिए करनी पड़ रही जद्दोजहद, बस स्टॉप पर घंटों करना पड़ रहा इंतजार

चुनाव ड्यूटी में गईं बसें, यात्रियों का सफर हो गया मुश्किल

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के लिए परिवहन विभाग की बसों समेत अनुबंधित बसों को लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव हैं। ऐसे में 13 मई को हरदोई का लोकसभा चुनाव छोड़ कर सभी चुनाव में हरदोई से सुरक्षा कर्मियों को रवाना किया जाएगा। पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होना है उसको लेकर लगातार सुरक्षा कर्मियों को रवाना किया जा रहा है। परिवहन निगम की बसों को सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के लिए लगाया गया ऐसे में परिवहन विभाग की बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। हजारों की संख्या में यात्री परिवहन निगम की बसों से यात्रा करते हैं। यह बसे जनपद के कई महत्वपूर्ण कस्बों और गांव से होकर गुजरती हैं। भारतीय रेल में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है जनरल में यात्रियों के खड़े होने तक की जगह नहीं है ऐसे में लोग अब परिवहन निगम की बसों का सहारा ले रहे थे लेकिन परिवहन निगम की बसों को लोकसभा चुनाव में लगा दिए जाने से यात्रियों को भी असुविधा उठानी पड़ रही है।

बस के इंतजार में हरदोई बस स्टैंड पर बैठे यात्री। अमृत विचार

किस दिन कितनी बसें हुईं रवाना

परिवहन निगम के बस कन्नौज, लखीमपुर, कानपुर, सीतापुर, लखनऊ, बरेली, आगरा के लिए जाया करती हैं। हरदोई परिवहन निगम में कुल 146 बसें हैं जिनमें से 129 बस परिवहन निगम की है, जबकि 17 अनुबंधित बसें हैं। परिवहन निगम में कुल आठ नई बसें शामिल की गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर हरदोई परिवहन निगम से 14 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल तक अलग-अलग तारीखों में बसों से सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के लिए लगाया गया है जहां 14 अप्रैल को हरदोई से चार बसें रवाना गई थी वहीं 15 अप्रैल को हरदोई से एक भी बस सुरक्षा कर्मी को लेकर रवाना नहीं हुई वही 16 अप्रैल को हरदोई के पुलिस लाइन से 11 बस सुरक्षा कर्मियों को लेकर रवाना हुई है। ऐसे में हरदोई परिवहन निगम से कुल 15 बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। यह बसें अलग-अलग मार्गों पर संचालित होती हैं। 15 बसों के चुनाव में लग जाने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। कटरा-बिल्हौर मार्ग कुतलूपुर गांव के निकट एक ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राम सिंह 25 वर्ष पुत्र मंगली प्रसाद निवासी मोहल्ला कासूपेट जो कपूर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करता है जो दुकान से अपने घर जा रहा था। अभी अचानक सांडी मार्ग की ओर से आ रहे हैं ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार राम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

एक नजर

जिला बदर गिरफ्तार

टड़ियावां, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा व चौकी गोपामऊ पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। टड़ियावां पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला लालपीर निवासी जिला बदर के अभियुक्त हाफिज अफरोज को गोपामऊ की सैयदबाड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

50 हजार रुपये निकालने का लगाया आरोप

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। मोटर साइकिल की किश्त न जमा कराने को लेकर एक व्यक्ति से दो अज्ञात लोगों पर तलाशी में 50 हजार रूपये निकालने का आरोप लगाया। चौकी राघौपुर में दी तहरीर में देवेंद्र कुमार पुत्र हरिशचंद्र ने बताया कि मंगलवार को दोपहर एक बजे अपनी रिस्तेदारी से आ रहा था, तभी मेहंदीघाट पुलिया से 50 मीटर पहले दो अज्ञात लोगों ने रोक कर कहा कि इस गाड़ी पर कर्जा है। पीड़ित ने कहा कि इस पर कोई कर्जा नहीं है। दोनों लोग जेब से तलाशी लेकर 50 हजार रूपये छीन लिए। एजेंसी मालिक से बात कराई तो कुछ भी नहीं सुना। उक्त दोनों लोगों के पास बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल थी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज ने बताया कि बाइक के फाइनेंस होने का मामला लग रहा है। जांच की जा रही है। श

बेटे की शादी के 10 दिन पहले ही बाप ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। बेटे की शादी से 10 दिन पहले ही उसके बाप ने गांव के बाहर अपने गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही घर में खुशियां आने से पहले ही वहां मातम छा गया। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। हरियावां थाने के लिलवल गांव निवासी 50 वर्षीय अनिल से के तीन बेटे नीरज, धीरज और अंकित के अलावा दो बेटियां है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे नीरज से छोटे बेटे धीरज की शादी बिलग्राम कोतवाली के गनीपुर से तय है, 24 अप्रैल को उसकी बारात जानी थी। सोमवार की रात में अनिल घर से बगैर बताए कहीं चला गया। उसी बीच गांव के पश्चिम अनिल का शव पेड़ में उसके गमछे से बंधा हुआ लटका देखा गया।

तमंचा व कारतूस बरामद

टड़ियावां, हरदोई। कोतवाली पुलिस ने युवक की जामा तलाशी की, इस बीच उसके पास से 12 बोर तमंचा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी फुरकान निवासी बजरिया ग्राम व थाना टड़ियावां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

सती का श्रवण अंग गिरने से स्थापित हुईं श्रवण देवी

हरदोई

अमृत विचार। माता श्रवण देवी शक्तिपीठ पर पूरे नवरात्र श्रद्धालु विशेष पूजन करते हैं। सती का श्रवण अंग यहां पर गिरने के कारण माता श्रवण देवी की स्थापना हुई थी, जिसका उल्लेख देवी पुराण में भी है। नवरात्र के बाद कन्याभोज का यहां पर विशेष महत्व है। जिला मुख्यालय पर मांगलिक कार्य से पूर्व अवश्य होती है श्रवण माता की पूजा।

माता श्रवण देवी जिला मुख्यालय पर सांडी चुंगी के पास विराजमान हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार जब माता पार्वती बिना बुलाए शिव जी के मना करने के बाद अपने पिता दक्ष के यज्ञ समारोह में पहुंच गई थी, लेकिन वहां शिव का अपमान देख वह यज्ञ कुंड में जलकर ही भस्म हो गई। शिवजी पार्वती के यज्ञ में समाहित होने पर काफी क्रोधित हो गए। सती के शरीर को लेकर वह तांडव करने लगे इस दौरान जहां-जहां सती के अंग गिरे, वहां पर शक्तिपीठ की स्थापना हुई। हरदोई में भी माता का श्रवण अंग गिरा था, इसलिए यहां पर श्रवण देवी के रूप में माता विराजमान हुई। इस शक्तिपीठ का उल्लेख देवी पुराण में भी है। नवरात्र पर श्रवण देवी में भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्र व्रत रखने वाले यहां पर कन्याभोज कराने के बाद ही पारण करते हैं। जिला मुख्यालय पर होने वाले मांगलिक कार्यों से पूर्व माता श्रवण देवी मंदिर में मातृ पूजन अवश्य किया जाता है। स्थानीय भाषा में इसे तेल पूजन भी कहते हैं। यहां पर बिना तेल पूजन किए शादी-विवाह, यज्ञोपवीत के कार्यक्रम संपन्न नहीं होते हैं। श्रवण देवी मंदिर पर आषाढ़ पूर्णिमा मेले का आयोजन किया जाता है। यहां पर महिलाएं आषाढ़ी की पूजा करने आती हैं। इस स्थल पर क्वार माह में यज्ञ का आयोजन वर्षों से हो रहा है। यज्ञ में देश के विभिन्न हिस्सों से विद्वान यहां पर आकर धर्म चर्चा करते हैं। शक्तिपीठ श्रवण देवी मंदिर परिसर व उसके आसपास तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने काफी सौंदर्यीकरण कराया था। यहां पर चहारदीवारी के साथ बच्चों के लिए झूले भी लगवाए गए थे।

माता श्रवण देवी व शक्तिपीठ मां श्रवण देवी मंदिर।

माता महागौरी के जयकारों से गूंजे मंदिर

हरदोई, अमृत विचार। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप देवी माता महागौरी देवी की पूजा अर्चना की गई। उपवास रखकर पूजन किया और जयकारे लगाकर भक्ति का वातावरण बनाया। अष्टमी के दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन भी किया। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन साधकों ने अपने घरों में स्थापित देवी माता की पूजा अर्चना की। सुपारी, धूप, दीप, पुष्प, फल निष्ठान आदि से पूजा की और जयकारे लगाकर महाआरती का गुणगान किया। इसके बाद देवी माता के मंदिरों की ओर प्रस्थान किया। यहां पर एक बार फिर से देवी माता के भक्तो में अपना शीश नवाया और मैया के गुण का गुणगान करके भक्ति मय वातावरण बनाया। शहर के काली माता मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, जय शिव भोले मंदिर, श्री श्रवण देवी मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री सिद्धनाथ मंदिर समेत और मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा। बुधवार को देवी माता के नवम स्वरूप देवी सिद्धि दात्री देवी की पूजा अर्चना की जाएगी। साधक इस दिन कन्या भोज करा कर व्रत को पारायण देंगे। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में हवन पूजन भी किया।

बीएसएफ का जवान बताकर छात्रा को दिया विवाह का झांसा, किया दुष्कर्म

तय होने के बाद शादी करने से किया इनकार, तीन लोगों पर केस दर्ज

हरदोई

अमृत विचार। खुद को बीएसएफ का जवान बताते हुए बीए की पढ़ाई कर रही छात्रा को शादी का झांसा दिया, शादी से पहले ही उससे कई बार रिश्ता बनाया, शादी तय हुई, लेकिन बाद में दहेज़ की बात कहते हुए शादी से इंकार कर दिया। इस मामले में पाली पुलिस ने झांसा देने वाले युवक उसकी मां और दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु दी है।

पाली थाने के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि साल 2022 में फतेहगढ़ में किराए पर कमरा ले कर बीए की पढ़ाई कर रही थी, उसी दौरान अभिषेक पुत्र राम सुमेर निवासी ताजपुर भीखपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज गंगानगर कमिश्नरेट (प्रयागराज) ने उसे फोन पर बताया कि वह बीएसएफ में नौकरी करता है और शादी करना चाहता है। सब कुछ सोचने-समझने के बाद छात्रा के घर वालों ने शादी के लिए हां कर दी। सितंबर 2023 में उसने मुंह दिखाई की रस्म करते हुए अंगूठी पहनाई और साल 2024 में शादी होना तय हुआ। उससे पहले अभिषेक ने शादी से पहले उसके साथ पत्नी का रिश्ता भी बनाया, लेकिन दिसंबर 2023 में उसने जहां दहेज़ मिलेगा, वहीं शादी करने की बात कहते हुए उससे शादी करने से इंकार कर दिया। बात बनाने के लिए छात्रा के घर वाले अभिषेक के घर पहुंचे तो वहां उसकी मां लक्ष्मी देवी और भाइयों ललित कुमार व आशीष कुमार ने उन्हे गाली-गलौज करते हुए भगा दिया। पाली पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर अभिषेक, उसकी मां लक्ष्मी देवी और भाइयों ललित कुमार व आशीष कुमार के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

घर में घुसकर किशोरी को बुरी नीयत से दबोचा

हरदोई, अमृत विचार। किशोरी के मां-बाप पूजा करने बरगदिया देवी मंदिर गए हुए थे, उसका भाई दुकान पर था। घर में अकेली किशोरी बाथरूम में नहा रही थी, उसी बीच गांव का युवक दीवार फांद कर घर में घुसा और किशोरी को बुरी नीयत से दबोच लिया। उसके विरोध करने पर युवक ने गला घोंट कर उसकी हत्या की कोशिश की। पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज किया है। सोमवार की सुबह पाली थाने के एक गांव निवासी अपनी पत्नी के साथ पूजा करने बरगदिया देवी मंदिर गया हुआ था, उसका पुत्र दुकान पर था, घर में अकेली पुत्री थी। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि किशोरी बाथरूम में नहा रही थी उसी बीच गांव निवासी गौरव शर्मा पुत्र शिव शरण दीवार फांद कर घर में घुसा और नहा रही किशोरी को बुरी नियत से दबोच लिया। किशोरी के विरोध करने पर गौरव ने गला घोंट कर उसकी हत्या करनी चाही, लेकिन उसी बीच किशोरी के मां-बाप मंदिर से घर पहुंचे, उनके पहुंचते ही गौरव दीवार फांद कर धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पुलिस ने गौरव शर्मा के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

शराब ठेके के सेल्समैन को रास्ते में रोक कर की पिटाई

हरदोई

जांच शुरू

▸▸ डीएम को शपथपत्र देने का हवाला देते हुए धमकाया गया

अमृत विचार। देशी शराब ठेके के सेल्समैन को शहर में पीडबल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने रोक कर पहले तो उसे डीएम को दिए गए शपथपत्र वापस लेने के लिए दबाव बनाते हुए धमकाया और फिर वहीं पर उसकी पिटाई की गई। इस मामले मे करीब पांच महीनें बाद एडीजे (एससी-एसटी) कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

कोतवाली देहात के कौढ़ा निवासी सूरज प्रकाश पुत्र तिलकराम ने एडीजे (एससी-एसटी) कोर्ट में दाखिल की अर्ज़ी में कहा था कि वह शाहाबाद के मौलागंज के देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन है। 24 नवंबर 2023 को वह पैसे जमा करने हरदोई आया हुआ था। पीडबल्यूडी गेस्ट हाउस के पास उसे तीन लोगों ने पकड़ लिया, उसमे से एक युवक ने अपने को अमन बताते हुए चांद बेहटा निवासी चन्द्र विजय यादव को फोन मिलाया, उधर से बोल रहे चन्द्र विजय यादव ने डीएम को दिए गए शपथपत्र को वापस लेने वरना मार कर फेंक देने की धमकी दी। उसके बाद अमन और उसके साथ शामिल दोंनों ने उसकी पिटाई कर दी। सूरज प्रकाश का कहना है कि चन्द्र विजय उससे वसूली करता है, उसने 20 हज़ार रुपये मांगे थे, जिसमें से उसने 10 हज़ार रुपये दिए भी थे। चन्द्र विजय के भाई सूर्य विजय को बघौली पुलिस शराब में मिलावटखोरी करने के आरोप मे. पकड़ चुकी है। इस मामले में कोतवाली शहर पुलिस ने एडीजे (एससी-एसटी) के आदेश पर चन्द्र विजय यादव, अमन और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच सीओ सिटी अंकित मिश्रा को सौंपी गई है।

करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। जल शक्ति मिशन में कोआर्डिनेटर अपने घर में पंखे का तार जोड़ रहा था, उसी बीच उसे करंट लगा और कुछ देर में उसकी मौत हो गई। टड़ियावां थाने के पेंग गांव निवासी देवेन्द्र के चार बच्चो में बड़ी बेटी शिवानी की शादी हो चुकी है, उससे छोटा 20 वर्षीय सचिन बीए की पढ़ाई करने के बाद जल शक्ति मिशन में कोआर्डिनेटर की नौकरी करता था, उससे छोटी बेटी संजना और उससे छोटा बेटा लकी है। मंगलवार की सुबह संजना रसोई में थी, सचिन कमरें में पंखे का तार जोड़ रहा था, उसी बीच किसी के गिरने की आवाज़ सुन कर संजना दौड़ी उसने देखा कि सचिन गिरा पड़ा था, पंखे के तार खुले हुए थे, संजना के चीखने की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। सचिन को करंट लगने का शोर मच गया। उसे मेडिकल कालेज लाया गया, लेकिन फिर भी सचिन को बचाया नहीं जा सका। इस तरह हुए हादसे से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

किसान नेता पर प्रधान पति व कई लोगों ने किया हमला

बेहंदर, हरदोई

अमृत विचार। कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूल पूर आंट निवासी सुजात अली भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के लखनऊ मंडल अध्यक्ष हैं। रविवार रात प्रधान पति खुर्शीद अहमद ने आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। किसान नेता की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानपति सहित आधा दर्जन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के मंडल अध्यक्ष सुजात अली ने थाने मे दर्ज कराई गई एफआईआर मे बताया कि बीते रविवार रात 10 बजे गांव में ही अंबेडकर जयंती के कार्य क्रम में मौजूद था। इसी दौरान गांव की रहने वाली रामरानी आई और गाली गलौज करने लगी और कहा कि थाने मे मेरे विरुद्ध शराब बनाने की सूचना देते हो। पीड़ित की शर्ट का कालर पकड़ कर बताया कि प्रधान पति खुर्शीद ने बुलाया है। गांव के ही रहने वाले मुन्ना उर्फ शाहनवाज के घर के बाहर लाई जहां पर रामू, विनोद, मुन्ना उर्फ शाहनवाज, फरहान, रामरानी, प्रधान पति खुर्शीद व रिंकू निवासी अज्ञात ने जमकर पीट दिया। एसओ राम लखन ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व प्रधान के घर से लाखों का सामान चोरी

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी व पूर्व ग्राम प्रधान रामराज सिंह के घर को बीती रात को अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। चोरो ने यहां से नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर ले गए। लाखों रुपये की चोरी बताई गई है। पूर्व प्रधान रामराज ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव बेहटा बुजुर्ग के पूर्व ग्राम प्रधान रामराज सिंह परिवार के साथ गांव में रहते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को कमरे में सोए हुए थे, जब सुबह उठे तो देखा मुख्य गेट और एक कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

हरदोई, अमृत विचार। मामा के घर मुण्डन संस्कार में शामिल हो कर लौट रहे भांजे की बाइक तेज़ रफ़्तार में चलते हुए पलट गई, जिससे बाइक सवार युवक ज़ख्मी हो गया, उसे लखनऊ रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए युवक के ममेरे भाई को भी चोंटे आई है। लोनार थाने के बरसोहिया निवासी 32 वर्षीय मनोज यादव पुत्र मुन्नूलाल गुड़गांव (हरियाणा) में नौकरी करता था। 13 अप्रैल को गांव आया हुआ था। सोमवार को उसके मामा कृष्ण कुमार निवासी भीठादान थाना बघौली के यहां मुण्डन था। मनोज उसमें शामिल होने गया था, उसी दिन मनोज देर रात को पने ममेरे भाई अंकित के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में बघौली थाने के बरौली के पास तेज़ रफ्तार के चलते उसकी बाइक पलट गई। हादसे में मनोज की मौत हो गई।

दुष्कर्म का आरोपी किया गिरफ्तार

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाली कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती ने बीती 31 मार्च को थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसी के मोहल्ला निवासी सुब्रत पुत्र देवेश्वर त्रिवेदी ने इंस्टाग्राम आईडी से उसकी फोटो वायरल कर दी और अश्लील बातें लिखी। उसके व्हाट्सएप नंबर पर भी गंदे-गंदे फोटो भेजे और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया था और धारा 164 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान भी कराए थे। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद विवेचना के दौरान धारा 376 की बढ़ोत्तरी की गई।

कार्यक्रम भाजपा के बूथ सम्मेलन में बोले भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह

कार्यकर्ता गढ़ेंगे जीत की नई इबारत

सुरसा, हरदोई

अमृत विचार। बूथ सम्मेलन में पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने कहा कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है, कार्यकर्ताओं का उत्साह जीत की नई इबारत गढ़ेगा। सांसद जयप्रकाश के समर्थन में साण्डी विधानसभा के बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने दयानंद इंटर कालेज में भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के साथ सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा को लेकर एक उत्साह का माहौल बना है। सांसद जय प्रकाश ने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं का उत्साह विजय की नई इबारत लिखेगा। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने दावे से कहा कि भाजपा दोनों सीटों पर जीतेगी। इस बीच साण्डी विधायक प्रभाष कुमार, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, साण्डी चेयरमैन रामजी गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, आज़ाद भदौरिया व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। माधौगंज संवाददाता के अनुसार कस्बे के बस स्टॉप चौराहे पर लखनऊ से सांडी विधानसभा सम्मेलन में भाग लेने जा रहे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह का अशोक कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिध राजनाथ सिंह पूर्व प्रमुख विवेक सिंह, बिलग्राम मल्लावां विधानसभा संयोजक नवल माहेश्वरी, पूर्व चेयरमैन उमेश माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, रामनदंनी वर्मा आदि ने फूल माला व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

20 अप्रैल को प्रशिक्षण लें गैरहाजिर मतदान कार्मिक

सीतापुर, अमृत विचार। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण 16 अप्रैल को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल खैराबाद में दो पालियों में क्रमशः 10 बजे से एक बजे तक और दो बजे से पांच बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 2400 पीठासीन अधिकारियों के सापेक्ष 49 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों के कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षित है कि इन कार्मिकों को 20 अप्रैल को प्रथम पाली में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होने के लिये निर्देशित कर दें, यदि इनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही कर दी जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार जितेन्द्र कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

12 किमी पदयात्रा में शामिल होने की अपील

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। समाजसेवी संस्था श्री हनुमान सेवा समिति ने हर वर्ष की भांति हरगांव तीर्थ स्थिति बाबा भोलेनाथ गौरीशंकर दरबार से मंगलवार को प्रातःकाल 6 बजे विराट कीर्तनमयी पदयात्रा निकाली जो गुलरीपुरवा होते हुए हरगांव लखीमपुर पर स्थिति बाला जी धाम पहुंचेगी। कार्यक्रम के आयोजक राम नरेश गुप्त ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी सनातन प्रेमी हनुमान भक्त 12 किमी की पदयात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

सांडा। सकरन के 22 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के 44 शिक्षकों का बीआरसी सभागार में वॉश-अप कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं साफ सफाई व्यवहारों के बारे में टीएलएम सामग्री की मदद से दूसरे बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त और सफल बनाने के लिए विद्यालयों के शिक्षकों को बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जिसके द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं साफ सफाई व्यवहारों के विषय में सिखाया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों से अपील की कि वह प्रशिक्षण को अपने विद्यालय में यथावत लागू कर बच्चों को लाभान्वित करें। प्रशिक्षण में वॉश इंडिया स्टैनफोर्ड टीम की स्वाति अग्निहोत्री, सरिता दुबे, प्रतिमा वर्मा, रौशन जहां के साथ साथ प्रशिक्षु शिक्षक चिन्मय मिश्र, चंद्रेश कुमार, विजय सोलंकी, आलोक मिश्र आदि मौजूद रहे।

गन्ना खरीदे बगैर बंद न हों चीनी मिल : धीरज

कमलापुर। किसान नेता धीरज सिंह ने बताया कि किसानों की हालत दयनीय है। अभी तक चीनी मिल व गन्ना विभाग ने सामान्य किसानों को एक माह में मुश्किल से एक पर्ची मिलती थी, जिसके चलते क्षेत्र के बहुत सारे किसान ऐसे हैं, जिनके खेतों में आज भी गन्ने की फसल खड़ी है और अब चीनी मिल मैनेजमेंट मिल बंद करने के फिराक में है। ऐसे में किसानों को एक दिन में एक ही डेट की चार-चार पर्चियां जारी करके अपना पल्ला झाड़ा जा रहा है। किसान यूनियन यह जानना चाहता है कि अब कहां चले गए सारे नियम कानून कायदे। क्या गन्ना एक्ट नियम का भय दिखाकर मिल मैनेजमेंट द्वारा किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है कि फलां तारीख तक गन्ना ले आओ नहीं तो गन्ना क्रय केंद्र बंद कर दिया जाएगा। इस समय किसानो के आगे गेहूं कटाई के साथ-साथ गन्ना छिलाई की बड़ी समस्या है। किसान नेता ने कहा यदि जनपद में किसानों का समस्त गन्ना खरीदे बगैर किसी चीनी मिल ने अपना गन्ना क्रय केन्द्र बंद किया तो भारतीय मजदूर किसान संगठन किसानों के साथ मिलकर वृहद आंदोलन करेगा।

शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से तम्बौर पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक दर्जन से अधिक निर्मित व अर्धनिर्मित शस्त्रों का जखीरा बरामद किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है।

थाना तंबौर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शातिर अपराधी हसीब उर्फ टेबू पुत्र मतीन निवासी मो. काजी टोला कस्बा व थाना तम्बौर को हद्दी वाली बाग बहानाला से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया। सीओ बिसवां उदय राज ने बताया कि छापेमारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र जिसमें 15 अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित तमंचा, एक अद्धी 312 बोर, चार कारतूस, छह लोहे की नाल एवं भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के संबंध में पुलिस ने पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

रोडवेज बस और डग्गामार वाहन चालकों के बीच झड़प

महमूदाबाद, सीतापुर

▸▸ चालक ने चौराहे पर खड़ी कर दी बस, लग गया लंबा जाम

अमृत विचार। बस स्टॉप पर आए दिन प्राइवेट डग्गामार वाहन चालकों द्वारा सवारियां भरे जाने का मामला अक्सर सुर्खियों में रहता है। नगर स्थित कस्बा चैकी के सामने मुख्य मार्ग पर रोडवेज बस चालक व मैजिक चालक के बीच सवारी बैठाने को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद गुस्साए रोडवेज बस चालक ने बस स्टैंड के पास स्थित चैराहे पर ही बस को खड़ा कर दिया। ऐसे में मुख्य मार्ग पर वाहनों की जाम लग गई।

घण्टों तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के समय जाम इतनी ज्यादा लग गई कि घंटो तक मुख्य मार्ग बाधित रहा। जिसकी सूचना राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने अपने पुलिस बल की सहायता से मुख्य मार्ग पर लगी जाम को हटवाया। जिससे लोगों का आवागमन पुनः शुरू हो पाया।

रोडवेज बस चालकों ने आरोप लगाते हुए कोतवाली में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। आरोप है कि डग्गामार मैजिक वाहन चालक मंगलवार सुबह जब रोडवेज बस स्टॉप के ठीक सामने से ही सवारियां भरने लगा, तो रोडवेज बस चालक गुड्डू ने उसे सवारियों को बैठाने से मना किया तो दबंग डग्गामार वाहन चालक ने रोडवेज चालक से गाली गलौज कर अभद्रता की और उसे ड्राइविंग विंडो से खींचना चाहा। ऐसे में अभद्रता से गुस्साए बस चालक ने चौराहे पर अपनी बस खड़ी करके सड़क जाम कर दी, जिससे चैराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह रोडवेज चालकों से बातचीत करके यातायात पुनः बहाल करवाया।

चालकों से बात करती पुलिस। अमृत विचार

कोतवाल अनिल सिंह ने बताया विवाद की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया। डग्गामार मैजिक वाहन चालक वाहन सहित फरार है, उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की का का स्पष्ट आदेश है स्पष्ट आदेश है कि बस स्टैंड स्टैंड के एक किलोमीटर के दायरे में कोई भी अवैध वाहन स्टैंड न संचालित होने पाए, बावजूद इसके रोडवेज बस स्टैंड से 200 मीटर के अंदर ही निजी बस व मैजिक वाहनो के ड्राइवर सवारियां भरते देखे जा सकते हैं।

छपाई के बाद पोस्टल बैलेट जरूर चेक करें अधिकारी

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अनुज सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिये आवश्यक निर्देश

सीतापुर

▸▸ पोलिंग पार्टियों की रवानगी वाले स्थल पर लगेंगे टेंट

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी तैयारियां होनी है, उन्हें समय से पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का लेआउटिंग करना है। बसें किस प्रकार से खड़ी हो, इसकी व्यवस्था पहले से ही करें। जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, वहां पर छोटे-छोटे टेण्ट अवश्य लगाये जायें ताकि कार्मिकों को परेशानी न हो, वह समय से रवाना हो जायें।

जब पोलिंग पार्टियां रवाना हों, उससे पहले वाहन चालकों को जानकारी दे दी जाये ताकि समय से वह अपने-अपने वाहनों पर तैनात रहें। उन्होंने कहा कि जिन सेक्टर मजिस्ट्रेटों की गाड़ियों में जीपीएस नही लगाये गये हैं उनमें जीपीएस लगा दिये जायें, ताकि लोकेशन का पता चलता रहे। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी गाड़ियां खराब हो, उनको ठीक करा लिया जाये। पोस्टल बैलेट की छपाई से लेकर अन्य गतिविधियों पर महत्वपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करें। पोस्टल वैलेट की छपाई होने के पश्चात संबंधित अधिकारी उसको चेक अवश्य कर लें। प्रेक्षक महोदय के लिये होने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर ठहरने की व्यवस्था है वहां पर टीवी आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। सिधौली, हरगांव एवं मिश्रिख के गेस्ट हाउस को प्रेक्षक के ठहरने हेतु सही करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सही से किया जाये, जिन शिकायतकर्ता की शिकायत प्राप्त हुयी हैं उनसे एक बार वार्ता अवश्य की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि जहां पर स्ट्रांग रूम बनेगा, वहां पर भी जो भी आवश्यक कार्य कराये जाने हैं उन्हें समय रहते पूर्ण करा लिया जाये, वहां पर प्रकाश की व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में रहे ताकि कोई परेशानी न होने पाये। रिजर्व ईवीएम मशीनों को रखने हेतु सरकारी भवनों का उपयोग किया जाये। मॉक पोल करते समय किसी अनुभवी व्यक्ति को साथ में रखें। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विशेष निगरानी रखी जाये, जो भी शिकायतें प्राप्त हो, उनका निस्तारण करते रहें।

सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

खुद मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह के दिशा निर्देशों के अनुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत ''लोकतंत्र में मतदान का महत्व'' विषय 'युवा संसद' का आयोजन सेक्रेट हार्ट इण्टर कालेज के सभाकक्ष में किया गया। युवा संसद में 33 विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रखर सहाय ने सभापति एवं शाहिना अंसारी व अनुष्का श्रीवास्तव ने उपसभापति की भूमिका का निर्वहन किया।

युवा संसद के सत्र के दौरान मतदान संबंधी 10 विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी तथा पक्ष एवं विपक्ष दोनों पर सदस्यों द्वारा विचार प्रस्तुत किये गये। सदन द्वारा ''लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदान से ही राष्ट्र का समुचित विकास सम्भव है'' प्रस्ताव को सर्वसम्मति के पास किया गया। निर्णायक मण्डल ने दीनदयाल उपाध्याय राजकीय पीजी कालेज की श्रुति तिवारी को प्रथम, सीतापुर शिक्षण संस्थान की प्रतिभा सिंह को द्वितीय एवं गौरी शंकर पीजी कालेज के रंजीत वर्मा को तृतीय स्थान दिया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन अत्यन्त सार्थक है। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय को स्वीकार करना या अस्वीकार करना दोनों के विषय में विस्तृत चर्चा अत्यन्त आवश्यक है। युवा संसद में मौजूद युवाओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों एवं तर्कों की भी जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान अवश्य करें एवं अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सांसदों के निर्वाचन के लिये है जो अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी छात्रों को प्रेरित करते हुये कहा कि वह अपने परिवार के मतदाताओं को मतदान करने हेतु अवश्य प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त अन्य परिवारों को पत्र लिखकर भी प्रेरित कर सकते हैं।

नोडल अधिकारी (स्वीप)/मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, प्राचार्य जीआईसी अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में राज शर्मा तथा डॉ. योगेश चन्द्र दीक्षित ने भी सहयोग किया।

गौवंश से टकरा कर बाइक सवार की मौत

घटना के बाद सीएचसी में उमड़ी लोगो की भीड़। अमृत विचार

महमूदाबाद, अमृत विचार। कोतवाली इलाके में मंगलवार की देर शाम आवारा गौवंश से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम लैलखुर्द निवासी मनोज कुमार (32) वर्ष पुत्र राजेन्द्र अपनी बाइक से बाजार से महमूदाबाद की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में बजाज एजेंसी के समीप अचनाक एक गौवंश के आ जाने से बाइक गौवंश से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

धार्मिक मंच पर भाजपा विधायक के सामने उड़ी आदर्श आचार संहिता की धज्जियां

सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड महमूदाबाद के संकटा देवी मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन में मंच पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आया है। यहां मंच पर मौजूद महमूदाबाद सीट से भाजपा विधायक आशा मौर्या के सामने ही एक कार पर सवार बच्चे के साथ भाजपा का झंडा लगाकर प्रलोभन संगीत बजाकर आचार संहिता का जमकर मखौल उड़ाया गया। अमृत विचार इस वीडियो की पुस्टि नहीं करता है।

बताते चलें कि संकटा देवी धाम पर नवरात्र के मौके पर 15 दिवसीय वार्षिक मेले महोस्तव का आयोजन काफी समय से चल रहा है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं भाजपा विधायक आशा मौर्या ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने एक टॉय कार पर बच्चे को बिठाकर भाजपा का झंडा लगाकर बच्चे से मंच हाथ जोड़कर अभिवादन कराया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि धार्मिक मंच पर राम को लाये हम उनको लाएंगे गाने की धुन बजाकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का जमकर मखौल उड़ाया गया। चुनाव आयोग के सख्त निर्देशों के बाद भी धार्मिक मंच पर बच्चे को प्रचार का माध्यम बनाना चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने के बराबर है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक की मौजूदगी और हाथ उठाकर उत्साहवर्धन करना कहीं न कहीं चुनाव आयोग के निर्देशों को दरकिनार करते हुए नजर आ रही है।

टॉय कार में बीजेपी का झंडा लगाये अभिवादन करता बच्चा। अमृत विचार

दो दिन बाद शारदा नहर में उतराता मिला युवक का शव

तम्बौर। थाना इलाके में दो दिनों से शारदा नदी में लापता युवक का शव काफी खोजबीन के बाद घटनास्थल से 50 मीटर दूर उतराता मिला। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताते चले कि क्षेत्र के ग्राम नन्हूई निवासी धर्मेंद्र बीते रविवार की शाम घर से नाराज होकर शराब के नशे मे शारदा नदी मे छलांग लगा दी थी। दो दिनों तक स्थानीय गोताखोरों ने काफी तलाश की लेकिन शव का कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की दोपहर शारदा नहर में घटना स्थल से करीब 50 मीटर दूर युवक का शव उतराता मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिजनों से बात की। जिस पर परिजन शव का पीएम कराने के लिए तैयार नही हुए। थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों को शव को सौंप दिया गया है।

श्रद्धा | वासंतिक नवरात्र के सप्तम दिवस पर भगवती के जगराते का आयोजन

माता रानी के भजनों को सुनकर झूमे भक्त

पैंतेपुर, अमृत विचार। वासंतिक नवरात्र के सप्तम दिवस कस्बा पैंतेपुर में विशाल भगवती के जगराते का आयोजन किया गया। मां वैष्णों जागरण मंडल के कलाकारों ने रात्रि भर मातारानी के भजनों के जरिए सम्पूर्ण रात मां भक्तों को आनंदित किया। वहीं सीतापुर से आए झांकी ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों को आम जनमानस को आनंदित किया। रानी तारामति की संगीतमई कथा एवम प्रसाद वितरण के साथ ही जगराते का समापन हुआ। संचालन नवनीत पांडेय ने किया।

कस्बा पैंतेपुर के जैनी वार्ड में दिलीप राठौर द्वारा आयोजित मां भगवती के जगराते का आयोजन का आरंभ हरिनाम राठौर अटल द्वारा गणेश, भैरव, हनुमान सहित माता रानी के पूजन अर्चन से हुआ। शुरुआत मंडल के कलाकार ओम प्रकाश गुप्त द्वारा भगवान गणेश की वंदना सृष्टि के संचालक, परमेश्वर प्रतिपालक गणराज देवा, संवारों मम काज देवा के साथ ही मां शारदे की वंदना कला कोश वारती हे मां आइए स्वरों को संवारती हे मां आइए, न मैं मांगू सोना चांदी न धन का भंडार, मांगू तो बस इतना दाती दर पे हाथ पसार कभी ये द्वार न छूटे तेरा दरबार न छूटे, भवन मां जइबे माता के सुनाकर भक्तों को आनंदित किया। गायक सोनू शर्मा ने भ्रूण हत्या से संबंधित गीत मम्मी डैडी बोलो इसमें क्या दोष है, गायक ऋषभ अवस्थी ने हो विधा विधि की तुम और शिवा शिव की तुम, भगवती मां सती हो तुम, मां के दरबार चलो सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। सीतापुर झांकी ग्रुप के कलाकारों ने शिव तांडव, काली तांडव, मां भगवती की झांकियों का प्रदर्शन किया। रानी तारामति की कथा के साथ ही जगराते का समापन हुआ। राजेश गुप्त, दिलीप गुप्त, अशोक पांडेय, राजू सोनी आदि भक्त उपस्थित रहे।

मां भगवती के जगराते में झांकी का प्रदर्शन करते हुए कलाकार। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सरकार चुनने का माध्यम सिर्फ वोट, इसलिए मतदान करें

बच्चों को मतदान की शपथ दिलाते शिक्षक।

कमलापुर। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है सभी मतदाताओं को मत करने का अधिकार है। यह बात पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल कसमंडा में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश सिंह ने कही। उन्होंने कहा मतदान महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। भारत की लोकतांत्रिक बुनियाद चुनाव परिणाम पर आधारित है, जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। भारत एक लोकतांत्रिक देश है सही सरकार चुनने का माध्यम सिर्फ वोट ही है इसलिए वोट की महत्ता बहुत ज्यादा है इस महत्व को ध्यान में रखते हुए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। वोट हमेशा बिना भाय व लालच के करना चाहिए अपने सूझबूझ से अच्छे प्रत्याशी को वोट दें। उन्होंने छात्र-छात्राओं और स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग अपने घर के वोटरों को सबसे पहले मतदान करने के लिए भेंजे इसके बाद पड़ोसियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें स्काउट गाइड की हर गांव में टोलिया बनाई जाएगी जो मतदान के पहले सभी को वोट का महत्व बताएंगे और मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ-साथ जिस दिन मतदान होगा उस दिन घर-घर जाकर वोटरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और आप लोग यह कार्य करेंगे कि किसी भी घर का एक भी वोट छूटने न पाए। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश सिंह, अंकित सिंह, नंदराम, ग्रामीण, स्काउट-गाइड एवं छात्र उपस्थित रहे।

इंटरलॉकिंग पर डाल दिया डामर, लोगों मे रोष

निर्माणाधीन सड़क।

खैराबाद। नगर पालिका परिषद खैराबाद के वार्ड संख्या पांच 5 नई बस्ती, पनवाड़िया के अंतर्गत बड़े मखदूम साहब की मजार से राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या 21 को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण वर्तमान समय में कराया जा रहा है। उक्त निर्माण में मानकों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसके सम्बन्ध में वार्ड सभासद उमेश जायसवाल ने जब संबंधित ठेकेदार से निर्माण गुणवत्ता पूर्ण कराए जाने के लिए कहा गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम ऐसा ही निर्माण कर पाएंगे, इसमें कोई सुधार नहीं करेंगे। अब दाल में नमक कोई नहीं खाता सभी को मोटी रकम देने पड़ती है। निर्माण कार्य की लापरवाही का आलम यह है कि लगभग पांच मीटर इंटरलॉकिंग पर भी डामर डाल दिया गया, जिससे उसका भी भुगतान लिया जा सके। इस घटिया निर्माण के कारण पूरे मोहल्ले में बहुत ही रोष दिखाई दे रहा है। वार्ड सभासद उमेश जायसवाल, विशाल, सुरेश, हरद्वारी, मसूद, महादेव प्रसाद सरोज, महेश आदि ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत प्रेषित कर आवश्यक जांच की मांग की गई है।

पूरी तैयारी के साथ ही शिक्षक करें कक्षा शिक्षण कार्य

लहरपुर। प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदीपुर में संकुल शिक्षक कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का किया गया। आयोजन बैठक में न्याय पंचायत के विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में विभिन्न शैक्षिक नीतियों पर चर्चा की गई तथा कक्षा शिक्षण को सरल रोचक और आकर्षक बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री के सुचारू रूप से प्रयोग करने के बारे में प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, निपुण भारत मिशन को सफल बनाने तथा निपुण लक्ष्य को समय से प्राप्त करने में, कक्षा शिक्षण की कार्य योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए शिक्षक को कक्षा शिक्षण पूरी तैयारी के साथ ही करना चाहिए, जिससे बच्चों को सीखने में आसानी होगी और वह निर्धारित लर्निंग आउट कम को सरलता से प्राप्त कर सकेंगें, वर्तमान समय में कक्षा शिक्षण को सरल और प्रभावी बनाने के बहुत से संसाधन उपलब्ध हैं शिक्षक अपनी पसंद, आवश्यकता और सुविधा के अनुसार सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। कार्यशाला में शिक्षक रामचन्द्र वर्मा ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों से बेहतर तालमेल तथा बच्चों से भावनात्मक जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक जुबेर वारिस एवं राजेश कुमार वर्मा ने गणित किट, प्रिंटरिच सामग्री तथा बिग बुक और स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर शिक्षक विशुन कुमार वर्मा, अजीत कुमार राजवंशी, ज्ञान प्रभा देवी, सौरभ दुबे, आशीष कुमार आदि ने भी अपने विचार और अनुभव प्रस्तुत किए।

पीडी ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

महमूदाबाद। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर पीडी गजेन्द्र बहादुर सिंह ने ईआई, जेई पीडब्ल्यूडी के साथ महमूदाबाद ब्लाक में मनरेगा योजना के तहत कराये गये कार्यों का आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और उनकी गुणवत्ता की जांच की। पीडी गजेन्द्र बहादुर सिंह जांच टीम के साथ कण्डी चांदपुर, छंगापुर, धरमपुर, बनवीरपुर, बेहटी, शेखपुर आदि गांवों में मनरेगा योजना के तहत कराये गये अमृत सरोवर, इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण व गुणवत्ता की गहन जांच की। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी, तकनीकी सहायक, आदि उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ निकली मां भवानी की शोभायात्रा

कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

कुतुबनगर, सीतापुर। चैत्र नवरात्र के चलते लोहारखेड़ा स्थित मां भवानी शक्ति धाम मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भवानी की शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस अवसर मंदिर संरक्षक डॉ. जयवीर सिंह ने बताया मां के दरबार में आने वाले भक्तों का उद्धार हो जाता है। मां के दरबार में आते रहिए मां सबका भला करेंगी। इस अवसर पर प्रणव चौहान आदित्य सिंह ओमप्रकाश, अरुण सिंह, नीरज सिंह आदि करीब एक सैकड़ा महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असम्भिन्नार्येमर्याद : पण्डिताख्यां लभेत स : ॥

जो व्यक्ति गंथों–शास्त्रों से विद्या ग्रहण कर उसी के अनुरूप अपनी बुद्धि को ढलता है और अपनी बुद्धि का प्रयोग उसी प्राप्त विद्या के अनुरूप ही करता है तथा जो सज्जन पुरुषों की मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करता, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

नक्सलवाद बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तव में नक्सली समस्या छत्तीसगढ़ जैसे एक राज्य की नहीं पूरे राष्ट्र की समस्या है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। उस पर 25 लाख का ईनाम था। पुलिस ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व गार्ड के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब तीन दिन के बाद वहा पहले चरण का मतदान होने वाला है। निश्चित रुप से सुरक्षाबलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भारत के 12 राज्यों के 220 जिलों में नक्सली फैल चुके है। संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली ग्रसित है अर्थात 92 हजार वर्ग किलोमीटर। वहीं छत्तीसगढ़ नक्सली समस्या के शिकंजे में कसता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की शुरूआत समीपवर्ती राज्य आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे बस्तर से हुई है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में ऐतिहासिक अवधारणा यह है कि नक्सली समस्या उन क्षेत्रों में पनप रही है जहां आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और राजनीतिक पिछड़ापन है।

यह बात सत्य है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित सभी जिले इसी श्रेणी में है। साथ ही नक्सली समस्या पनपने में कहीं न कहीं दोष प्रशासनिक असमानताओं का भी है। यह दोष एवं असमानताएं राजनैतिक प्राशासनिक सामाजिक कुछ भी हो सकता है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके नक्सलवाद से निपटने की रणनीति को अमल में लाते-लाते देश और प्रदेश की सरकारें सही पर सफल क्रियान्वयन चाहती हैं। मगर किस तरह से नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकेगा इसका दावा करना मुश्किल है। सवाल उठ हैं कि आखिर छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की क्या स्थिति है। सरकार कह रही है कि नक्सली बैकफुट पर हैं। आखिर इसमें कितनी सच्चाई है। इसके अलावा नक्सलियों के खिलाफ बनाई गई रणनीति कारगर है या फिर इसमें बदलाव की जरूरत है। देश की सभी प्रांतों की सरकार संयुक्त प्रयास से नक्सलियों को जड़ से समाप्त करने में अपनी शक्ति लगाएं। शिक्षा का, प्रसार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सड़कों का निर्माण जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना आवश्यक है। इन सब गतिविधियों के संचालन में प्रत्येक प्रांत के सरकार अपनी राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता भुलाकर सार्थक प्रयास करें।

आज के संदर्भ में सबके राम का संदेश



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी।

वाल्मीकि ने राम का जो आख्यान वाल्मीकि रामायण में प्रस्तुत किया वह भारत की हर भाषा में काव्य का रोचक कथावस्तु बनता गया। इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न हुए एक ऐसे पुरुष हैं, जो लोगों में रामनाम से विख्यात हैं, वे ही मन को वश में रखने वाले महाबलवान, कांतिवान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। ऐसे राम की कथा महाभारत के वनपर्व, द्रोणपर्व, शांतिपर्व में है। बौद्ध साहित्य में भी तीन जातकों-दशरथ जातक, अनामक जातक तथा सम्बुला जातक में भी रामकथा का उल्लेख है। जैन साहित्य में विमलसूरि कृत पउमचरियम-प्राकृत, आचार्य रविषेण कृत पदमपुराण-संस्कृत, पउम चरिउ -अपभ्रंश में रामकथा वर्णित है जिसमे राम का मूल नाम-पद्म है। संस्कृत साहित्य मे कालिदास, भास, भवभूति, राजशेखर आदि ने अपने महाकव्यों में राम को नायक बनाया। पुराणों में विष्णु पुराण, हरिवंश पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मपुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण, अग्निपुराण, तथा पद्मपुराण में विस्तार से रामकथा का चित्रण है।

हिंदी में तुलसी के रामचरित मानस लिखे जाने के पूर्व ही तमिल में कम्ब रामायण, तेलगु में रंगनाथ रामायण, मलयालम में रामचरित्र कन्नड़ में तोरवे रामायण, असामी में असमिया रामायण, बंगला में कृत्तिवास रामायण, उड़िया में सारलादास तथा बलरामदास के दो रामायण की रचना हो चुकी थी। मराठी और गुजराती में अनेक रामकथाओं के काव्यों का प्रणयन हुआ। आदिम प्रजातियों तथा विभिन्न प्रांतों के लोकगीतों में रामकथा जन जन में गूंजती रही है।

विदेशों में तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण, इंडोनेशिया की ककबिन रामायण के साथ साथ जावा, सूरीनाम, मम्यार और थाईलैंड के रामायण में अपनी-अपनी तरह से रामकथा का वर्णन है।

गीता के रामः शस्त्रभृतामहम-अर्थात शस्त्र धारण कर्ताओं में मैं राम हूं तथा वाल्मीकि रामायण के आदर्श मानव राम जो सदाचरण और पुण्य के प्रतीक हैं, जो रावण जैसे दुष्ट और पाप के प्रतीक का विनाश करते हैं। राम जो उद्धारक हैं शनैः शनैः अलौकिकता की ओर बढ़ते हैं।

कबीर को केवल राम से आशा है –कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए–जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

शतपथ ब्राह्मण से अवतारवाद की अवधारणा उद्भूत होती है। पौराणिक युग में विष्णु का महत्व बढ़ने लगा। त्रिदेवों में विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता हैं, ब्रह्मा और शिव के भी वंदनीय हैं। राम को विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।

उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मण धर्म के जटिल कर्मकांड और यज्ञ्व्यवस्था के विरुद्ध प्रतिक्रिया स्वरूप सुधारात्मक रूप में जब भागवत धर्म का उदय हुआ तो भागवतों के इष्ट कृष्ण थे। राधाकृष्ण के प्रेमतत्व तथा धर्म संस्थापक के रूप में कृष्ण को चरम लोकप्रियता प्राप्त हुई। पांचवीं शताब्दी के आसपास दक्षिण भारत के आलवार संतों ने विष्णु आराधना और विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रति असीम भक्ति भावना प्रसारित किया। आलवार संतों के अंतःकरण और चरित्र दैवीय गुणों से ऐसे आलोकित थे की उन्होंने श्रीहरि विष्णु की भक्ति के माध्यम से समाज के वर्णगत और धनगत विषमता को दूर किया। इनके बारह संतों गुरुवों की ऐसी ख्याति हुई की कालांतर में मंदिरों में विष्णु के साथ उनकी भी प्रतिमाएं लगाकर विष्णु के साथ उनकी पूजा का भी विधान किया गया।

आलवार संतों की ही परंपरा के रामानुजाचार्य -1016-1137 ने राम के सगुण भक्ति और अवतारवाद को विकसित किया। रामानुज संप्रदाय के अंतर्गत रामभक्ति और रामोपासना विषयक सहिंताएं और उपनिषदों की रचना हुई। ईस्वी सन की पहली शताब्दी में राम, विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित हुए उसके एक हजार साल बाद देश में रामोपासना को महत्व मिला जिसमें सर्वाधिक योगदान दक्षिण भारत की संस्कृति का है।

उत्तर भारत में राम भक्ति को लोकप्रियता प्रदान करने का कार्य रामानुज संप्रदाय के ही रामानंद-1356-1470 ने किया। रामानंद दक्षिण में जन्मे की प्रयाग या काशी में इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि रामानंद के अध्यात्म रामायण का राम के ब्रह्मत्व की स्थापना में बड़ा योगदान है। रामानंद ने राम को प्रकृति से परे परमात्मा, अनादि, आनंदघन, अद्वितीय पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया।

चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी तक उत्तर भारत में रामानुज मत का कोई व्यापक प्रचार नहीं था। रामानंद यद्यपि रामानुज संप्रदाय के ही थे। परन्तु स्वच्छंद और स्वतन्त्र विचार के संत होने के कारण उनके गुरु राघवानंद ने रामानंद को पृथक संप्रदाय बना लेने का निर्देश दिया। फलतः रामानंद ने वैरागी संप्रदाय-रामावत संप्रदाय की स्थापना की-चार बरन आश्रम सबहि को भक्ति दृढ़ाई। इस वैरागी संप्रदाय से निर्गुण और सगुण रामोपासना की दो धाराएं निकली। एक धारा में कबीर, रैदास-रविदास, पीपा, धना, सेन आदि थे तो दूसरे सगुण धारा में अनंतदास, तुलसीदास हुए। भक्ति द्रविण उपजी लाये रामानंद, प्रकट करी कबीर ने सात द्वीप नवखंड। भक्ति संप्रदाय के रामानंद के साधुओं की टोली पूरे देश में- जाति पांति पूछे नहि कोई हरी को भजे सो हरी का होइ - का उद्घोष करते हुए रामोपासना का अलख जगाते रहे और रामनाम के महामंत्र को गांव गांव, घर घर पहुंचा दिया।

रामानंद के प्रखर शिष्य कबीर का मूलमंत्र रहा-राम मा दोइ आखर सारा, कहै कबीर तिहुंलोक पियारा-जिन्होंने रामनाम को वेदमंत्र से अधिक महत्त्व दिया-तू ब्राह्मन मैं काशी का जुलाहा मोहि तोहि बराबरी कैसे की बनहि/ हमरे राम नाम कहि उबरे वेद भरोसे पांडे डूब मरहि।

कबीर को केवल राम से आशा है-कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए-जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

सिखों के अतिपावन ग्रंथ आदिग्रंथ में गुरु रामदास ने संत रविदास का यशोगान करते हुए कहा है-रविदास चमार उस्तति करै हरि कीरति निमिष इक गाई/ पतित जाति उत्तम भया चारि बरन पये पगि आई।

अर्थात पतित चमार जाति में जन्म लेकर संत रविदास ने हरि की महिमा का ऐसा गान किया की वे श्रेष्ठ पुरुष बन गए और चारों वर्णों के लोग उमके पांव पड़ने लगे।

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी। वेद -विद्वान् ,वेदांग निष्णात ब्राह्मण इस दलित संत को दंडवत करने लगे थे।

मोसों सकुचत छुई सब छाहून-मैं इतना बड़ा अछूत हूं की मेरी छाया तक छूने में लोग संकोच करते हैं ऐसा तुलसी रामनाम की महिमा से सुखी हुआ-कहा न कियो कहां न गयो सीस काहि न नायो/ राम रावरो बिन भये जन जनमि जनमि जग दुःख दशहु दिसि पायो।

अपने-अपने सब के राम का आज के संदर्भ में यही संदेश है कि-सबसों सनेह सबहि को सन्मानिये। राम वह तत्व है जो सबसे स्नेह करता है—ईर्ष्या द्वेष का कारण नहीं बनता। रामराज का यही उद्देश्य था- सब नर करहिं परस्पर प्रीति चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीति। सभी प्राणियों में प्रेम रहे और सब ब्रह्म -ब्रह्मांडीय नियमों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करते रहें यही रामराज है यही ईश्वरीय सत्ता है। अंत में–जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि/ बंदउ सब के पदकमल सदा जोरि जुग पानि।

प्रसंगवश

पतन का मूल कारण

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जिस संस्कृति में बाहरी दुनियां और उसमें अच्छा करने के बारे में हीन भावना फैलाई जाती रही हो और तथाकथित अध्यात्म विद्या का बेतरीका महिमा मंडन होता रहा हो, वह संस्कृति पतन का स्वागत करती है। यही भारत के पतन का मूल कारण है। शरीर का होना अध्यात्म चिंतन के लिए भी आवश्यक है। शरीर से मुक्त आत्मा अध्यात्म विद्या में कोई रुचि नहीं लेता। और शरीर का होना रोटी मांगता है। यह शंकराचार्य के लिए भी सही है और बुद्ध के लिए भी। भौतिक जीवन में अत्यधिक रति और अध्यात्मिक जीवन की उपेक्षा जितनी निंदनीय है, उतनी ही निंदनीय है। भौतिक जीवन की उपेक्षा और अध्यात्मिक जीवन की प्रतिष्ठा। अति दोनों जगहों पर निंदनीय है।

विज्ञान हमें बताता है कि अल्प मात्रा में सभी ड्रग किसी न किसी बीमारी की दवा हैं। यह तंबाकू, अफीम, धतूरा से लेकर रेडिएशन्स तक सही है। लेकिन वही ड्रग अधिक मात्रा में विष हैं, मारक हैं। उसी तरह सीमा से अधिक भक्ति और अध्यात्म जहर का काम करते हैं और सीमा से अधिक भोग भी, भौतिकता भी। आचार्यों एवं उपदेशकों का कर्तव्य है कि वे इस सीमा का निर्धारण करें और तदनुसार प्रवचन करें।

हमारे उपदेशक बहुधा अनजाने में पाखंडवाद सिखलाते हैं। श्रोता जब विरक्ति, भक्ति, माया, इत्यादि पर अनर्गल प्रलाप सुन कर घर लौटता है तो वह पाता है कि जीने के लिए उपदेशों से हट कर चलना आवश्यक है। इस तरह वह दोहरी जिंदगी जीने के लिए विवश हो जाता है। उसके मुंह में राम और बगल में छुरी रहने लगती है। यह दोहरा जीवन सामाजिक पूंजी के क्षरण का कारण होता है।

अति भक्ति चोरों का लक्षण बन जाती है। हमारा चारित्रिक पतन अति आदर्शवाद के चलते हुआ है। इसमें बाबा लोगों का बहुत बड़ा रोल है। अधिकतर बाबा त्याग और संयम का उपदेश देकर अरबपति बन जाते हैं और कुछ जेल तक चले जाते हैं। इसीलिए, जब कोई आदमी अध्यात्म की बातें करने लगता है तो मैं सावधान हो जाता हूं। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि आए दिन होने वाले प्रवचन सुनने और पतुरिया का नाच देखने में ज्यादा फर्क नहीं है। बाबा और पतुरिया दोनों ही भाड़े पर आते हैं, गायक वादकों के साथ।

हेपेटाइटिस की बढ़ती चुनौतियां और खतरे

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। हेपेटाइटिस शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है- किसी भी कारण से लीवर कोशिकाओं में होने वाली जलन या सूजन। यह तीव्र भी हो सकता है। लीवर की सूजन छह महीने से अधिक समय तक भी रहती है, लेकिन अनिवार्य रूप से इसका कोई लक्षण नहीं दिखाई देता है। आमतौर पर यह ए,बी,सी,डी, और ई सहित हेपेटोट्रोपिक वायरस के एक समूह के कारण होता है। अन्य वायरस भी इसका कारण हो सकते हैं, जैसे कि वैरिकाला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है।

डब्ल्यूएचओ की रपट के मुताबिक लीवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं।

भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब तीन करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लीवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते।

हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लीवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है। भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लीवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं।

हेपेटाइटिस बी को भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है। जो हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, खसरा, रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस, रोटावायरस डायरिया के कारण ग्यारह (हेपेटाइटिस बी को छोड़कर) वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों यानी तपेदिक, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, निमोनिया और मेनिनजाइटिस के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण प्रदान करता है। बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और थाईलैंड विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने वाले पहले चार देश बन गए हैं।

बात ताजा रपट की कि जाए तो चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

सोशल फोरम

दि ग्रेट डिक्टेटर

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

दुनिया के महान कॉमेडियन-फिलॉस्फर चार्ली चैपलिन ने यूं तो कई फिल्में बनाईं लेकिन 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चार्ली चैपलिन की सबसे कामयाब, उद्देश्यपूर्ण और चर्चित फिल्म है। यह चैपलिन की पहली बोलती फिल्म भी रही। हालांकि इसका एक अच्छा हिस्सा ज़रूरत के मुताबिक़ साइलेंट है, चैपलिन की पिछली फिल्मों की तरह। 1940 में रिलीज़ हुई 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चैपलिन ने उस दौर के एक वीभत्स सोच के जर्मन नस्लवादी और खब्ती किस्म के इंसान हिटलर का मखौल उड़ाने की गरज से बनाई थी, जिसके सनकपन ने दुनिया को दूसरे विश्वयुद्ध में धकेला था। लेकिन चैपलिन को कई तरह के खतरे भी थे। ऐसा न हो बजाय हिटलर का मज़ाक उड़ने की जगह वो और उनकी फिल्म ही हंसी की सामग्री बन जाए। और मुमकिन है कि नाजी सोच के लोग उनको दुनिया से उड़ा दें। इसीलिए रिलीज से पहले उन्होंने एक लंबा रिसर्च भी कराया। अपने दोस्तों से सलाह ली। कई ने मना किया कि बहुत बड़ा रिस्क है। हो सकता है कि कई देशों में ये प्रतिबंधित हो जाए। नाज़ियों के समर्थकों और विरोधियों के बीच भीषण दंगे भी हो सकते हैं। युद्ध की विभीषिका झेल रहा यूरोप ज्यादा बड़े संकट में भी आ सकता है। यह भी संभव है कि इस युद्ध में नाज़ियों की जीत हो और नतीजतन चैपलिन को बीच चौराहे सूली पर लटका दिया जाए।

मगर चार्ली चैपलिन ने अपने मित्र डगलस फेयरबैंक्स की सलाह पर फैसला किया कि दुनिया के महाखलनायक का मुकाबला उसी की शक्ल का दुनिया का महाविदूषक चार्ली चैपलिन करेगा। ऐसा करना उनका फर्ज है और मानवता व सच की सेवा भी। जान जाती है तो जाए। जब 'दि ग्रेट डिक्टेटर' रिलीज़ हुई तो सचमुच हंगामा हो गया, सुपर हिट हुई। मगर हिटलर की नाजी सोच के समर्थकों के डर से दक्षिण अमरीका के कई देशों में प्रतिबंधित हुई। यूरोप में भी इसके विरुद्ध प्रदर्शन हुए। कई जगह से फिल्म उतार ली गई। इंग्लैंड ने शुरू में विरोध के दृष्टिगत इसकी रिलीज़ रोकने का फैसला किया। लेकिन कुछ अफसरों ने फिल्म देख कर सरकार को मशविरा दिया कि नाज़ियों के विरुद्ध प्रोपेगंडा के लिए ये फिल्म मज़बूत हथियार है।

–फेसबुक वॉल से

राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है,जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है।

बहु प्रचलित लोक मान्यता के अनुसार राम अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र थे, जिनका जन्म त्रेता युग के अंत में चैत्र शुक्ल नवमी को कौशल्या की कुक्षि से हुआ और उनकी कथा बहु श्रुत है। वैसे इस शब्द का अर्थ और नाम, रूप, विग्रह अनेक हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'रामचरितमानस' में साफ कहा है, 'नाना भांति राम अवतारा। रामायण सत कोटि अपारा'। संत कबीर भी कहते हैं, 'दसरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम कर मरमु है आना'। सामान्यतया राम को इसी चतुर्युगी के त्रेता के अंत में जन्मा माना जाता है। संप्रति वैवस्वत मन्वंतर की 27 वीं चतुर्युगी चल रही है, किंतु हरिवंश पुराण के अनुसार राम 24 वीं चतुर्युगी के त्रेता में हुए। दशावतारों का उल्लेख करने वाले श्लोक में तीन अवतारों को राम कहा गया है, जो हैं परशुराम, राम और बलराम। 'वनजौ वनजौ खर्वः त्रिरामो सकृपोऽकृपः। अवतारादशैवेते कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'। राम के इस 27 वें त्रेता वाले अवतार की कथा वाल्मीकि ने 24 हजार श्लोकों में लिखी, जो सर्वाधिक मान्य है, क्योंकि वे राम के समकालीन थे, जैसा कि इस रामायण के शुरुआती श्लोकों से हो स्पष्ट हो जाता है। इन्हें आदि कवि कहा गया और ज्यादातर यह पहली रामकथा की मान्यता लिए है। वैसे 'दशरथ जातक' इसके पहले की रचना है, जिसमें राम की कथा विद्यमान है।

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है, जिसके नयनोन्मीलन, निमीलन से सृष्टि का सृजन संहार होता है। वेद से पहले भला कौन ग्रंथ था? यानी यह तो त्रेता के पहले की ऋचाएं हैं, भगवान विष्णु की श्वास से निःसृत हुईं और शून्य में व्याप्त हो गईं, जिन्हें ऋषियों ने देखा और संग्रह किया। इसीलिए वे मंत्र द्रष्टा कहलाए और वेद संहिताएं कही गईं। वेदांत ग्रंथ उननिषदों में अलग 'रामोपनिषद्' और 'सीतोपनषद्' हैं। वाल्मीकि के ही एक अन्य संकलन 'योग बासिष्ठ' में रामों की संख्या 73 कही गई है। एक कथा के अनुसार हनुमान जी जब मुद्रिका लिए सीतान्वेषण में तत्पर थे, तो उन्हें प्यास लगी। एक ऋषि आश्रम में वे अंजुली से जल पीने लगे और उसके पहले वह मुद्रिका उनके कमंडलु में डाल दी। जल पीकर जब वे उन्होंने मुद्रिका उठानी चाही, तो उसमें तमाम वैसी ही मुद्रिकाएं दिखाई दीं। चकित हनुमान ने जब ऋषि से पृच्छा की, तो उन्होंने कहा युग युग में आप इसी हेतु आते रहे हैं और ये सब राम मुद्रिकायें ही हैं, जिन्हें आपने जल पीते सभय इसमें रक्खा था। धार्मिक मामलों में तर्क नहीं चलता है। कहते हैं 'मजहब में अकल का दखल नहीं है'। बस इससे राम और उनकी कथाओं की अनन्तता का भान होता है।

दरअसल राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी, जो सबमें रमा है या रमण करता है। यह एक मंत्र है, जिसका जप ॐ के समान परिणाम देने वाला है, जो सृष्टि सृजन के समय हुए 'स्फोट' का स्वर है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त भी उन्हें सबमें रमा हुआ बताते हैं फिर भी अयोध्या पंचवटी आदि में उनका विशेष वास कहा है। कबीरदास ने 'रमैया की दुलहिन लूटा बजार' कहकर राम को ब्रह्म माना है; तभी तो ब्रह्म की माया को 'राम की दुलहिन' बताया है। उनका सम्यक् ज्ञान हो जाने से तो व्यक्ति 'पूर्ण' होकर उनमें समाहित ही हो जायगा, जिसे तुलसी ने 'जानत तुम्हइ तुम्हइ होइ जाई' कहा है। राम वह परब्रह्म है, जो कुतत्वों के निराकरण हेतु 'सम्भवामि युगे युगे' होते हैं, जिनके नाम रूप असंख्य और वर्णनातीत हैं।

बात करना शायद एक लुप्त होती कला



संजय वर्मा
इंदौर

शायद हम सब बात करना भूल गए हैं। अकेलेपन की शिकायत तो करते हैं पर कोई मिले तो आप कैसे हैं से शुरू हो कर कभी घर आईए तक एक दो मिनट में बात खत्म हो जाती है। बातों की डोर के बगैर रिश्ते जुड़े कैसे? बात करना शायद एक लुप्त होती कला है। मैं जिस तरह के लोगों के बीच उठता बैठता हूं वे बहुत पढ़े-लिखे और कामयाब लोग हैं। मगर डिग्रियों और कामयाबी की चिंता में हम सबने अपने सामाजिक हुनर खो दिए हैं। हमारा आईक्यू भले ही ज्यादा हो, मगर सामाजिक बुद्धिमत्ता बहुत कम हो गई है। कभी लगता है समर कैंप में हॉबी क्लासेज में एक क्लास बात कैसे करें पर भी होनी चाहिए।

बात करना सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं है। बतरस का आनंद लेना जैसे एक इमारत बनाने जैसा है जिसमें बातों की ईंट पर ईंट रखकर दीवारें चुनी जाती हैं, किस्सों के मेहराब गढ़े जाते हैं, व्यंग्योक्तियों, मुहावरों के आर्टीफैक्ट्स से सजाया जाता है। बात में से बात निकाली जाती है। मगर अफसोस किसी स्कूल में यह जरूरी हुनर नहीं सिखाया जाता। फिर जब ऐसे अनपढ़ लोग किसी पार्टी में मिलते हैं और उन्हें कोई बात नहीं सूझती तो वे जहरीली सियासी बहस पर उतर आते हैं। आधे एक पार्टी के पक्ष में हो जाते हैं और बाकी दूसरी के। राजनीति पर बहस के अचानक प्रचलन में आने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि लोग कोई दूसरी बात करना जानते ही नहीं।

ऐसे में मुझे मेरी मौसी याद आती है। वे अनपढ़ ठेठ गंवार थीं। न स्कूल गईं न दुनिया देखी। पर जब बोलतीं तो लोग मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातें सुनते। शादी ब्याह में तो जैसे वे फुल फॉर्म में होतीं। हर बात पर कटाक्ष, ताने, मुहावरे, मजाक! लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते। महिलाएं ही नहीं कभी-कभी तो घर के बड़े बूढ़े भी जिनसे उनका ससुर जेठ का रिश्ता था वे भी निशाने पर आ जाते और उन्हें भागने को जगह न मिलती।

इन दिनों चश्मा चढ़ाए आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं बच्चों से कभी बात करता हूं, तो लगता है जैसे कोई मंजिल की चिंता में रास्ते में लगे फूल पौधों को देखना भूल गया है।

पत्नियां पति से बातचीत के नाम पर पुलिसिया इंटेरोगेशन कर रही हैं-कहां गए थे? कब लौटोगे? क्या खाओगे? अमेरिका गए बच्चों के मां-बाप उनसे सुबह-शाम वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं। पर वही घिसा पिटा रिकॉर्ड-आज खाने में क्या खाया, ठंड तो नहीं है, तबीयत कैसी है..! कभी लगता है उन्हें एक दिन की बातचीत रिकॉर्ड कर रोज उसका टेप चला देना चाहिए। शादियों में लोग यूं खामोश बैठे रहते हैं कि किसी शोक सभा का गुमां होता है। जीवन के नौ रस हुआ करते थे, यह फेहरिस्त अब संक्षिप्त होती जा रही है। यह एक अजीब बदलाव है। हमारे पुरखों का एक्सपोजर सीमित था। उन्होंने दुनिया कम देखी थी। हमने उनके मुकाबले ज्यादा दुनिया देखी, ज्यादा घूमे, ज्यादा पढ़े। पर फिर उनके पास हमसे ज्यादा किस्से कैसे थे? क्या इसका संबंध संघर्ष से है? क्या परस्पर निर्भरता की मजबूरी ने उन्हें बात करना सिखा दिया और हमे टेक्नोलॉजी ने आत्म निर्भर बना कर उसकी आवश्यकता खत्म कर दी। हो सकता है जो लोग जीने के लिए संघर्ष करते हों, वे यह किस्सागोई का हुनर सीख जाते हों, और आज जिस मध्यम वर्ग का रोना मैं रो रहा हूं उनके जीवन में कोई संघर्ष ही नहीं है। यदि संघर्ष और किस्सागोई का कोई रिश्ता है, तो इसका मतलब यह मुश्किल समय में जिंदा बचे रहने का जरूरी हुनर है।

एक नजर

मारपीट का मुकदमा दर्ज

परशदेपुर। वार्ड नम्बर 5 के पूरे काजी निवासी गुड्डू पांडेय ने तहरीर देकर पुरानी रंजिश को लेकर मुहल्ले के ही तीन लोगों पर लाठी डंडों से मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने बबलू, शिवम व लल्ला के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तमंचा के साथ गिरफ्तार

परशदेपुर। डीह थाने की परशदेपुर पुलिस ने वार्ड नंबर सात निवासी सलीम उर्फ बल्ले को एक तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि आयुध अधिनियम ने तहत उसे जेल भेज दिया गया।

चार पर मारपीट का केस दर्ज

परशदेपुर। डीह थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे तुमनदार मजरे गोंदवारा निवासी निर्मला ने तहरीर देकर खेत में बकरी चरने को लेकर चार लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने रामप्रसाद, सुमेरा, शैलेंद्र व निर्मला के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थ्रेसर की चपेट में आने से दो लोग घायल, रेफर

रायबरेली। अलग-अलग थाना क्षेत्र के गांव में थ्रेसर की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को आनन-फानन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

27 दरोगा, 466 मुख्य आरक्षी सहित 92 होमगार्ड चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना

एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ ब्रीफिंग कर चुनाव ड्यूटी का पढ़ाया पाठ

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए उपनिरीक्षकों एयर मुख्य आरक्षियों की टोलियां जिले से मंगलवार को रवाना हो गई है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने चुनाव ब्रीफिंग के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चुनाव ड्यूटी में गये 27 उपनिरीक्षक और 466 मुख्य आरक्षियों के साथ 92 होमगार्ड सहित मेसकर्मी रवाना हुए।

बताते चलें कि पहले चरण में सहारनपुर, दूसरे चरण में हापुड़, तीसरे चरण में कासगंज सहित अन्य जिलों में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में भेजा गया है। पुलिसकर्मियों को रवाना करने से पहले पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में चुनाव संबंधी ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव ड्यूटी में लगाये गये पुलिस के जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि निष्पक्षता और शांति व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए पुलिस के जवानों को पूरे मनोयोग, निष्ठा और ईमानदारी से चुनाव कराना होगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने पोलिंग पार्टियों को 12 बसों को पुलिसकर्मियों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र शुक्ल, क्षेत्राधिकारी गोपनीय तेजबहादुर सिंह, सीएफओ सुभाष सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा मौजूद रहे।

चुनाव ड्यूटी में जा रहे बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी व एएसपी सहित सीओ सदर। अमृत विचार

स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

लोकसभा चुनाव के चैथे चरण को लेकर होने वाले मतदान और मतगणना की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को स्ट्रांग रूम सहित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने इस दौरान 11वीं वाहिनीं पीएसी में स्थित स्ट्रांग रुम व मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहें।

बैंक के गार्ड को पत्थर मारकर किया घायल

लहरपुर। नगर के व्यस्तम मजाशाह चैराहा पर स्थित यूनियन बैंक शाखा में उस समय हंगामा हो गया जब एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के अंदर बैठे गार्ड को पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

यूनियन बैंक शाखा में राजवीर यादव 52 वर्ष पुत्र सियाराम यादव निवासी फर्रुखाबाद बैंक गार्ड के रूप में अपनी ड्यूटी अदा कर रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के चैनल के पास से पूरी ताकत से एक पत्थर बैंक के अंदर चला दिया जो बैंक के अंदर बैठे गार्ड राजवीर यादव के चेहरे पर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पत्थर चलने की घटना से बैंक में अफरातफरी मच गयी, घायल गार्ड राजवीर को बैंक में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सियाराम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां घायल बैंक गार्ड का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। वहीं घायल बैंक गार्ड को लाये होमगार्ड सियाराम वर्मा 50 वर्ष की अचानक तबीयत बिगड़ जाने से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सूचना मिली है सीसीटीवी कैमरे से जांच कर पत्थर फेंकने वाले को चिन्हित कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

विशेष शिक्षकों ने दिव्यांगों को घर पर कराया अभ्यास

लहरपुर। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर के द्वारा ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर में शारीरिक रूप से पूर्णतया निशक्त दिव्यांग बच्चों को समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा विभाग द्वारा उनके आवास पर ही विशेष शिक्षकों ने उन्हें अभ्यास कराकर प्रशिक्षित किया। ज्ञात हो कि समेकित शिक्षा विभाग दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और योजनाएं संचालित कर दिव्यांग बच्चों को सीखने तथा पढ़ने लिखने के अवसर प्रदान कर रहा है, इसी के तहत ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर के मजरा ईरापुर में शारीरिक रूप से पूरी तरह से निशक्त बच्चों और उनके अभिभावकों को विशेष शिक्षकों द्वारा घर पर ही सीखने और दैनिक क्रियाओं को स्वयं से ही सम्पादित करने की आदत एवं अभ्यास दिव्यांग बच्चों को कराया गया। विशेष शिक्षक राजीव कुमार वर्मा तथा इंदू देवी ने बताया कि शारीरिक रूप से पूरी तरह अक्षम बच्चों को उनके घर पर ही सीखने के अवसर प्रदान किया जाता है, साथ ही साथ ऐसे बच्चों के अभिभावकों को भी परामर्श तथा निर्देशन के साथ प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिससे अभिभावकों को ऐसे बच्चों को सिखाने में मदद मिलती है। संकुल शिक्षक अनवर अली ने इस मौके पर दिव्यांग बच्चों को प्राप्त करायी गयी शिक्षण अधिगम सामग्री किट को प्रयोग करने और उसके रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

दिव्यांग को घर पर ही अभ्यास कराते विशेष शिक्षक। अमृत विचार

ई-रिक्शा से बैट्री चुरा रहे चोर बाइक छोड़कर भागे

हरगांव। कस्बा हरगांव के वार्ड गुरुदेव नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी सुनील कुमार का ई-रिक्शा सोमवार की रात को घर के बाहर खड़ा था। देर रात में अज्ञात चोर ई-रिक्शा को पड़ोस की बाग में ले जाकर उसकी बैटरी निकालने लगे, उसी दौरान मोहल्ले के कुछ लोग उधर से निकले, जिन्हें आता देख चोर अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। मोहल्लेवासियों ने ई-रिक्शा मालिक को चोरी की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित ने 112 पर काल करके पुलिस को पूरी बात बताई। ऐसे में मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। कस्बेवासियों ने बताया कि रात मे पुलिस गश्त निष्क्रिय होने से चोरो के हौसले बुलंद हैं, पूर्व में भी कई घरों में चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पायी है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात चोर ई रिक्शा का इंजन खोल रहे थे, मोहल्लेवासियों की आने की आहट से बाइक छोड़कर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

मौके पर खड़ी चोरों की बाइक व चुरायी गयी बैट्री। अमृत विचार

जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं

सिधौली। विकासखण्ड कार्यालय के पीछे स्थित अलादादपुर कालोनी के निवासी विनोद सिंह ने 12 मार्च को शिकायत की थी कि उनके मोहल्ले का पूर्व सैनिक विनोद सिंह उर्फ डब्लू सिंह आए दिन शराब पीकर मोहल्ले में हंगामा करता है और लोगों के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करता है तथा 11 मार्च को उसने उनके साथ मारपीट और गालीगलौज की है। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित विनोद सिंह ने दोबारा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की। उपरोक्त दोनों प्रार्थनापत्रों पर 4 अप्रैल को लगाई गई सूचना में उपनिरीक्षक शशांक पाण्डेय ने शिकायतकर्ता पर भी शराब का आदी होने का आरोप लगाते हुए दिखाया कि उन्होंने 4 अप्रैल को दोनों पक्षों के विरूद्ध 107/116 की कार्रवाई की है। इस प्रकरण में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि घटना 11 मार्च को हुई। पीड़ित ने शिकायत 12 मार्च को ऑनलाइन करवाई, 20 मार्च को पुनः ऑनलाइन करवाई, लेकिन उपनिरीक्षक ने आरोपित के विरूद्ध कोई कार्रवाई किए बिना पूरे 22 दिन बाद खानापूरी के लिए मात्र 107/116 की कार्रवाई की और उसी दिन रिपोर्ट भी लगा दी। गौरतलब है कि अलादादपुर कालोनी सिधौली कोतवाली से मात्र तीन सौ मीटर दूर है और आरोपित पूर्व सैनिक विनोद सिंह उर्फ डब्लू दर्जनों लोगों के साथ इसी तरह की हरकतें कर चुका है परन्तु उसके विरूद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

चुनाव सामग्री की जांच पड़ताल करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन सामग्री किट का लिया जायजा

संवाददाता, रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, सुगमतापूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण रूप से संपन कराये जाने के उद्देश्य से जिला सेवा योजन कार्यालय में निर्वाचन प्रपत्र, स्टेशनरी, मतदान, मतगणना सामग्री किट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान टोलियों को किट विवरण के सम्बन्ध में मतपेटिकाओं में रबड़, मोहर, ब्रास सील तथा पेपर सील तथा स्टेशनरी आदि व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रपत्र, स्टेशनरी पैकेजिंग एवं प्रपत्र छपवाने की व्यवस्थाओं को नियमानुसार किया जाए।

समाज में प्रेरणा का काम करते हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम

महमूदाबाद, अमृत विचार। श्री संकटा देवी धाम में चल रहे 15 दिवसीय मेला महोत्सव के दौरान धाम के सांस्कृतिक मंच पर श्रद्धालुभक्तों से भरे खचाखच पांडाल में रात्रि आठ बजे से आरती के पश्चात् आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न देवी-देवताओं और सामाजिक और राष्ट्रीय संदेशों से परिपूर्ण मनोहारी वेशभूषाओं में सजे-धजे बच्चों ने अपने डॉयलाग्स के साथ एक-एक कर कदम रखे तो जोरदार तालियों से दर्शकों की भारी भीड़ ने उनकी हौसला अफजाई की।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में पधारी विधायक आशा मौर्या ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में प्रेरणा का काम करते हैं। धर्म में आस्था लोगों को संस्कारवान बनाती है। जिस प्रकार शिव जी नृत्य के बिना अधूरे हैं वैसे ही व्यक्ति संस्कारों के बिना अधूरा है। कार्यक्रम में पधारी विधायक व अन्य अतिथियों का धाम प्रबंध समिति की संरक्षक डा. एमणि मिश्रा, अध्यक्ष आरके वाजपेयी, त्रिलोकीनाथ मौर्य, मेला मैनेजर अशोक नाग, रमा कश्यप, कृतार्थ मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नारद मुनि बनी महिमा बाल्मीकी को प्रथम, पानी की बूंद के रूप में महक बाल्मीकी, मोदी के रूप में रविशेखर व भूत के रूप में अभिनव वर्मा को द्वितीय व विधायक बने मौलिक दीक्षित, शिक्षिका बनी मान्या पाडेंय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न वेष भूषाओं में बच्चे। अमृत विचार

मेला महोत्सव में आज

संकटा देवी धाम परिसर में चल रहे 15 दिवसीय मेला महोत्सव में रामनवमी के अवसर पर धूमधाम से रामोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने दी।

अल्पसंख्यक मोर्चा के भाजपा मंडल अध्यक्ष पर रंगदारी मांगने का मुकदमा

- अध्यक्ष ने कहा, साजिश के तहत कराया गया मुकदमा

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चे के भाजपा मंडल अध्यक्ष शेरअली के विरुद्ध रंगदारी मांगने का मुकदमा पंजीकृत होते ही पार्टी में हड़कंप मच गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और मण्डल अध्यक्ष ने मामले की शिकायत सांसद स्मृति ईरानी से की है। वहीं पुलिस ने ऐसे समय उक्त कार्यवाही की है जब लोकसभा चुनाव सिर पर है और स्मृति इरानी को जिताने के लिए एक-एक कार्यकर्ता जीतोड़ मेहनत कर रहा है। हालांकि मण्डल अध्यक्ष का आरोप है कि उसे बदनाम करने की बिलाल चौधरी ने साजिस रची है और फर्जी फंसाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री के साथ खड़े अल्पसंख्यक मोर्चा के भाजपा मंडल अध्यक्ष।

सलोन नगर के चौधराना निवासी शेरअली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के मण्डल अध्यक्ष है। एक जमीन के लेनदेन में बकाया रकम मांगने को लेकर कस्बे के ही रहने वाले चौधरी बिलाल अहमद ने बीजेपी मण्डल अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। शिकायती पत्र देकर बिलाल ने आरोप लगाया है कि आरोपी शेरअली ने उससे पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी है। इसके बाद उसके बेटे फरदीन ने उसे धमकाया था। एफआईआर में घटना का उल्लेख 18 मार्च दर्ज है जिसमें बताया गया कि टाउन एरिया के समीप शेरअली ने उससे बतौर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इसके बाद 21 मार्च को उसके बेटे फरदीन ने शिकायत वापस ना लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चे के मण्डल अध्यक्ष शेरअली ने बताया कि बिलाल चौधरी से एक जमीन का पेमेंट बकाया था। उसी को मांगने पर उसने उसके विरुद्ध षड्यंत्र रचते हुए मुकदमा लिखाया है। मामले की शिकायत स्मृति ईरानी से की गई है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने बताया कि उन्हें घटना से संबंधित प्रकरण की जानकारी नहीं है।

एनटीपीसी की बंद यूनिट में मरम्मत का काम शुरू

ऊंचाहार, रायबरेली। तकनीकी खराबी के कारण रविवार की रात बंद हुई एनटीपीसी में 210 मेगावाट की यूनिट संख्या दो में सोमवार की शाम को मरम्मत का काम शुरू हो गया। बताया जाता है कि यूनिट के ब्वायलर के साथ अन्य भाग में ही काम होना है, जिसमें करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। गर्मी बढ़ने के साथ इस समय बिजली की मांग बढ़ी हुई है। ऐसे समय में एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की यूनिट संख्या में तकनीकी खामी आ गई। जिसके कारण यूनिट को रविवार की रात करीब 11 बजे बंद करना पड़ा है। यूनिट के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यूनिट बंद करने के बाद ब्वायलर का तापमान सामान्य होने के बाद सोमवार की शाम को मरम्मत का काम शुरू हुआ है। बताया जाता है कि ब्वायलर ट्यूब के साथ यूनिट के अन्य भाग में भी इसी के साथ काम होगा, जिसमें करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। इस प्रकार एक सप्ताह तक यह यूनिट बंद रहेगी।

गरीबों, किसानों व नौजवानों को भाजपा दे रही धोखाः अनूप

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- महोली क्षेत्र में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने की नुक्कड़ सभाएं

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। भाजपा बीते दस सालों से डबल इंजन की सरकार का ढिढ़ोरा पीट रही है, लेकिन इन दस सालों में विकास के नाम पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मंगलवार को महोली विधान सभा क्षेत्र के बाबली, सारोसा, वजीरनगर, सहसपुर, गुरसंडा, बहादुरपुर, सहुआपुर, सेजखुर्द, बरगांवा, सैतीयापुर आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश के नौजवानों के रोजगार के ढेरों अवसर सृजित किए गए, कोई भी पेपर लीक नहीं हुआ जिसके चलते युवाओं को रोजगार मिला। लेकिन डबल इंजन की सरकार में पेपर लीक होना तो एक परंपरा सी बन गया है। सपा सरकार में ही यूपी को 108 और 102 नंबर की एंबुलेंस सुविधा मिली। छात्रों को लैपटाप और कन्या विद्याधन योजना से लाभान्वित किया गया। इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा।

पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि आज जिस तरह से भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर रही है, जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इसलिए आप सभी लोग एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का काम करें। जन सभाओं को जिला पंचायत सदस्य अशोक राठौर, विधान सभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, कांग्रेस नेता सुधीर पांडेय, संजय सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शिवम आर्य, शिव कुमार भार्गव, कपिल मिश्रा, मोनू दीक्षित, रामबेटी, श्रीकृष्ण यादव, श्रवण राजवंशी, दिलशाद, छंगालाल मौर्य, विपिन राठौर, सचिन गुप्ता, अवधेश कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

समर्थकों व ग्रामीणों के साथ सपा के धौरहरा प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया।

खंभे से टकराकर पलटा ई-रिक्शा, बुजुर्ग की मौत

मिश्रिख, अमृत विचार। कोतवाली इलाके में सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गया। टक्कर लगने से रिक्शे पर सवार एक बुजुर्ग को गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर ई-रिक्शे को कब्जे में ले लिया।

मिश्रिख-कुतुबनगर रोड पर ई रिक्शा नंबर यूपी 34 टी 1904 मिश्रिख से कुतुबनगर होते हुए बीहट जा रहा था। ई-रिक्शे पर सवार लखनऊ के ग्राम बरोरा निवासी मोहम्मद अनवर हुसैन पुत्र स्वर्गीय अब्दुल रहमान उम्र 52 वर्ष अपने परिवार के साथ बिहार जा रहे थे। बताया जाता है कि इस दौरान इस्लामनगर गेट के पास अनियंत्रित रिक्शा एक खंभे से टकराकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग अनवर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गये।

स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को देकर आनन फानन में घायल को इलाज के लिए मिश्रिख सामुदायिक केंद्र ले गये। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को उसे मृत घोषित कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ऑटो रिक्शा को कब्जे में ले लिया गया है शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर कार्यवाही की जा रही है।

परेशानी | दिन भर मिट्टी से लदे घरघराते हैं डंपर, कैसे मिलेगी निजात

उड़ते धूल के गुबार से बढ़ रहे सांस के मरीज, जीना हुआ दुश्वार

- कार्यदायी संस्था द्वारा सड़कों पर नहीं कराया जाता पानी का छिड़काव

जगतपुर, रायबरेली

अमृत विचार। जगतपुर क्षेत्र में निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस-वे बाईपास व लखनऊ-प्रयागराज फोरलेन का निर्माण कार्य लोगों के लिए बीमारी का सबक बन गया है। इन सड़कों के निर्माण कार्य में वाहनों से मिट्टी ढोये जाने से पूरे कस्बे में धूल का गुबार उड़ता रहता है। जिससे लोग परेशान हैं। वाहनों के घरघराने व धूल का गुबार उड़ने से ना खाना खा पा रहे हैं और ना तो लोग सो पा रहे हैं। यहीं नहीं कार्यदायी संस्था द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव न कराने से दमा व स्वांस के मरीज बढ़ते जा रहे हैं।

जगतपुर कस्बे के ओम नगर में जहां गंगा एक्सप्रेस-वे क्रॉस कर रहा है। एचडीएफसी बैंक के अगल-बगल के नागरिकों का जीवन इस समय मुश्किलों से भर गया है। पूरा दिन धूल से लोग परेशान हैं। नागरिक दिलीप मिश्रा, पदम सेठ, विनोद पटेल ने बताया कि सुबह से रात तक इतनी धूल उड़ती है कि घरों के अंदर रसोई तक धूल जम जाती है। जगतपुर के ग्राम प्रधान रमाकांत यादव ने बताया कि लक्ष्मणपुर कस्बे में लल्ली चक्की रोड पर धूल का गुब्बार पूरा दिन उड़ता है जिससे लोग परेशान हैं। आईटीडी के अफसर से शिकायत के बावजूद भी एक टैंकर पानी कभी नहीं छिड़काव किया जाता जिससे अब लोग बीमार होने लगे हैं। यही आलम बैंक ऑफ बड़ौदा के पास का है, लेकिन निर्माण कार्य की एजेंसी आईटीडी के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

डंपर से ढोई जा रही मिट्टी। अमृत विचार

जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने इस मामले में डीएम को पत्र लिखा है। जगतपुर कस्बे के निवासी त्रिलोकी सिंह, अनिल बाजपेई, सीताराम, राजाराम गुप्ता, शिव विशाल, मक्खन, कौशल ने बताया कि पूरा दिन डंपर मिट्टी ढोते हैं। सलोन रोड पर धूल का गुबार उड़ता रहता है, लेकिन कभी भी कार्यदाई संस्थाओं द्वारा पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता।

मती का पुरवा निवासी अरुण सिंह, पूरे सेमान के सूर्य सिंह, सिंकू सिंह, सोनू सिंह, मोनू, बाबेंद्र तिवारी ने बताया कि अगर कोई अफसर एक दिन उनके गांव में रह जाए तो उन्हें दर्द का एहसास जरूर होने लगेगा। धूल के गुबार के बीच हम सब रह रहे हैं और बुजुर्गों का जीवन अब बड़ा कठिन हो गया है, इतना सब कुछ होने के बावजूद भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने की मांग की है।

अपनी ढपली अपना राग

पांच साल में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनेंगे, तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। – योगी आदित्यनाथ

जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। जनता इसको जान चुकी है। – अखिलेश यादव

मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। – भूपेंद्र चौधरी

आप कब तक कांग्रेस पर आरोप लगाते रहेंगे। पिछले 10 वर्षों से तो वे (भाजपा) सत्ता में हैं, उसने आखिर क्या किया। –प्रियंका गांधी

समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेना गुंडागर्दी का प्रमाणपत्र है, सपा की साइकिल पंचर कीजिए और कमल खिलाईए। – केशव प्रसाद मौर्य

हम उनको (केशव मौर्य) ऐसा कर देंगे कि साइकिल का पंचर जोड़ते दिखेंगे। चर्चा में बने रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे। – प्रो. रामगोपाल यादव

चुनावी चक्कर

सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में प्रिया

मछलीशहर लोकसभा की सुरक्षित सीट से सपा ने सुप्रीम कोर्ट की युवा महिला अधिवक्ता प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पूर्व सांसद व वर्तमान में केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद प्रिया ने प्रैक्टिस की शुरुआत सीधे सुप्रीमकोर्ट से की। अब लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। यानि वह सवौच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में किस्मत आजमाने आ गईं हैं। प्रिया सरोज ने पिछले साल नवंबर में ही 25 की उम्र पूरी की। वह भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज को चुनौती देंगी। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रिया कहती हैं कि क्षेत्र के लोगों को जानती हूं, वे मुझे भी मानते हैं। बहरहाल, मछलीशहर सीट का चुनाव सपा लगातार दो बार हार चुकी है।

बालक को देखकर गदगद हुए योगी

पिछले दिनों रुड़की में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना एक जबरदस्त फैन नजर आया। यह फैन एक बालक था जो उनकी ही वेशभूषा में नजर आ रहा था। योगी ने उसे मंच पर बुलाया तो उसने भी योगी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में चुनावी सभा के मंच पर योगी के साथ उनका लिटिल फैन भी बिलकुल उनके अंदाज में नजर आ रहा है। योगी अपने फैन को देखकर मुस्कुराते रहे। वहीं, जब योगी मंच से अपने समर्थकों को देखकर हाथ हिला रहे थे तो हूबहू उनका यह बालक प्रशंसक भी अभिवादन करते दिखा।

चुनावी जंग में छोटे दलों के नेताओं की कड़ी चुनौती

स्वामी प्रसाद, पल्लवी, चन्द्रशेखर व ओवैसी की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के जंग में छोटे दलों के नेताओं को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर व एआईएमवाईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

सपा से नाराज होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी गठित करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर लोकसभा सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित किया है। मौर्य ने इंडी गठबंधन को समर्थन देते हुए पार्टी के प्रत्याशियों के लिए सीटें मांगी थीं, पर इंडी गठबंधन ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। इस पर मौर्य ने खुद को कुशीनगर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की ओर से और भी प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। नगीना सुरक्षित सीट पर प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को उन्होंने समर्थन की घोषणा की है। मौर्य के समक्ष अपनी सीट जीतने के साथ ही, पार्टी के अन्य प्रत्याशियों को जिताने की चुनौती है।

चुनाव में सपा के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए 'पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन किया गया है। गठबंधन में शामिल एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी अपनी पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशियों को चुनाव न लड़ाकर अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। करीब एक दर्जन प्रत्याशियों को अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की तैयारी है। मोर्चा ने फिलहाल तीसरे, पांचवें व सातवें चरण में शामिल सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द व चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है।

जल्द घोषित होंगे पीडीएम के प्रत्याशी

पीडीएम के तहत जल्द ही और प्रत्याशियों के घोषित होने की संभावना है। इंडी गठबंधन से अलग इन दलों व नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से लड़ाई रोचक बन गई है, क्योंकि सपा के पीडीए के जवाब में पीडीएम फैक्टर से प्रत्याशियों को चुनौती मिल रही है।

डिंपल यादव के खिलाफ मायावती ने बदला प्रत्याशी घोषित किये 11 प्रत्याशी

अमृत विचार,लखनऊ: बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को 11 नए प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस प्रकार पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या 56 हो गई है। साथ ही उन्होंने मैनपुरी सीट पर प्रत्याशी भी बदलकर सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को उतारा है।

सोशल इंजीनियरिंग के फामूले को अपनाते हुए मायावती ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार , सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी , गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अभी तक कई जगह पर मायावती ने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं,जिससे वहां संशय की स्थिति बनी हुई है।

सपा का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी।

बसपा नहीं खोल रही है पत्ते

भाजपा व सपा खेमे में बढ़ी बेचैनी जनता को भी है इंतजार

विरेश शुक्ला, हरदोई

जय प्रकाश रावत — उषा वर्मा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए कल से जिले में नामांकन शुरू हो जाएंगे। भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन अभी तक बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जिसे लेकर जहां भाजपा व सपा खेमे में बेचैनी बढ़ रही है, वहीं जनता भी बसपा प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भाजपा व इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों को जनता कई बार सांसद बना चुकी है, लेकिन वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। यही वजह है कि अब तक जिले में चुनाव को लेकर पूरी तरह खामोशी छायी हुई है।

जिले में चौथे चरण में चुनाव होना है। 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा से जयप्रकाश रावत चुनाव मैदान में हैं। वह वर्तमान सांसद होने के साथ-साथ पहले भी कई बार सांसद रह चुके हैं। प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही भाजपा ने चुनाव की तैयारी पूरी करते हुए जगह-जगह बैठकें कर चुनावी माहौल बना लिया है।

वहीं सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने में भी भाजपा ने हाथ मार लिया। भाजपाई मोदी की दम पर चुनाव में दम भर रहे हैं, लेकिन पूर्व में कई बार सांसद रहने के बावजूद जयप्रकाश की जनता से दूरी अभी मतदाताओं को शांत कराए है। जिले में जनता के बीच न तो कोई चुनाव की चर्चा हो रही है और न हार-जीत के बारे में अभी कोई अटकल लगाई जा रही है। इसकी वजह यह है कि इंडिया गठबंधन ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह भी कई बार लोकसभा सांसद यहां से रह चुकी हैं। जयप्रकाश व ऊषा वर्मा की कार्यप्रणाली लगभग एक सी रही। दोनों सिर्फ चुनाव में नजर आते हैं। ऐसा जनता का कहना है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जबकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बसपा के प्रत्याशी की घोषणा न होने से भाजपा व इंडिया गठबंधन के लोग भी चितिंत है। बसपा किसको प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर दोनों दल काफी मंथन कर रहे हैं। जनता भी बसपा प्रत्याशी का इंतजार इसलिए कर रही है कि शायद चुनाव में बसपा उन्हें कोई नया चेहरा दे सके, क्योंकि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशियों को वह अब वर्षों से देख रही है, उनकी कार्यप्रणाली से भी जनता बखूबी वाकिब हो चुकी है।

1991 से रहे सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश रावत भाजपा से लोकसभा का चुनाव जीते थे। वह 1996 तक सांसद रहे। 1998 में ऊषा वर्मा सपा से सांसद चुनी गईं। 1999 में पुन: जयप्रकाश लोकतांत्रिक कांग्रेस से सांसद बने। 2004 से 2009 तक ऊषा वर्मा फिर समाजवादी पार्टी से सांसद बनीं। 2019 में हुए चुनाव में जयप्रकाश फिर भाजपा से चुनाव जीते। वर्तमान में वह हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रत्याशी हैं।

कांग्रेस ने लगाई थी जीत की हैट्रिक

वर्ष 1957 में हरदोई आरक्षित सीट से जनसंघ के शिवदीन और आरक्षित सीट से कांग्रेस के छेदालाल गुप्ता ने जीत दर्ज कराई। उस दौरान हरदोई संसदीय क्षेत्र से दो सीटें हुआ करती थीं। इसके बाद वर्ष 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के ही किंदरलाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1977 में जनता पार्टी से परमाई लाल, 1980 में कांग्रेस के मन्नीलाल एवं 1984 में कांग्रेस के किंदरलाल ने पुन: जीत दर्ज की।

भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका

वर्ष 2014 में भाजपा से अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले और जीते। जबकि बसपा से शिव प्रसाद वर्मा, सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से सर्वेश कुमार हारे। इसी तरह 2019 में भाजपा से जय प्रकाश को 5,68,143 वोट मिले और जीते। जबकि सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से वीरेंद्र कुमार को हार का सामना करना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका है।

9वीं बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे जय प्रकाश

भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए सांसद जय प्रकाश का 9वां चुनाव होगा। आठ बार वह सीधे जनता से और एक बार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से वह पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। तीन बार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1991 और 1996 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से चुनाव लड़कर जीते थे। 1998 में हार गए थे। 1999 में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते थे।वर्ष 2004 में मोहनलालगंज से सपा के टिकट पर लड़कर जीते थे। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़कर हार गए थे, लेकिन इसी साल राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रह थे। वर्ष 2014 में वह मिश्रिख से सपा के टिकट पर लड़कर हारे थे। वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से सांसद चुने गए।

आईना : हरदोई लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
जय प्रकाश रावत	5,68,143
उषा वर्मा	4,35,669
वीरेन्द्र कुमार	19,972



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	अंशुल वर्मा	3,60,501
बसपा	शिव प्रसाद	2,79,158
सपा	उषा वर्मा	2,76,543
कांग्रेस	सर्वेश कुमार	23,298

2019 नोटा	2014 नोटा
11,024	7,660

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	ऊषा वर्मा	2,94,030
बसपा	राम कुमार कुरील	2,01,095
बीजेपी	पूर्णिमा वर्मा	54,115

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	बुलाकाई राम वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	द्रोहर शिवदीन	जनसंघ
1957	छेदा लाल गुप्ता	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962,67व 71	किंदर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	परमाई लाल	जनता पार्टी
1980	मन्नी लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	दयालु लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	परमाई लाल	जनता पार्टी
1990	चौधरी चंद राम	जनता दल
1991 व 96	जय प्रकाश रावत	भारतीय जनता पार्टी
1998	उषा वर्मा	समाजवादी पार्टी
1999	जय प्रकाश रावत	लोकतांत्रिक कांग्रेस
2004 व 09	उषा वर्मा	समाजवादी पार्टी
2014	अंशुल वर्मा	भारतीय जनता पार्टी
2019	जय प्रकाश रावत	भारतीय जनता पार्टी



कुल मतदाता- 30,12,336
पुरुष मतदाता- 15,78,041
महिला मतदाता- 14,34,227

वर्चस्व बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रहे जयंत

- रालोद प्रमुख और पत्नी चारु चौधरी जुटे एनडीए को जिताने में

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

अमृत विचार: पहले चरण में पश्चिम उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। सियासी चौसर बिछ चुकी हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए व इंडी गठबंधन में सिमट चुके लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा बड़े राजनैतिक दलों के साथ ही समर्थक दलों की भी दांव पर लगी है। पिता चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी के लिए पश्चिम उप्र. की राजनीति में धुरी बने रहने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए उन्होंने पश्चिम उप्र. की हर सीट पर पत्नी चारू संग जाकर सभाएं कर रहें हैं।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति जाट, मुस्लिम और किसानों के आस-पास ही घुमती है। इन तीनों वर्ग के मतदाता चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते थे। इस क्षेत्र में लोकसभा की 27 सीटें हैं, यही वजह है कि चुनाव के ऐन वक्त पूर्व, केन्द्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर, पश्चिम उप्र. के मतदाताओं के दिलों में न केवल पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि जयंत चौधरी के भाजपा गठबंधन में आने का बड़ा मौका दे दिया।

हुआ भी वही, इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन चुके जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को बड़े दिल वाला बताते हुए, एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गये, इतना ही नहीं इसके लिए उन्होंने सीटों से समझौता भी किया, इंडिया गठबंधन में मिली छह सीटें को बलिदान कर यहां मात्र दो सीटों पर ही संतोष किया है।

ऐसा था परिणाम

राजनीतिक खिलाड़ियों की माने तो समझौता सीट का नहीं है, बल्कि पश्चिम उप्र. में वर्चस्व बरकरार रखने की है। इसके अलावा रालोद को भी मजबूती से खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें एनडीए से मिली दोनो सीटें बिजनौर और बागपत सीट पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के अलावा पश्चिम उप्र. में एनडीए के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने की है।इसके लिए जयंत चौधरी कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं, भाजपा के प्रस्तावित चुनावी प्रचार में मंच साझा करने वाले रालोद प्रमुख खुद के साथ पत्नी चारू चौधरी को भी प्रचार की जिम्मेदारी दिये हैं, पहली बार चौधरी परिवार की किसी महिला द्वारा, क्षेत्र में महिला मतदाताओं के बीच पहुंच कर, राजनैतिक पैठ बनाने की कोशिशे की जारी हैं।

राजनीति से दूर हुए राजघराने, दरबारों में सन्नाटा

कभी सांसद, विधायक बनने की रखते थे चाहत, अब टिकट से वंचित

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: सांसद या विधायक बनकर अपनी शान-ओ-शौकत और रूतबे को बदलते वक्त के साथ बनाये रखने की चाहत रखने वाले राजघरानों के लोग अब कहां है? दरअसल, प्रदेश से वास्ता रखने वाले राजघरानों के न तो राजा और न ही युवराज राजनीति में अब सक्रिय दिख रहे। उनके दरबारों में भी इस बार सन्नाटा पसरा है। या तो पार्टियों ने उन्हें टिकट देना बंद कर दिया या फिर उनकी स्वयं राजनीति में दिलचस्पी खत्म हो गई? एक जमाने में राजा-महराजों का राजनीति में पूरा दखल रहता था। लेकिन 2024 के चुनाव में उनका दखल खत्म होते दिख रहा है। राज्य के बड़े-बड़े राजा इस बार चुनाव से बाहर हैं। हालांकि एक वक्त था जबकि राजघरानों के पुरुष ही नहीं महिलाओं के लिए भी राजनीति का मंच बड़ा मुफीद था।

राजकुमारी रत्ना सिंह

प्रतापगढ़ में कालाकांकर रियासत की वंशज राजकुमारी रत्ना सिंह 11वीं, 13वीं और 15वीं लोकसभा का चुनाव लड़ लोकसभा पहुंची थी। नेशनल इलेक्शन वाच नामक एनजीओ ने एक समय उन्हें सबसे धनी सांसद माना था। 2014 में वह कुंवर हरिवंश सिंह से चुनाव हार गई थी। इसके बाद कुछेक बार वह राजनीति में सक्रिय दिखी। भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ सीट से टिकट फाइनल करने के बाद वह भी राजनीति में निष्क्रिय हो गईं।

राजा अरिदमन सिंह

आगरा के भदावर राजघराने के राजा अरिदमन सिंह बाह विधानसभा से छह बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। 2009 में लोकसभा का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। 2012 से 2017 के बीच वह सपा के भी सदस्य रहे हैं। बाद में वह अपनी पत्नी रानी पक्षालिका सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। फिलहाल इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है।

कुंवर आरपीएन सिंह

कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (आरपीएन सिंह) कुशीनगर के सैंथवार शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह गृह मंत्रालय में पूर्व राज्यमंत्री रहे हैं। 15वीं लोकसभा में कुशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2014 में उनको भाजपा के राजेश पांडेय से चुनावी मात मिली। 2019 में भी वह हार गए। 2020 में आरपीएन सिंह को एआईसीसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। 2022 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

कुंवर अक्षय प्रताप सिंह

जामोन स्टेट के उत्तराधिकारी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 2004 में सपा से जीते थे। 2009 में राजकुमार रत्ना सिंह से हार गए। पांचवी बार प्रतापगढ़ से एमएलसी बने। अक्षय प्रताप सिंह कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक जांच सीबीआई कर रही है। फिलहाल लोकसभा-2024 के चुनाव में वह निष्क्रिय दिख रहे हैं।

राजा अजेय प्रताप सिंह

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मांडा स्टेट के राजा वीपी सिंह के पुत्र अजेय प्रताप सिंह जनमोर्चा पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। बाद में पार्टी का कांग्रेस में बिलय हो गया था। 1956 में जन्मे अजेय प्रताप बतौर पार्टी अध्यक्ष कुछ दिनों तक तो राजनीति में सक्रिय रहे, लेकिन 2012 के बाद वह पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे। राजनीतिक गलियारों में अब अजेय प्रताप की चर्चा भी नहीं होती है।

राजा संजय सिंह

अमेठी स्टेट के राजा संजय सिंह 1980 के दशक में उप्र. में दो बार एमएलए चुने गए और राज्यमंत्री भी रहे। 1990 में कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। 1998 में लोकसभा का चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे। 15वीं लोकसभा में भी सदस्य बनकर पहुंचे। राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार सुल्तानपुर सीट से उन्हें टिकट मिल सकता है। लेकिन मेनका गांधी को टिकट मिलने के बाद संजय सिंह लगभग निष्क्रिय दिख रहे हैं।

बेगम नूर बानो

रामपुर के लोहारू रियासत में अमीन-उद-दीन अहमद खान और शौकत जहां वेगम के घर में जन्मी बेगम नूर बानो 11वीं और 13वीं लोकसभा में सदस्य रही हैं। 10 वर्ष तक राजनीतिक विश्राम के बाद उन्होंने 2023 में फिर से राजनीति में सक्रियता दिखाई और रामपुर की जनता समेत इंडी गठबंधन को भी हैरत में डाल दिया था। हालांकि 2024 में उन्हें टिकट न मिलने से मायूसी हाथ लगी।

कुंवर भारतेंद्र सिंह

बिजनौर के राजपरिवार के संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र सिंह 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इससे पहले 2002 और 2012 में वह विधायक चुने गए थे। 2012 से 2014 तक भारतेंद्र सिंह भाजपा से विधानसभा में सचेतक के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं। जाट समुदाय से संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र को 2015 में अवैध खनन से जुड़े एक मामले में काफी विवादों के सामने करना पड़ा। 2019 में वह बिजनौर लोकसभा का चुनाव हार गए। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से गायब हैं।

चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच योगी ने की गोसेवा

अमृत विचार,लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर पहुंच कर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद योगी मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। बाद में उन्हें योगी ने अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।

गुजरात में क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगा सकती है भाजपा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों से भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है। अबकी बार 400 पार का नारा लेकर चल रही भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सभी 26 लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की राह तैयारी में जुटी है। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है।

गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। भाजपा जहां फिर से सभी सीटें हथियाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चला रही है, वहीं राज्य में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर भाजपा की क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक रोकने के लिए दमखम लगा रही है। 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिसल की थी और 2017 के विधान सभा चुनाव में सत्ता के करीब पहुंची कांग्रेस को केवल 17 सीटों पर समेट दिया था। इसके बाद से 2024 के चुनावों में क्या कांग्रेस वापसी कर पाएगी ? इसे लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं।

कांग्रेस को 40 फीसदी से अधिक वोट मिलने पर ही कुछ सीटें मिल सकतीं हैं

- हालांकि यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोट मिले थे और पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

पिछले चुनाव में कांग्रेस पर थी 30 फीसदी वोटों की बढ़त

गुजरात राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है, और कांग्रेस का जनाधार घट रहा है। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस क्रमशः 32 .86 और 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी।

32.86 प्रतिशत कांग्रेस को 2014 के चुनाव में मिले थे मत

32.11 प्रतिशत कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मिले थे मत

59.05 भाजपा का 2014 लोकसभा चुनाव में था मत प्रतिशत

62.21 प्रतिशत भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले मत

1.17 फीसदी 2014 लोस चुनाव में आप के थे मत

13.0 आप को 2022 के विस . चुनाव में मिले थे मत

आप पर विस चुनाव जैसे प्रदर्शन, कांग्रेस पर वोट शेयर बढ़ाने का दबाव

- कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के आंकड़े अब इतिहास हैं। उनका तर्क है कि मतदाताओं की भावनाओं में बदलाव और एक नए गठबंधन के गठन के साथ दोनों दल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपने एकीकृत मोर्चे के लिए अधिक संख्या में समर्थक जुटाने में सक्षम होंगे। अब यह तो समय ही बताएगा कि दोनों के गठबंधन को एक साथ कितना वोट शेयर मिलता है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा को क्लीन स्वीप से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन करना होगा, वहीं कांग्रेस को भी सीटें हासिल करने के लिए अपना वोट प्रतिशत 40 के आसपास पहुंचाने के लिए जोर लगाना पड़ेगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

- **2014 और 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल की थी जीत**
- **कांग्रेस ने किया है आम आदमी पार्टी से गठबंधन लेकिन वोट शेयर में दोनों दल काफी पीछे**

विस चुनाव में कांग्रेस व आप को 40% तो भाजपा को 52% मत

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए वह चुनाव का इंतजार नहीं करती। भाजपा संगठन हमेशा सक्रिय रहता है। वहीं कांग्रेस का जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। इसी के चलते वह चुनावी चुनौती में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जमीनी हालत से वाकिफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति बदली है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप की साझा मतदाता हिस्सेदारी 40 .2 प्रतिशत थी।

मन में राम...तन में राम

जात-पात का इम्तिहान ले रहा चुनावी अध्यात्म

फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट

7.20 लाख ओबीसी मतदाता | **4.70** लाख दलित मतदाता

मतदाता होंगे भाजपा को दिव्य और भव्य जीत दिलाने में निर्णायक

- **लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा, सपा विधायक अवधेश प्रसाद व बसपा के सच्चिदानंद पांडेय बने रोड़ा**

विवेक सक्सेना, अयोध्या

ऐसा माना जा रहा था कि भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या यानी फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा इस बार अपने किसी दिग्गज को चुनाव के मैदान में उतार कर राम मंदिर के संदेश को रामराज्य का ऐसा जयघोष बनाएगी जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वह भावना बलवती होगी, जिसमें धार्मिक तथा जातीय आधार की कोई जगह नहीं होगी। लेकिन पार्टी ने इस तरह का कोई भी जोखिम उठाने के बजाए अपने मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर ही भरोसा जताना ठीक समझा। हालांकि भाजपा की संभावित रणनीति से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी पहले अपने बड़े दलित नेता अवधेश प्रसाद को फैजाबाद सीट से प्रत्याशी घोषित कर प्रचार भी शुरू करा दिया था। जिले की सोहावल और मिल्कीपुर विधानसभा से नौ बार चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद सपा से उसकी स्थापना के समय से जुड़े हैं। फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। वह मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाते थे। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के मुकाबले बसपा सुप्रीमो मायवती ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए अंबेडकरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को मैदान में उतारकर चुनावी लड़ाई रोचक बनाने का प्रयास किया है।

अमृत विचार : अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट ने राम मंदिर बनने से पहले सियासत और आस्था के तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। सरकारें बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन अयोध्या नहीं बदली। हालांकि अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जगमग हो उठी है। चारों ओर माहौल राममय है। हर रोज एक लाख दर्शनार्थियों का आगमन, नया रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, चौड़ी और चमचमाती सड़कें। सरयू के सजे-संवरे घाट, होटलों की श्रृंखला, टाउनशिप का काम, पर्यटकों की सुविधा के हर इंतजाम, अयोध्या के विकास की नई कहानी सुना रहे हैं। लेकिन चुनाव हैं तो हर बात कसौटी पर कसी जाएगी। जाति-बिरादरी की भी बात आएगी। यही वजह है कि चौराहों और चौपालों पर होने वाली चुनावी चर्चा में राम मंदिर और विकास के साथ जाति, वर्ग और क्षेत्र सब कुछ मथा जा रहा है।

फैजाबाद सीट पर 1957 के चुनाव में स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस के राजाराम मिश्र जीते थे। इसके बाद चार चुनावों में कांग्रेस का ही कब्जा रहा। 1967 और 1971 में स्वतंत्रता सेनानी राम कृष्ण सिंहा कांग्रेस से दो बार चुनाव जीते। इमरजेंसी के बाद पहली बार यहां हवा का रुख बदला। जनता पार्टी के अनंतराम जायसवाल सांसद चुने गए। लेकिन 1980 में फिर कांग्रेस ने वापसी की। जय राम वर्मा सांसद चुने गए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के चुनाव में कांग्रेस से निर्मल खत्री जीते। इसके बाद फिर समीकरण बदले और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव सांसद चुने गए।

विधान सभा चुनाव में चार सीटों पर खिला कमल एक पर दौड़ी थी साइकिल

- फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर और अयोध्या शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। दरियाबाद से सतीश शर्मा, रुदौली से रामचंद्र यादव, बीकापुर से अमित सिंह चौहान और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता ने कमल खिलाया था, जबकि मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद विजयी हुए थे।



2014 का जनादेश



भाजपा	लल्लू सिंह	4,91,761	48 प्रतिशत
सपा	मित्रसेन यादव	2,08,986	21 प्रतिशत
बसपा	जितेंद्र कुमार	1,41,827	14 प्रतिशत
कांग्रेस	निर्मल खत्री	1,29,917	13 प्रतिशत

राम मय माहौल में भी जाति-बिरादरी का गुणा-गणित

- भाजपा की मानबिंदु फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर राम मंदिर की स्थापना के बाद बने माहौल में पार्टी और प्रत्याशी लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा है। इससे पहले यहां से 1991 और 1996 में लगातार दो बार भाजपा से विनय कटियार जीते थे। अब लल्लू सिंह भी पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। उधर, सपा को उम्मीद है कि दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक में दलितों को जोड़कर भाजपा का खेल खराब कर देंगे। जबकि बसपा ने भाजपा से आए सच्चिदानंद पांडे को इस प्रत्याशा में उतारा है कि वह ब्राह्मण-दलित वोट बैंक को एकजुट करके पार्टी की जीत का रास्ता बनाने का प्रयास करेंगे।

राम मंदिर आंदोलन में खुला भाजपा का खाता

- 1991 में राम मंदिर लहर में भाजपा ने यहां पहली जीत दर्ज की। फायर ब्रांड नेता विनय कटियार सांसद बने। 1996 के चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लेकिन 1998 में चुनाव सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने जीता। लेकिन 1999 में हुए चुनाव में फिर से विनय कटियार ने जीत हासिल की। मित्रसेन यादव 2004 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने, तो 2009 में कांग्रेस से निर्मल खत्री दोबारा जीते। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में जीते भाजपा के लल्लू सिंह 2019 में भी यहां से सांसद बने।

सपा के पीडीए और बसपा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

- मंदिर और विकास के साथ यहां जीत के लिए जातीय समीकरण भी अहम हैं। हिंदू मतदाताओं में सबसे ज्यादा 7 .20 लाख ओबीसी हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या यादवों की है। इसके बाद कुर्मी, पाल आदि अन्य जातियां हैं। दलित मतदाताओं की संख्या 4 .70 लाख है, तो सामान्य वर्ग के मतदाता 5 .65 लाख गिने जाते हैं। ओबीसी वोटरों की संख्या सर्वाधिक और उनके बाद दलित मतदाता होने से माना जा रहा है कि यहांसपा के पीडीए और बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के रणनीतिक कौशल की परीक्षा होगी।

2019 का जनादेश



भाजपा	लल्लू सिंह	5,29,021
सपा	आनंद सेन	4,63,544
कांग्रेस	निर्मल खत्री	53,383

विरासत की जमीन पर हैट्रिक में शह-मात की सियासत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीसरी बार एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए ताल ठोंक रहे राजवीर सिंह
- भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए सपा और बसपा ने बिछाई बिसात

अमृत विचार : विपक्ष कहता है विरासत से तय नहीं होते सियासत के फैसले तो पक्ष कह रहा है कि सियासी जमीन तो हमने भी तैयार की है। कोई अपनी तैयार सियासी जमीन पर चुनाव जीतने का दावा कर रहा है तो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मभूमि पर उनके पुत्र राजवीर विरासत की तैयार पिच पर सियासत की हैट्रिक मारने को आतुर दिख रहे हैं। यह हैट्रिक चुनौती पूर्ण होगी या आसान यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा, फिलहाल गली, गलियारों में विरासत की सियासत की चर्चा तेज है।

प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में हिंदू हृदय सम्राट की पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के नाम से आज भी मतदाता प्रभावित हैं। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पिछले एक दशक से वे अपने पिता की कर्मभूमि में सांसद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने सांसद तो कई बदले, पुराने सांसदों को भी बार-बार मौका दिया, लेकिन एक दशक पहले ऐसा मौका आया जब यहां की सियासत विरासत में तब्दील हो गई। पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र 2014 के बाद 2019 में भी चुनाव जीत गए और इस बार हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। इस सीट के मतदाताओं ने 17 चुनाव में कुल 8 सांसद चुने हैं। इनमें सबसे पहले सांसद बने रोहनलाल चतुर्वेदी को चार बार, महादीपक सिंह शाक्य को पांच बार मौका दिया। महादीपक सिंह शाक्य एक बार कासगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीते। लेकिन 2009 तक हुए चुनाव में एक भी सांसद ऐसा नहीं हुआ, जिसे यह पद विरासत के तौर पर मिला हो। सभी ने अपनी सियासी जमीन बनाने में कड़ी मेहनत की। 1989 में कांग्रेस से सलीम इकबाल शेरवानी चुनाव लड़े थे, जो भाजपा के महादीपक सिंह शाक्य से हार गए। 2009 में यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने चुनाव लड़ा। जिन्हें सपा ने समर्थन दिया था। वह आसानी से चुनाव जीत गए।

उनके कार्यकाल के बाद यहां की विरासत संभालने का मौका उनके पुत्र राजवीर सिंह को मिला। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वह सपा प्रत्याशी से बड़े अंतर से जीते। यह विरासत 2019 में भी कायम रही दोबारा उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह को हराया। 2024 में भी भाजपा ने राजवीर पर ही भरोसा जताया है और वह एटा सीट पर महादीपक सिंह शाक्य के बाद दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए मैनपुरी के देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। उधर, बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान मैदान में उतारकर मुस्लिम कार्ड खेला है तो सपा पहले ही मुस्लिम को अपना वोट बैंक मानती है। इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर उसने नया गणित तैयार किया है। सभी के अपने आंकड़े हैं। ऐसे में गुणा, गणित का दौर तेज हो गया है।

राजवीर सिंह

देवेश शाक्य

मो. इरफान

नृत्य कर लुभाया...

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिलाने की कोशिश में लगातार प्रचार कर रहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में महिला मतदाताओं के साथ नृत्य कर उन्हें पार्टी से जोड़ने की भरपूर कोशिश की। प्रियंका के साथ कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए।

एक नजर

राजभवन संग्रहालय में जल्द लगेगा नया प्रवेश द्वार

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन के संग्रहालय में जल्द नये डिजाइन का प्रवेश द्वार लगेगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को इलाहाबाद संग्रहालय समिति की ओर से प्रस्तावित मुख्य द्वार के डिजाइन का अवलोकन किया। राज्यपाल ने आयरन गेट के अन्य डिजाइन विकल्प भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद ने मुख्य द्वार की थ्रीडी ड्राइंग व डिजाइन, प्रवेश द्वार लोकेशन, साइट फोटोग्राफ, संग्रहालय भवन के डिजाइन एलीमेंट डिजाइन कॉन्सेप्ट, प्रवेश द्वार के साथ टिकट काउंटर, शौचालय सुविधा के साथ गार्ड रूम, लगभग सौ बैग स्टोरेज क्षमता वाला लगेज रूम, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरा क्षमताओं सम्बन्धी प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने बताया प्रस्तावित गेट संग्रहालय के वर्तमान स्वरूप से मेल खाता है।

डिफाल्टर बिल्डरों पर 2,000 करोड़ बकाया

आवास विकास परिषद ने बिल्डरों की बनाई सूची, भूखंड लेकर नहीं जमा किया पैसा, फ्लैट बनाकर बेच दिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवास एवं विकास परिषद ने भूखंड लेकर पैसा जमा न करने वाले डिफाल्टरों की सूची बनाई है। इन पर 2,000 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें सबसे अधिक डिफाल्टर गाजियाबाद की मंडोला योजना, लखनऊ में वृंदावन योजना, आम्रपाली योजना और अवध विहार योजना के आवंटी हैं। इन बिल्डरों ने आवास विकास से भूखंड लेकर पैसा ही जमा नहीं किया और आवंटियों को फ्लैट भी बेच दिए। पांच वर्षों से ये बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक और शैक्षणिक भूखंड शामिल हैं।

- **भेजी गई अंतिम नोटिस बकाया जमा न करने पर निरस्त होगा आवंटन**

अब आवास विकास ने वसूली के लिए इन बिल्डरों की सूची तैयार की है। इनको पैसा जमा करने के लिए अंतिम नोटिस भेजी जा रही है। बकाया धनराशि ब्याज सहित जमा न करने पर बिल्डरों व आवंटियों के भूखंड का आवंटन निरस्त करके आवास विकास अपने कब्जे में लेगा। इसके बाद ई-नीलामी से इन भूखंडों को बेचेगा।

आरसी जारी होने के बाद भी नहीं हो पाई वसूली

भूखंड लेने के बाद पैसा जमा नहीं करने वालों से धनराशि वसूली के लिए परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा। जिलाधिकारी कार्यालय से वसूली पत्र भी जारी किया गया। इसके बावजूद धनराशि की वसूली नहीं हो पायी। जांच में सामने आया कि कई बिल्डर आवंटियों को फ्लैट बेचकर गायब हो गए। परिषद का लगभग 1,000 करोड़ रुपये डूब गया है।

अधिकारियों ने चहेते बिल्डरों को दे दिए भूखंड

आवास विकास के अधिकारियों एवं सम्पत्ति प्रबंधकों ने अपने चहेते बिल्डरों को जमकर भूखंड बांटे। 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर योजनाओं में बेशकीमती जमीन आवंटित कर दी। इसके बाद बकाया पैसा जमा कराना भी भूल गए। वसूली के लिए दबाव बनाया और न आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की। परिषद का लगभग 2,000 करोड़ रुपये फंस गया है।

> किस बिल्डर पर कितना बकाया है मुझे पता नहीं है। जानकारी करके बकायेदारों से वसूली के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**बलकार सिंह**, आवास आयुक्त, उप्र आवास एवं विकास परिषद

डिफाल्टर आवंटियों पर निगरानी की व्यवस्था नहीं

आवास विकास में भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी से किया जा रहा है। हाल ही में कर्मचारियों के वेतन व ठेकेदारों का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू हो गई है। लेकिन डिफाल्टर आवंटियों पर निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है। आवास विकास के जोन कार्यालयों में आवंटन के बाद रजिस्ट्री और किश्तों के भुगतान का विवरण रहता है। मुख्यालय द्वारा बकायेदारों की रिपोर्ट जोन कार्यालयों से मांगी जाती है। मुख्यालय में सम्पत्ति विभाग द्वारा रिपोर्ट दबा दी जाती है। जिससे जोन स्तर से वसूली की कार्रवाई नहीं हो पाती है।

सभी थानों को मिलेंगे एसी हेलमेट, ऑटोमेटिक छाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **यातायात कार्मिकों को सहूलियत देने के लिए यातायात निदेशालय ने की पहल**
- **हर मौसम में राहत प्रदान करेगा हेलमेट, कहीं भी खड़ा कर सकते हैं छाता**

अमृत विचार : तपती गर्मी में यातायात कर्मियों को राहत प्रदान करने के लिए यातायात निदेशालय ने अपने कार्मिकों को वातानुकूलित हेलमेट देने का निर्णय लिया है। हेलमेट को पहनकर यातायात कर्मी चौराहों पर खड़े होकर यातायात संचालित करेंगे। हेलमेट निर्धारित तापमान का होगा, जिससे उन्हें न सिर्फ गर्मियों में, बल्कि कड़ाके की ठंड और बरसात में भी राहत मिलेगी। निदेशालय ने प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक थाने में चार-चार हेलमेट और छाता देने का निर्णय लिया है।

यह हेलमेट हैदराबाद की एक कंपनी द्वारा तैयार किया जा रहा है। मशीन बैट्री द्वारा संचालित होगी। एक बार की चार्जिंग में आठ घंटे तक मशीन चलती रहेगी। हेलमेट में लगी एसी एक चिप द्वारा नियंत्रित होगी। बैट्री संचालित होने के कारण एसी की तीव्रता बहुत कम होगी, लेकिन गर्दन के ऊपर के सभी भागों, यथा सिर, नाक, कान, आंख, आदि को शीतलता प्रदान करेगी। हेलमेट की लागत करीब 12 हजार से 15 हजार के बीच आ रही है। इसी तरह यातायात कर्मियों को जो आटोमैटिक छाता दिया जाएगा, वह हल्के वजन का होगा। छाता खोलने के बाद वह चौराहे अथवा किसी भी स्थान पर एक स्टैंड पर खड़ा हो जाएगा। काम खत्म होने के बाद छाता बंद करने की स्थिति में वह एक छोटे से बैग में भी आ सकता है। अफसरों का कहना है कि कार्मिकों को राहत प्रदान करे के लिए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही एसी और छातों को थानों में भेजा जाएगा। अभी कानपुर कमिश्नरेट में इसकी शुरुआत भी कर दी गई है।

> प्रदेश में लगभग 1500 थाने हैं। प्रथम चरण में प्रत्येक थाने में चार-चार हेलमेट और छाता भेजने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने कार्मिकों को तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह निर्णय लिया है, हालांकि हेलमेट सभी मौसमों में काम आएगा।
>
> –**डॉ. बीडी पॉल्सन**, एडीजी यातायात, उप्र.

सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। नेताओं ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वाले बसपा नेताओं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा वर्मा (अम्बेडकरनगर), जोनल को-आर्डिनेटर विजय कुमार (कुशीनगर), जोनल को-आर्डिनेटर व जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू (बांदा), जिला पंचायत सदस्य नीरज प्रजापति (बांदा), जिला पंचायत सदस्य आदित्य यादव (आजमगढ़), नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह (प्रतापगढ़) व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय सोनी (प्रतापगढ़) शामिल हैं। इसी तरह, बसपा से अनीता द्विवेदी (उन्नाव), शीतल कुशवाहा (जालौन), अशोक कुमार तिवारी (सिद्धार्थनगर), डॉ. सरोज पाण्डेय (आजमगढ़), घनश्याम पाण्डेय (प्रयागराज), जिला पंचायत सदस्य ब्रजकुमारी पाण्डेय (प्रयागराज), सूर्य प्रताप सिंह (फिरोजाबाद) व पार्षद अमित चौधरी (लखनऊ) शामिल हुए।

इसी तरह, सपा से पूर्व प्रदेश महासचिव दया शंकर सिंह यादव (गाजीपुर), पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सिंह पटेल (मीरजापुर), ब्लॉक प्रमुख मीरा यादव (उन्नाव), सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख धीरेन्द्र यादव (उन्नाव), केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लहुबीर व्यापार मंडल के संगठन मंत्री संजय मिश्रा (वाराणसी), सपा सिन्धी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी (कानपुर), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक संजय यादव (हमीरपुर), ब्राह्मण युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय (आजमगढ़) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस के पूर्व पार्षद आशीष सिंह सुजल (लखनऊ) व पूर्व प्रदेश सचिव दीपक सिंह (बाराबंकी) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

विभिन्न पार्टियों के नेताओं को भाजपा कार्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

400 के संकल्प को पूरा करें: ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब व किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की सभी 80 सीटें जीतकर अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना है।

इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक आज उतरेंगे चुनावी मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ : इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक 17 अप्रैल को चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करेंगी, जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से किए हुए किसी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने जनता को सिर्फ छला है। 10 साल से जनता सिर्फ जुमला सुन रही है, मन की बात सुन रही है, लेकिन काम की बात आज तक कभी भाजपा नेताओं के मुंह से नहीं निकली है। जनता अब अपने मन की बात भाजपा नेताओं को बताएगी। केंद्र में बदलाव होगा। मोदी सरकार की विदाई तय है।

तकनीक से ही रुकेगा साइबर अपराध

इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस के छात्रों को दी गई जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में छात्रों को साइबर सिक्योरिटी से जुड़े पहलुओं की जानकारी मंगलवार को गृह विभाग और पुलिस विभाग के अफसरों द्वारा दी गई। छात्रों को ड्रोन, डिजिटल डाटा, ऑनलाइन फ्रॉड आदि की रोकथाम आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

पुलिस महानिदेशक रूल्स एवं मैनुअल आशीष गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिवेश में डिजिटल डाटा का प्रयोग विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम के लिए अपराधियों द्वारा किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिये साइबर सिक्योरिटी ही एक मात्र तरीका है। बताया कि इसे आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) प्वाइंट सिक्योरिटी एवं क्लाउड सिक्योरिटी के माध्यम से डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई केस स्टडी भी छात्रों से साझा किए। ड्रोन विशेषज्ञ मिलिंद राज ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस को ध्यान में रखते हुए कैसे ड्रोन के उपयोग से अपराध स्थल पर साक्ष्य खोज एवं बचाव कार्य किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के ड्रोन के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष रूप से प्रशिक्षित भी किया। इस अवसर पर, विशेष सचिव (गृह) योगेश कुमार अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ सतीश कुमार एवं उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव सहित संस्थान के शिक्षक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते संस्थान के अधिकारी।

77 हजार विद्यार्थी होंगे छात्रवृत्ति से वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा**
- **पोर्टल दोबारा खोलने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक**

अमृत विचार : साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-2024) में 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को आवेदन करने के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं इसको लेकर बैठक होगी।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं।

समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को आवेदन के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं। अगर अवसर दिए जाने पर सहमित बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

सहारा हॉस्पिटल हुआ मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल का नाम अब 'मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' हो गया है। यह जानकारी मंगलवार को मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के अध्यक्ष और निदेशक अभय सोई ने दी, साथ ही बताया कि भविष्य में शहीद पथ पर स्थित 5.6 एकड़ भूमि पर 500 बिस्तरों वाला नया अस्पताल स्थापित किया जायेगा।

अस्पताल परिसर में ही प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से 2500 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। योजना अंतर्गत 150-200 करोड़ रुपये से अस्पताल में 265 बिस्तर बढ़ाने के साथ ही चिकित्सकीय सेवाओं को अत्याधुनिक बनाया जायेगा। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की शुरुआत, अंग प्रत्यारोपण और रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम शुरू किया जायेगा।

वर्ग पहेली-42

बाएं से दाएं

1. युवा (स्त्री और पुरुष का) वर्ग
3. वृत्त अथवा गोलाई खींचने का एक उपकरण।
6. ठाकुर होने का भाव, ठकुरायत 2. राज्य या उससे संबंध रखने वाला अधिकार या समृद्धि, प्रभुता, स्वामित्व 3. बड़ों के प्रति होने वाली श्रद्धा या प्रीति 4. शासनाधीन प्रदेश।
8. दे. ख़रीददारी।
9. 1. हज़ार सिपाहियों का सरदार 2. मुगल शासन में सरदारों को दिया जाने वाला एक ओहदा।

ऊपर से नीचे

2. ऐसे शब्द जिनके अंत में 'इ' हो
4. 1. जो धृष्टता करता हो, बेअदब 2. बड़े-बुज़ुर्गों का आदर न करने वाला
3. संकोच न करने वाला, निर्लज्ज 4. अशिष्ट, अक्खड़ 5. साहसी, निडर, निर्भय 6. हठीला, दुराग्रही 7. स्वेच्छाचारी।
5. 1. दुनियादार होने का भाव या गुण 2. व्यवहार-कुशलता, लोकचातुरी 3. सांसारिक प्रपंच, लोकाचार, लोकव्यवहार, संसार का जंजाल 4. घर-गृहस्थी का कामकाज, घर-परिवार का प्रपंच, गृहस्थी का झंझट या बखेड़ा 5. लोगों को दिखाने के लिए किया गया आचरण।
7. 1. भेदी 2. गुप्तचर 3. रहस्य जानने वाला।



वर्ग पहेली -41 का हल

1 जु	लू	स	■	■	2 ठ
साँ	■	3 अ	पी	ड़	न
दा	■	नु	■	■	ठ
■	4 अ	धि	दे	य	न
5 गा	व	■	श	■	■
■	भा	■	■	■	■
■	6 स	दा	च	र	ण

सुडोकू-121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	3				5			9
		7		4			8	
2					6			
		5			8			1
	1						2	
4			9			5		
			2			6		3
	4			5				
9			3				4	7

सुडोकू -120 का हल

5	7	3	6	8	1	9	4	2
4	8	6	3	2	9	1	5	7
2	1	9	5	7	4	6	3	8
6	4	2	8	1	5	3	7	9
7	3	5	9	4	6	2	8	1
1	9	8	2	3	7	5	6	4
9	5	7	4	6	2	8	1	3
3	6	4	1	9	8	7	2	5
8	2	1	7	5	3	4	9	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 15.14 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



व्रत/त्योहार- राम नवमी

दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा पूर्णरात्रि तक।

मेष – आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों पर रोक लगाएं। आज जीवनसाथी से परामर्श कर काम करना लाभकारी होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव बढ़ने की आशंका है।

वृष – आज व्यवसाय में आपको पुराने अनुभवों का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय दे सकते हैं। आज आप अपनी कार्यक्षमता को अच्छी तरह से परख भी सकते हैं। उच्च पदस्थ लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन – आज ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय-व्यय में उत्तम सन्तुलन बना रहेगा। मन की किसी दुविधा का निराकरण होगा। परोपकार के कार्यों में रुचि लेंगे। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।

कर्क – आज नव उद्यमियों को शासन से सहयोग प्राप्त हो सकता है। भावुक होकर निर्णय करने से नुकसान होने की आशंका है। छोटे भाई-बहन को लेकर आप चिन्तित हो सकते हैं। किसी पर ज्यादा निर्भर होना ठीक नहीं है।

सिंह – आज नजदीकी लोगों से गलतफहमी उभरेगी। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आने की आशंका है। अधूरे कार्यों के कारण तनाव हो सकता है। आपका मन काफी अशान्त हो सकता है। दूसरों के कार्यक्षेत्र में आपको प्रभाव डालने से बचना चाहिए।

कन्या – आज कार्यक्षेत्र की बाधाओं का निवारण होगा। अति आत्मविश्वास से बचने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।

तुला – आज आप पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भावनाओं का ध्यान रखें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अपने कार्यों को दूसरों के साथ शेयर न करें।

वृश्चिक – आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर थोड़ी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करेंगे। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।

धनु – आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। परिवार में लोगों को नाराज न करें। अपने मत को किसी पर भी न थोपें। वरना आपके भावों को समझने के बजाय उल्टा अर्थ समझ सकते हैं।

मकर – आज व्यावसायिक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। विरोधी आपसे आकर्षित रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिल सकता है। आज काफी धार्मिक विचारों से प्रभावित हो सकते हैं।

कुंभ – आज आलस्य से आपको बचना चाहिए। परिवार में कलह हो सकती है। महिलाएं थोड़ी भावुक रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। किडनी के रोगियों को समस्या हो सकती है।

मीन – आज कार्यक्षेत्र में शानदार सफलता मिल सकती है। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को जॉब के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपका मन काफी शान्त रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च करेंगे। छोटी बातों का बतंगड़ बनाने से बचें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **शक्तिमान** – दोपहर : 01.54
- **चालबाज** – शाम : 05.21

&pictures
- **2.0** – सुबह : 10.32
- **शेरदिल : द पीलीभीत सागा** – रात : 08.00

SONY PIX
- **कैप्टेन फिलिप्स** – सुबह : 11.30
- **सॉल्ट** – रात : 07.48

ZEE CINEMA
- **त्रिदेव** – सुबह : 11.30
- **दिल का क्या कसूर** – शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- **जुर्माना** – सुबह : 11.48
- **भागम भाग** – रात : 08.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दोस्त- तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?

चिंटू- तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला...

दोस्त- चेन चांदी की थी क्या?

चिंटू- नहीं साइकिल की..

दोस्त फिर तो तेरी बीवी ने बिल्कुल ठीक किया

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।

सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।

चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,

रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72943	22147
गिरावट	456	124
प्रतिशत में	0.62	0.56

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति **कुन्तल** : चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** : चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 **मलका** : 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** : अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** : बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 **आटा मैदा** : मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050 **किराना** : नारियल 120-140 हल्दी 175-225 लाल मिर्च 225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380 अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा** : चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 ।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 बोल्ड 1155 डीएमओ 885।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	85500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75100
गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	75,500
सोना रवा	75,350
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,100
चांदी (999)	83,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	75000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74000
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

लगातार तीसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़का

पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव से प्रभावित हो रहा बाजार, निफ्टी में 0.56 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और हाल-फिलहाल नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। अनुमान से अधिक मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद चिंता बढ़ी है। इससे यह धारणा बढ़ गई कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर कटौती में देरी कर सकता है। इससे डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आईटी क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गयी। मुख्य रूप अमेरिका में सोच-विचारकर किए जाने वाले खर्च में कमी की आशंका से कंपनियों की कमाई प्रभावित होने के अनुमान से आईटी कंपनियों में गिरावट आई। इसके अलावा, घरेलू कंपनियों के चौथी तिमाही के हल्के वित्तीय परिणाम का भी बाजार पर असर है। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.57 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मिडकैप 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ।

औद्योगिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में वुमलुनमंग वुअलनाम ने कहा कि योजना सफल रही है। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रोत्साहनों पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए और ड्रोन उद्योग को अपने दम पर टिकना चाहिए। नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में उन्होंने कहा कि ड्रोन के लिए विशेष विवरण जल्द जारी किए जाएंगे।

अच्छे और विविध निवेश अवसर पेश कर सकता है भारत

न्यूयॉर्क। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रीनिवासन ने कहा कि भारत निवेशकों के लिए सबसे अच्छे तथा सबसे विविध निवेश अवसरों में से एक पेश कर सकता है।श्रीनिवासन ने देशभर में अग्रणी डिजिटल बुनियादी ढांचे का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में सभी सही चीजें की हैं। श्रीनिवासन ने बताया कि वस्तु एवं सेवा कर के कार्यान्वयन, दिवाला विनियमन, व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के उपायों, कॉर्पोरेट करों में कमी के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश का हवाला दिया।

डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से रहें सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है।

नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है।

नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।



पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है।

राष्ट्रीय

एक नजर

सिरसा में 17 से 19 तक बंद रहेंगे शराब के ठेके

सिरसा। हरियाणा के उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त आलोक पासी ने बताया कि राजस्थान में 19 मई को विभिन्न हिस्सों में मतदान होगा, जिसमें हनुमानगढ़ जिला भी शमिल हैं। चुनाव आयोग की हिदायतनुसार मतदान वाले क्षेत्र के साथ लगती राज्य की सीमा के तीन किलोमीटर दायरे में मतदान प्रक्रिया समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले शराब ठेके, बार, आहते व शराब संबंधी कारोबार बंद किया जाना आवश्यक है। हनुमानगढ़ जिला की सीमा सिरसा के साथ लगती है। इसलिए हनुमानगढ़ जिला की सीमा के साथ लगते सिरसा के तीन किलोमीटर क्षेत्र में पडने वाले सभी शराब ठेके, बार, आहते 17 अप्रैल को शाम से लेकर 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगे। इस दौरान शराब संबंधी कारोबार पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीमें चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र में लगातार निगरानी करेंगी। कहीं पर भी उल्लंघना पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सबसे तेज वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत : सीतारमण

जयपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रह सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह यहां जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं। सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आपने देखा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। हम आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं।

तृणमूल घुसपैठियों को संरक्षण देती है पर सीएए का करती है विरोध : मोदी

टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभ से कर दिया वंचित

बालुरघाट, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून सीएए का विरोध कर रही है।

मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को पट्टे पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी। मोदी ने कहा कि इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं। लेकिन टीएमसी, पिछले वर्षों की तरह राज्य में रामनवमी समारोहों का विरोध कर रही है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी, साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसियां इन भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर भी हमला किया जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध करती है।

मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है।

अमेरिका में हिंदुओं पर हमलों के मामलों में हुई है वृद्धि

नई दिल्ली। भारतीय-अमेरिकी सांसद ने अमेरिका में हिंदुओं और हिंदुत्व के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होने का दावा करते हुए आगाह किया कि यह नियोजित हिंदू-विरोधी हमलों के शुरुआत भर है।

श्रीथानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों में हुई हालिया वृद्धि की जांच कराने का अनुरोध किया था। गैर-लाभकारी संस्था हिंदूएक्शन की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में थानेदार ने शिकायत की कि इन हमलों के जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही अब तक गिरफ्तारियां हुई हैं।

भ्रष्टाचार के आरोपों से पहले प्रधानमंत्री खुद आईना देखें : ममता

जलपाईगुड़ी, एजेंसी

- एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर करना चाहती है भाजपा

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस उसके साथ मिलकर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए करीब 300 केंद्रीय दलों को भेजा था लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अब प्रधानमंत्री मोदी को बंगाल की जनता को जवाब देना होगा कि मनरेगा की धनराशि का क्या हुआ? गरीब लोगों ने योजना के तहत काम किया लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया। बनर्जी ने कहा प्रधानमंत्री कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्ट पार्टी है। पहले उन्हें आईना देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े हैं। नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ था। उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि वह एनआरसी की आड़ में' आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को बाहर करने की योजना बना रही है। बनर्जी ने कहा कि हम बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। माकपा औ र कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में केवल तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा से लड़ रही है, जबकि अन्य दोनों विपक्षी दल उसके साथ काम कर रहे हैं। हम राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के साथ हैं, लेकिन देश को बचाने के लिए बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को जीतना होगा। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आ जाती है तो देश में चुनाव नहीं होंगे।

कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

आमिर के प्रवक्ता का दावा, राजनीतिक बयानबाजी से जुड़ा वीडियो फर्जी

नयी दिल्ली, एजेंसी

अभिनेता आमिर खान के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने 35 साल के कॅरियर में कभी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है और इस संबंध में सामने आया वीडियो फर्जी है। खान के प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में मुंबई पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

यह वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का उपयोग करके बनाया गया लगता है। 27 सैकंड की क्लिप में आमिर खान को कुछ कहते सुना जा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि आमिर खान ने कई वर्ष से निर्वाचन आयोग के जागरुकता अभियानों में भाग लिया है लेकिन कभी किसी राजनीतिक दल का प्रचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि आमिर खान ने अपने 35 साल के कॅरियर में कभी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कई वर्षों से निर्वाचन आयोग के जन जागरण अभियानों के माध्यम से जागरुकता लाने के प्रयास किए हैं। हम पिछले दिनों वायरल हुए एक वीडियो से चिंतित हैं जिसमें कथित रूप से दर्शाया गया है कि आमिर खान एक खास राजनीतिक दल का प्रचार कर रहे हैं। वह स्पष्ट करना चाहेंगे कि यह एक फर्जी वीडियो है और पूरी तरह असत्य है। उन्होंने इस मुद्दे से संबंधित अनेक अधिकारियों को अवगत करा दिया है और मुंबई पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। आमिर खान के प्रवक्ता के अनुसार उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मतदान करें और चुनाव प्रक्रिया में सक्रियता से हिस्सेदारी निभाएं।

पंजाब में चार और उम्मीदवारों को मैदान में उतारा

चंडीगढ़, एजेंसी

- आम आदमी पार्टी ने मौजूदा तीन विधायकों पर खेला दांव, एक दलबदलू पर जताया भरोसा

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पंजाब की चार और लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने तीन मौजूदा विधायकों और एक दलबदलू नेता को मैदान में उतारा है। इस घोषणा के साथ ही आप ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर (सुरक्षित) सीट से मैदान में उतारा गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। जालंधर (सुरक्षित) लोकसभा सीट से पार्टी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को उम्मीदवार बनाया है। वह कुछ दिन पहले ही आप में शामिल हुए थे। टीनू का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुशील रिंकू से होगा। शिअद ने अभी तक इस सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। दलित नेता टीनू 2012 और 2017 में जालंधर जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे हालांकि 2022 विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार सुखविंदर कोटली से हार का सामना करना पड़ा था। टीनू ने 2014 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। आप ने टीनू के अलावा पार्टी के तीन मौजूदा विधायकों को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है, जिनमें फिरोजपुर से जगदीप सिंह काका बराड़, गुरदासपुर से अमनशेर सिंह कलसी और लुधियाना लोकसभा क्षेत्र से अशोक पाराशर पप्पी शामिल हैं। बराड़, मुक्तसर से विधायक हैं। उन्होंने 2022 विधानसभा चुनाव में शिअद उम्मीदवार कंवलजीत सिंह को हराया था। हालांकि बराड़ ने 2017 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ना था। फिरोजपुर सीट से मौजूदा सांसद शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पहले ही लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर चुके हैं।

कांग्रेस, भाजपा और शिअद ने अभी तक फिरोजपुर लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। आप ने बटाला से विधायक कलसी पर विश्वास जताते हुए उन्हें गुरदासपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। गुरदासपुर लोकसभा सीट पर फिलहाल भाजपा सांसद सनी देओल का कब्जा है। कलसी 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अश्वनी सेखरी को हराकर बटाला से विधायक बने थे। कलसी का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार दिनेश बब्बू और शिअद के दलजीत सिंह चीमा से है।

कांग्रेस ने की आयरलैंड में भारत के राजदूत को बर्खास्त करने की मांग

● राजदूत द्वारा कांग्रेस की आलोचना करने पर जयराम रमेश ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत द्वारा एक स्थानीय दैनिक के संपादकीय का जवाब देते हुए कांग्रेस की आलोचना करने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक राजनयिक का सरेआम पार्टी सदस्य की तरह विपक्षी दलों पर हमला करना शर्मनाक व्यवहार है और उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

'द आइरिश टाइम्स' को दिए अपने जवाब में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उन पर निशाना साधा। अखबार में 11 अप्रैल को छपे संपादकीय को लेकर भेजे जवाब में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल भारत में बल्कि विश्वस्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता और कद हासिल है। यह नवीन, समावेशी शासन और सतत विकास पर त्रुटिहीन व्यक्तिगत चरित्र और ईमानदारी और विचारवान नेतृत्व के कारण है। राजदूत ने यह भी लिखा भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके तंत्र (भारत में एक ही वंशवादी पार्टी द्वारा 55 साल के शासन द्वारा निर्मित) के खिलाफ लड़ाई मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख कारक है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और (एक राजनयिक से) इसकी उम्मीद भी की जानी चाहिए, लेकिन एक पक्ष की तरह इस तरह से विपक्षी दलों पर खुलेआम हमला करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

राजधानी की घेराबंदी मामले में जांच आयोग ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को दी क्लीन चिट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक जांच आयोग ने एक कट्टरपंथी धार्मिक समूह के कार्यकर्ताओं द्वारा 2017 में राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में धरने को लेकर 'इंटर सर्विस इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को दोष मुक्त कर दिया है।

चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने 2017 में इस्लामाबाद की घेराबंदी की थी और फ्रांस में ईशनिंदा कार्टून के प्रकाशन के कारण फ्रांसीसी राजदूत के निष्कासन की मांग की थी। बाद में मौजूदा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज़ ईसा के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 2019 में एक फैसले में प्रदर्शन की जांच करने और अपराधियों की पहचान करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद जांच आयोग का गठन किया गया।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों और उनके शीर्ष अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए कहा कि प्रांतीय और संघीय सरकारों के तत्कालीन उच्च पदस्थ अधिकारियों में से किसी ने भी एजेंसियों या किसी अन्य अधिकारी पर टीएलपी प्रदर्शनकारियों की मदद करने का आरोप नहीं लगाया।

अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास गिरा हिमखंड, चंद्रा नदी का बहाव रुका

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने बजाई खतरे की घंटी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल के समीप हिमखंड गिरा है। हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए सिस्सू व आसपास आए पर्यटकों को आगाह किया है कि नदी के तट पर न जाएं। पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है, ताकि कोई भी पर्यटक अनजाने में नदी तट की ओर रुख न करे। लाउड स्पीकरों के माध्यम से कहा गया कि कभी भी नदी विकराल रूप धारण कर सकती है। नदी का जलस्तर सिस्सू की तरफ कभी भी बढ़ सकता है।

बता दें हिमपात से हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया कि मौसम की स्थिति देखते हुए ही वह घरों से बाहर निकलें। हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान लगाया है, अगले पखवाड़े में बारिश, तूफान, बर्फबारी और रुक-रुक कर शुष्क दौर की उम्मीद है। प्रदेश के मध्य और ऊंची पहाड़ियों में ठंड की स्थिति बनी हुई है, जो हाल की बर्फबारी से और बढ़ गई है।

शिमला के ठियोग में एंटी-हेल नेट से ढका सेब के बगीचा ● एजेंसी

राजधानी शहर का औसत तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जो वर्षा के साथ और भी गिर जाता है। आज चुनिंदा मध्य ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग निचले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। आगामी 17 अप्रैल को छोड़कर अगले पांच दिनों तक राज्य में नमी और बादल छाए रहने की संभावना है। बर्फ रुक-रुक कर गिर रही है, जिससे परिदृश्य एक प्राचीन सफेद परत में ढक गया है। ताजा बर्फ पहाड़ों में एक शांत सुंदरता लाती है, जो साहसी आत्माओं को शीतकालीन वंडरलैंड का पता लगाने के लिए लुभाती है। ऊंचे इलाकों में कभी-कभार हिमपात के अलावा, निचले इलाकों में ताजा बारिश की बौछारें हो रही हैं। बारिश एक स्वागत योग्य राहत है, जो वनस्पतियों और जीवों को पुनर्जीवित करती है और घाटियों में जीवन लाती है। बारिश और बर्फ का यह मिश्रण सड़क पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकता है, इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

एक नजर

इंडोनेशिया में मलबे से निकाले शव भूस्खलन में अब तक 20 की मौत

ताना तोराजा (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर बचावकर्मियों द्वारा तीन वर्षीय एक बच्ची एवं उसकी मां के शवों को निकाले जाने के साथ ही भूस्खलन में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 20 हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि घटनास्थल पर खड़ी चट्टानों के कारण भारी उपकरण नहीं ले जाये जा सके। ऐसे में बचावकर्मियों ने छोटे औजारों की मदद से ही मिट्टी हटाई। इस बचाव एवं तलाश कार्य में कम से कम 20 बचाव कर्मियों/अधिकारियों एवं दर्जनों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि शनिवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत में ताना तोराजा जिले के दक्षिण मकाले गांव में मूसलाधार वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और चार मकान मलबे के नीचे दब गए।

संरा ने सूडान में जारी हिंसा को समाप्त करने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में लंबे समय से जारी हिंसा को समाप्त करने की अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मांग की है। नरसंहार रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार ऐलिस नडेरिटु ने यहां जारी बयान में सूडान में जारी संघर्ष को पूरा एक साल हो गया है। इस दौरान यहां के लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समय भयावह रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सूडान में संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष में भयावह मानवीय संकट गहरा रहा है।

जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिये बढ़ाई उड़ानों की संख्या

अम्मान। जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया। आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगरी ने कहा कि उनके सैन्य बलों ने ईरान की ओर से दागे गए 99 प्रतिशत सभी ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोक दिया।

अपराध की श्रेणी में आएगा बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना

लंदन। ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। कानून में प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार अगर डीपफेक सामग्री व्यापक रूप से फैल जाती है तो दोषियों को जेल भेजा जा सकता है।

आधुनिक युग में विकसित देशों से कदमताल मिला रहा भारत : क्रूस

हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ भारत का सहयोग मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी खुफिया अधिकारी बोले- भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कदम

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा कि वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है।

क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है।

सुरक्षा परिषद को पुनर्गठन की आवश्यकता : भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने एक पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो आज के संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाए। साथ ही भारत ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य शक्तिशाली यूएनएससी में स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग करता रहा है। साथ ही यह 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने की मांग करने में सबसे आगे रहा है।

अमेरिका में भारतीय विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश जारी : गुरदीप

● 2024 में तीन गुना बढ़ी है भारतीय विद्यार्थियों की संख्या

● विद्यार्थियों को सतर्क रहने की जरुरत

वाशिंगटन। अमेरिका भारत से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल प्रदान करने की अपनी कोशिश जारी रखे हुए है। एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद ने इस वर्ष भारतीय मूल के या भारत से आने वाले 11 विद्यार्थियों की मौत की खबरों के बीच सोमवार को यह बात कही। अमेरिका में भारतीयों पर हमले की घटनाओं ने भारतीय समुदाय और भारत में रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में हुई इन मौतों के पीछे हमलावरों के मकसद का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और भारतीय राजनयिक मिशनों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें छात्र संघों के साथ संपर्क करने और विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराना शामिल है। वर्जीनिया के जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिविजनल डीन गुरदीप सिंह ने बताया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस वर्ष ऐसी घटनाएं हुईं और इतनी तादाद में हुईं।

बिशप व पादरी पर हमले को आतंकवादी कृत्य मान रही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस

गिरजाघर पर चाकूबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने बढ़ाई चौकसी। ● एजेंसी

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किए गए हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया। किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं।

दीदार-ए-ताज

दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों और भारत के एकमात्र अजूबे में शुमार ताज का दीदार पूरी दुनिया करना चाहती है इसीलिए आगरा में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मंगलवार को बॉलीबुड अभिनेत्री माहिरा शर्मा ने भी ताजमहल का दीदार किया। ● एजेंसी

समझौते की शर्तों को हमास ने किया खारिज

गाजा, एजेंसी

● युद्धविराम पर कोई समझौता नहीं चाहता सिनवार, कहा- अमेरिकी प्रस्तावों के बाद भी पीड़ित होते रहेंगे गाजावासी

फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है।

रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजराइल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इजराइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

इजरायल के खिलाफ ईरान की प्रतिक्रिया होगी और तेज

अंकारा। तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहजादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है लेकिन इजराइल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था।

इजराइल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

ब्रिटेन के प्रार्थना प्रतिबंध पर भारतीय मूल की प्रधानाचार्या को मिली जीत

लंदन। अक्सर ब्रिटेन की सबसे सख्त प्रधानाध्यापिका बताई जाने वाली भारतीय मूल की एक स्कूल प्रधानाचार्या ने मंगलवार को ब्रिटेन के उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें उनके द्वारा प्रार्थना पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया।

प्रार्थना को भेदभावपूर्ण बताते हुए एक मुस्लिम छात्र ने इसे कानूनी रूप से चुनौती देने की मांग की थी। उसके बाद प्रधानाचार्या ने प्रार्थना पर रोक लगा दी थी। भारतीय-गुयाना मूल की कैथरीन बीरबलसिंह ने बताया था कि वेम्बली में लड़कों और लड़कियों के लिए एक धर्मनिरपेक्ष माध्यमिक विद्यालय- मिशेला स्कूल ने समावेशी माहौल को बढ़ावा देने के लोकाचार के अनुरूप धार्मिक प्रार्थनाओं की अनुमति नहीं दी गई। स्कूल में आधे छात्र मुस्लिम हैं और बड़ी संख्या में सिख, हिंदू और ईसाई छात्र भी हैं। बीरबलसिंह ने बताया जैसा कि शासी निकाय को ज्ञात है, स्कूल विभिन्न कारणों से विद्यार्थियों के उपयोग के लिए प्रार्थना कक्ष उपलब्ध नहीं कराता है।

परमाणु संयंत्र पर हमले को लेकर आईएईए ने दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● मारियानो ग्रॉसी बोले- बढ़ रहा है रेडियोलॉजिकल हादसों का जोखिम, तुरंत बंद हो हमले

रूस और यूक्रेन ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसने दुनिया को खतरनाक रूप से परमाणु हादसे के करीब पहुंचा दिया है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि उनकी एजेंसी ने 7 अप्रैल से जापोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ तीन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि ये लापरवाह हमले तुरंत बंद होने चाहिए। हालांकि, सौभाग्य से, इस बार उनके कारण कोई रेडियोलॉजिकल हादसा नहीं हुआ है, लेकिन इससे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं जहां परमाणु सुरक्षा से पहले ही समझौता किया जा चुका है।

ग्रॉसी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संयंत्र पर हमला करने वाले ड्रोन की रिमोट-नियंत्रित प्रकृति का मतलब है कि यह निश्चित रूप से पता लगाना असंभव है कि उन्हें किसने संचालित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ कहने के लिए हमारे पास सबूत होना चाहिए।

खतरे का अंदेशा

आने वाले दिनों में भू चुम्बकीय सौर तूफान पृथ्वी के ध्रुवों तक पहुचने की आशंका

जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य

अमृत विचार, नैनीताल

वर्तमान सौर चक्र आसमान छूने में लगा है। जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में सूर्य रोजाना आग उगल रहा है। आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट होने की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिनसे निकलने वाले सौर चुम्बकीय तूफानों का असर धरती के वातावरण तक असर डालेंगे।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सौर गतिविधि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। सूर्य की सतह पर जटिल चुंबकीय क्षेत्र वाले कई सनस्पॉट समूह बने हुए हैं। सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में पूर्वी सौर हिस्से में उभरते हुए सनस्पॉट समूह अधिक सक्रिय हैं । इन सन स्पॉट समूहों से बड़े भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान सूर्य ने आधा दर्जन एम-श्रेणी की सौर ज्वालाएँ उत्पन्न की हैं। यह स्पॉट सूर्य के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित हैं। एक बड़ा सन स्पॉट संख्या ए आर 3639 लगातार अपना आकार बड़ा रहा है, जो कुछ दिनों के अंतराल में लाखों किमी फैलकर चौगुना हो गया है। अब इसकी दिशा पृथ्वी के सामने की ओर बढ़ रही है। इसमें जियोइफेक्टिव सोलर फ्लेयर्स (ज्वाला) की संभावना है। इन दिनों सूर्य की सतह सन स्पॉट से भरी हुई है। इस सौर चक्र में अभी तक हजारों विस्फोट हो चुके हैं। इनसे निकलने वाले सौर तूफानों का असर पृथ्वी के ध्रुवों तक नजर आया है। जिनमें सभी सबसे बड़ी ज्वाला एक्स श्रेणी की कई बार निकल चुकी हैं। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिकों की नजरें इन पर लगी हुई हैं।

सूर्य की सतह पर उभरे सन स्पॉट।

रिकॉर्ड तोड़ विस्फोटों की झड़ी लगी है सूर्य पर

डा वहाब उद्दीन के अनुसार सूर्य का यह दौर अत्यधिक सक्रियता से गुजर रहा है, जो 2025 तक बना रह सकता है। इस दौर में वैज्ञानिकों की अपेक्षा से कहीं अधिक विस्फोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में भी सौर सक्रियता का दौर जारी रहेगा। जिनसे हमारे सैटेलाइट, पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा हवाई सेवाओं व मोबाइल नेटवर्क में भी असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

वृन्दावन में 70 मंजिला मंदिर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वाशिंगटन, एजेंसी

● आठ करोड़ डॉलर की लागत से बन रहा है वृन्दावन हेरिटेज टॉवर

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा कि जब वे भारत आयेंगे तो निःसंदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें।